TNF TODAY
# टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday | tnftoday
www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition
‘अपने घर तिरंगा लाएं और सम्मान के साथ फहराएं’... (पेज-3)
पृष्ठ- 10 | वर्ष-01 अंक-43 | मूल्य ₹7 | बुधवार | दिनांक- 12.08.2026

## यूपीः स्कूल-कॉलेजों में पहुंचेंगे भाजपा के युवा नेता

### जेन-जी की समस्याओं को समझने की होगी कोशिश

एजेंसी, लखनऊ।

चुनावी साल में सरकार से नाराज जेन-जी यानि युवा शक्ति को साधन के लिए प्रदेश भाजपा भी जमीनी स्तर पर उतरकर काम करने की रणनीति अपनाएगी। खासतौर पर नई युवा पीढ़ी के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए भाजपा की युवा टोली स्कूल-कॉलेजों तक पहुंचकर युवाओं से सीधा संवाद करेगी। इसमें भाजयुमो के पदाधिकारियों और जिला स्तरीय टीम की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। हालांकि यह अभियान प्रदेश के मुख्य संगठन और भाजयुमो की प्रदेश संगठन के गठन के बाद शुरू होगी।

सूत्रों के मुताबिक इस अभियान के तहत विधानसभावार 10-10 युवाओं की टीमें तैयार की जाएंगी। युवा टोली का मुख्य फोकस कॉलेज और स्कूलों में पढ़ने वाले युवाओं के बीच पहुंच बनाने पर रहेगा। टीम के सदस्य युवाओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं, अपेक्षाओं और सरकार को लेकर उनकी राय जानेंगे। इसके साथ ही सरकार की ओर से युवाओं के लिए शुरू की गई विभिन्न योजनाओं, रोजगार से जुड़े कार्यक्रमों, शिक्षा और कौशल विकास की योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, युवा मोर्चा की इन टीमों को सिर्फ सरकार की उपलब्धियां बताने तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि विपक्ष की ओर से सरकार के खिलाफ किए जा रहे प्रचार का जवाब देने की जिम्मेदारी भी दी जाएगी। युवाओं के बीच सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से पहुंच रहे संदेशों को ध्यान में रखते हुए भाजपा की युवा टोली तथ्यों के आधार पर अपना पक्ष रखने का प्रयास करेगी। भाजपा की रणनीति का एक अहम हिस्सा सीधे संवाद को बनाया गया है। पार्टी मानती है कि जेन-जी का बड़ा हिस्सा सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सक्रिय है और पारंपरिक राजनीतिक संवाद के बजाय वह सवालों के सीधे जवाब चाहती है।

## आधी रात नगर में ‘ओजस्वी’ दौरा, कायम कराया निगम का ‘राज’

- गंदगी मिलने पर चार दुकानदारों पर पांच-पांच हजार का जुर्माना
- अगली बार दुकान के सामने गंदगी मिली तो दुकान होगी सील
- स्ट्रीट लाइटें बंद देख अवर अभियंता को तत्काल व्यवस्था सुधारने को कहा



जन्मभूमि क्षेत्र में सोमवार की रात निरीक्षण करते नगर आयुक्त ओजस्वी राज।

टीएनएफ टुडे, मथुरा।

ये नौकरी नहीं, तीर्थनगरी में एक सेवा है। एक अफसर की तरह नौकरी करते तो न तड़के नगर का हाल देखने की जरूरत समझते और न रात में। सरकारी सेवा के प्रति समर्पण और तीर्थनगरी में सेवा करने को परम सौभाग्य मानने वाले नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने सोमवार की आधी रात नगर भ्रमण कर फिर चौंका दिया। अपने इस ‘ओजस्वी’ दौरा से गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों पर निगम का ‘राज’ कायम किया। तो रात में सड़कें अंधेरी देख अपने मातहत को आगाह कर दिया। समूचा नगर निगम अमला तो अपनी ड्यूटी के प्रति चौकन्ना हो गया है।

मथुरा में तैनाती के पहले दिन से ही अपनी उत्कृष्ट और सक्रिय कार्यशैली से व्यवस्था सुधार की नई उम्मीद जगाने वाले नगर आयुक्त ओजस्वी राज इससे पहले तड़के घूमकर शहर का हाल ले चुके हैं। दफ्तर में आई पेयजल समस्या को गंभीर मान मौके पर जाकर समाधान का रास्ता दिखा चुके हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आने वाली है। देश-दुनिया से श्रद्धालु आएंगे। उनकी मूलभूत सुविधा में कोई कमी न रह जाए। जन्मभूमि के आसपास विशेष स्वच्छता रहे, इसको परखने के लिए नगर आयुक्त सोमवार रात करीब 12 बजे अचानक श्रीकृष्ण जन्मभूमि क्षेत्र में पहुंच गए। पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान दुकानों के सामने कूड़ा-कचरा और प्लास्टिक मिलने पर चार दुकानदारों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। साथ ही दोबारा गंदगी मिलने पर दुकान सील करने की चेतावनी दी गई। श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मुख्य द्वार से गेट नंबर-1 होते हुए गेट नंबर-2 और पोतरा कुंड के आसपास के क्षेत्र में उन्होंने सड़क, सफाई, स्ट्रीट लाइट और अन्य नागरिक सुविधाओं की स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान कुछ स्ट्रीट लाइटें बंद मिलीं। एक स्थान पर पोल पर लाइट भी नहीं लगी थी। नगर आयुक्त ने मौके पर स्थिति का फोटो लिया और संबंधित अवर अभियंता को तत्काल व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना

झारखंड जेएसएससी जेई पेपर लीक केस

## परीक्षा एजेंसी के मैनेजर समेत छह आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी, रांची।

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा तीन जुलाई 2022 को आयोजित जूनियर इंजीनियर नियुक्ति परीक्षा के पेपर लीक मामले में एसआईटी को बड़ी सफलता मिली है। दिल्ली स्थित बायनसिस टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड की परीक्षा एजेंसी के मैनेजर कृष्ण कुमार और पूर्व अभ्यर्थियों रंजीत मंडल, दीपक कुमार, अभिषेक कुमार तथा दीपक श्रीवास्तव को जेपीसीसी 2022 पेपर लीक मामले में कथित संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### पेपर लीक के पूरे नेटवर्क की पड़ताल जारी

सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं, इसी मामले में फरार चल रहे एजेंसी के निदेशक सह मैनेजर अरुण कुमार को भी मुंबई से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अब उससे पूछताछ कर पेपर लीक के पूरे नेटवर्क और इसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका का पता लगाने में जुटी है।

### परीक्षा में शामिल एजेंसी की भूमिका भी जांच के दायरे में आई

गौरतलब है कि यह परीक्षा 1279 पदों पर नियुक्ति के लिए आयोजित की गई थी। परीक्षा शुरू होने से पहले ही प्रश्नपत्र और उसके उत्तर के बाजार में पहुंचने के आरोप सामने आए थे। जांच में यह भी सामने आया कि परीक्षा से पहले कथित तौर पर प्रश्नों के उत्तर लिखे हुए उपलब्ध कराए गए थे, जिन्हें अभ्यर्थियों तक पहुंचाया गया। मामले की जांच आगे बढ़ने के साथ परीक्षा संचालन में शामिल एजेंसी की भूमिका भी जांच के दायरे में आई। एसआईटी को जांच के दौरान एजेंसी की कथित मिलीभगत से जुड़े महत्वपूर्ण साक्ष्य मिलने के बाद उसके निदेशक अरुण कुमार तक पहुंचने में सफलता मिली। इस मामले में इससे पहले भी पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद चुनावी मैदान में पूरी ताकत, नये नारे के साथ उतरे

## ‘इस बार वोट हाथी को, अपने पुराने साथी को’

एजेंसी, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में जो लोग बहुजन समाज पार्टी (बसपा) को हल्के में लेकर चल रहे थे, उन्हें अब अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है। बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद चुनावी मैदान में पूरी ताकत के साथ उतर चुके हैं और उनकी सभाओं में उमड़ रही भीड़, खासकर युवाओं की मौजूदगी, पार्टी के लिए नई उम्मीद पैदा कर रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी आकाश आनंद ने बसपा की रैलियों में बड़ी भीड़ आकर्षित की थी, हालांकि इसका चुनावी परिणाम पार्टी के लिए शून्य रहा। लेकिन लोकसभा और विधानसभा चुनावों के मुद्दे अलग होते हैं और इसी अंतर को समझते हुए आकाश आनंद इस बार बसपा के लिए जमीन तैयार करने में जुटे हैं।

हम आपको बता दें कि सोमवार को हाथरस के सादाबाद विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी अविन शर्मा के समर्थन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में आकाश आनंद ने योगी आदित्यनाथ सरकार पर रोजगार, शिक्षा और कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से पिछले दस वर्षों के कामकाज का हिसाब मांगा जाना चाहिए। आनंद का आरोप था कि सरकार ने अपनी कमियों को छिपाने के लिए पिछले एक दशक में विज्ञापनों पर 7,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए। युवाओं के मुद्दे को केंद्र में रखते हुए उन्होंने दावा किया कि राज्य में चार लाख से अधिक सरकारी पद खाली पड़े हैं और कई प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं हुई हैं। उनका कहना था कि यदि विज्ञापन पर खर्च होने वाली रकम का इस्तेमाल परीक्षाओं और रोजगार के लिए किया जाता तो बड़ी संख्या में युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल सकती थीं। आनंद ने रोजगार के सरकारी आंकड़ों पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि सप्ताह में एक दिन नाश्ता बेचने या सड़क किनारे ठेला लगाने वाले व्यक्ति को भी रोजगार के आंकड़ों में शामिल कर दिया जाता है।

शिक्षा व्यवस्था पर हमला बोलते हुए आनंद ने दावा किया कि प्रदेश में 25 हजार से अधिक सरकारी स्कूल बंद किए गए हैं। उन्होंने झांसी मेडिकल कॉलेज में शिशुओं की मौत का भी जिक्र किया और सरकार से शिक्षा तथा स्वास्थ्य व्यवस्था पर जवाब मांगा। विकास परियोजनाओं की गुणवत्ता पर भी उन्होंने सवाल उठाए। उन्होंने लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि उद्घाटन के एक महीने के भीतर ही उसके कुछ हिस्सों में सड़क धंसने लगी। साथ ही उन्होंने मायावती सरकार के कार्यकाल में बने यमुना एक्सप्रेसवे को भी उदाहरण के तौर पर सामने रखा। कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर आनंद ने अपराध और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार को घेरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ‘एनकाउंटर स्पेशलिस्ट’ वाली छवि पर भी उन्होंने तंज कसा और पूछा कि सरकार के दावों के बावजूद अपराध तथा महिला सुरक्षा की वास्तविक स्थिति क्या है।

समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव भी उनके निशाने पर रहे। आनंद ने सपा के पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक फॉर्मूले पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि यह फॉर्मूला बदलता रहता है। उन्होंने अखिलेश यादव और राहुल गांधी को ‘अंकल’ कहकर सभा में माहौल भी हल्का किया। अखिलेश को लेकर उन्होंने कहा कि वह 30 साल के हैं जबकि अखिलेश 50 के, इसलिए उन्हें ‘भैया’ नहीं बल्कि ‘अंकल’ कहना स्वाभाविक है।

## राम मंदिर ट्रस्ट ने फुल-टाइम सीईओ के चयन के लिए शुरू किए इंटरव्यू, 5200 आवेदनों में से 18 शॉर्टलिस्ट

**लखनऊ।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंदिर के संचालन और प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए अपने पहले फुल-टाइम चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मंगलवार को एक हाई-पावर पैनल ने इस पद के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए 18 उम्मीदवारों का इंटरव्यू शुरू किया। देशभर से करीब 5,200 आवेदन प्राप्त हुए थे-

ट्रस्ट के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, उएड पद के लिए देशभर से करीब 5,200 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से चयन प्रक्रिया के बाद 18 उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। सभी उम्मीदवार सोमवार देर रात अयोध्या पहुंच गए थे। ट्रस्ट की ओर से दी गई व्यवस्था के अनुसार, उम्मीदवारों के ठहरने का इंतजाम मंदिर नगरी में अलग-अलग स्थानों पर किया गया है। अधिकारी के अनुसार, इंटरव्यू लेने के लिए गठित हाई-पावर पैनल उम्मीदवारों की प्रशासनिक क्षमता, प्रबंधन अनुभव और जिम्मेदारियों को संभालने की योग्यता का आकलन कर रहा है। उएड की नियुक्ति के बाद ट्रस्ट के कामकाज को अधिक व्यवस्थित और पेशेवर तरीके से संचालित करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

## शराब माफिया पर कसा पुलिस का शिकंजा

### भूसे के नीचे छिपाकर रखी 415 पेटी शराब बरामद

- 10 चक्का ट्रक समेत दो आरोपी मौके से गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे, आगरा।



शराब तस्करों ने पुलिस को चकमा देने के लिए फिल्मी अंदाज अपनाया, लेकिन ट्रांस यमुना पुलिस की सतर्कता के आगे उनकी पूरी योजना धरी रह गई। पुष्पा स्टाइल में 10 चक्का ट्रक में भूसे के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही करीब 45 लाख रुपये कीमत की 415 पेटी शराब पुलिस ने बरामद की है। पुलिस ने मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों ट्रक के चालक और क्लीनर बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, शराब की बड़ी खेप को ट्रक में इस तरह छिपाया गया था कि पहली नजर में उसमें केवल भूसा ही नजर आए। तस्करों ने शराब की पेटियों को भूसे की मोटी परत के नीचे रख दिया था, ताकि चेकिंग के दौरान पुलिस को इसकी भनक न लग सके। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने इलाके में घेराबंदी कर संदिग्ध 10 चक्का ट्रक को रोक लिया। ट्रक की तलाशी लेने पर पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। भूसा हटाते ही उसके नीचे शराब की पेटियां दिखाई देने लगीं। पुलिस ने ट्रक से कुल 415 पेटी शराब बरामद की, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 45 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने शराब और ट्रक को कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नानू राम और नानक राम के रूप में हुई है। दोनों ट्रक के चालक और क्लीनर बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, जिस ट्रक में शराब ले जाई जा रही थी, वह किराए पर लिया गया था और मध्य प्रदेश का बताया जा रहा है। मामले में ट्रक मालिक और मैनेजर दीपक की भूमिका भी सामने आई है। पुलिस अब उनकी तलाश में जुटी है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि शराब की खेप कहां से लाई गई थी और इसे आगरा के रास्ते कहां पहुंचाया जाना था। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इससे पहले कितनी बार शराब की खेप एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाई गई।

## योगी सरकार की नई पहल, आगरा के किसान अब उगाएंगे कीमती मोती

- किसानों की आय दोगुनी करने के लिए मत्स्य विभाग ने शुरू की 'मोती संवर्धन योजना'
- सीप से मोती उत्पादन की इकाई लगाने पर सरकार दे रही 40 प्रतिशत का भारी अनुदान
- कम जगह और छोटे तालाबों में मछली पालन के साथ भी की जा सकेगी इसकी खेती

टीएनएफ टुडे, आगरा।

उत्तर प्रदेश में किसानों की आय को दोगुना करने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार लगातार नई और व्यावसायिक राहें खोल रही है। इसी कड़ी में यूपी मत्स्य विभाग ने एक अभिनव 'मोती संवर्धन योजना' की शुरूआत की है। इस योजना का लाभ उठाकर अब प्रदेश के किसान केवल गेहूं- धान जैसी पारंपरिक फसलों तक सीमित न रहकर मीठे पानी में सीप के जरिए कीमती मोती का उत्पादन कर सकेंगे। गंगा और यमुना नदियों के वरदान स्वरूप उत्तर प्रदेश में मीठे पानी की सीप प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, जो मोती उत्पादन के लिए सबसे उपयुक्त है। इस योजना की सबसे बड़ी खासियत इसका कम जगह में अधिक लाभदायक होना है। जिन किसानों के पास खेत तालाब योजना के तहत निर्मित 440 वर्ग मीटर का छोटा तालाब है, वे भी 1.50 लाख रुपये की लागत से 2000 सीप डालकर इसे शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा 0.5 से 1 एकड़ तक के कच्चे तालाबों (लागत 3.50 लाख) और 1 एकड़ से अधिक के तालाबों (लागत 10.00 लाख) के लिए भी योजना के तहत प्रावधान हैं।



### कम जगह और लागत में दोगुना मुनाफा

सीप के अंदर ग्राफ्टिंग तकनीक से न्यूक्लियस डालकर मोती तैयार होने में लगभग 12 से 18 महीने का समय लगता है। सबसे अच्छी बात यह है कि किसान इसे अपने मौजूदा मछली पालन व्यवसाय के साथ आसानी से जोड़ सकते हैं। यानी एक ही तालाब से मछली और मोती दोनों का उत्पादन कर आमदनी को कई गुना बढ़ाया जा सकता है।

### सरकार दे रही 40 प्रतिशत का भारी अनुदान

चूंकि किसी भी नए व्यवसाय की शुरूआत बिना आर्थिक मदद के मुश्किल होती है, इसलिए योगी सरकार ने इस प्रोजेक्ट की कुल लागत पर भारी सब्सिडी की व्यवस्था की है। योजना के तहत इकाई स्थापित करने के लिए सरकार की ओर से 40 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सरकार ने प्रथम चरण में 300 लाख रुपये का प्रावधान किया है।

"प्रदेश सरकार की स्पष्ट मंशा है कि किसान आधुनिक और व्यावसायिक खेती से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करें। 'मोती संवर्धन योजना' इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। आगरा में योजना के लिए विभाग को दो आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। हम किसानों को सिर्फ अनुदान ही नहीं दे रहे हैं, बल्कि उन्हें सीप के रखरखाव और ग्राफ्टिंग का वैज्ञानिक प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहे हैं ताकि उन्हें कोई नुकसान न हो। विभाग तकनीकी मार्गदर्शन के लिए किसानों के साथ है।"

- प्रीति मौर्य, सहायक निदेशक, मत्स्य विभाग

## दीक्षा के कंधे पर लगे पुलिस के दो सितारे, पिता का चमका ‘प्रताप’

### एक बेटी सीआइएसएफ में तैनात तो एक बेटी एनडीए की तैयारी में लीन

गजेंद्र लोधी, टीएनएफ टुडे

- बड़ी बेटी भी बड़ी सफलता के लिए कर रही परीक्षा की तैयारी
- एक अन्य बेटी और बेटा भी शिक्षारत, देख रहे बड़े सपने

**अछनेरा।** जरूरी नहीं रोशन चिराग ही करे, बेटियां भी तो उजाला करती हैं। कस्बे के निवासी प्रताप सिंह के परिवार का प्रताप भी उनकी बेटियां चमका रही हैं। पांच में से दूसरे नंबर की बेटी दीक्षा जब यूपी पुलिस में उपनिरीक्षक पद पर चयनित हुई तो परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कस्बे में भी हर्ष की लहर दौड़ गई।

कस्बा के वार्ड नंबर दो निवासी प्रताप सिंह सामान्य परिवार से हैं। कस्बे में ही फुटवियर की दुकान चलाते हैं। जबकि मां जमुना देवी गृहिणी हैं। पांच बेटियों और एक बेटा का परिवार है। बाजार में अपनी अलग पहचान बनाने वाले प्रताप सिंह ने अपने बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता दी। बच्चे भी उनके सपनों को साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उनकी बड़ी बेटी बड़े सपने साकार करने को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। दूसरे नंबर की बेटी दीक्षा का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक पद पर हो गया है।



दीक्षा के चयन पर लोगों ने घर पहुंचकर बधाई दी। सभासद रामनरेश इंदौलिया, श्यामहरी शर्मा और हरिओम सिंह समेत अन्य लोगों ने दीक्षा को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि दीक्षा ने परिवार के साथ कस्बे का भी नाम रोशन किया है। दीक्षा के सम्मान के दौरान मनोज कुमार, करन सिंह, प्रवेंद्र प्रताप, नरेंद्र सिंह, सोमेद्र वरुण और अभिनव वरुण मौजूद रहे।

प्रताप सिंह के परिवार का प्रताप सिर्फ दीक्षा के चयन तक सीमित नहीं है। दीक्षा की छोटी बहन ज्योति मध्यप्रदेश के नीमच में सीआईएसएफ में तैनात हैं। तीसरी बहन सौम्या ने वर्ष 2024 की यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में जिले की टॉप टेन सूची में स्थान हासिल किया था। सौम्या की उपलब्धि पर रतन सिंह इंटर कॉलेज के प्रबंधक राजवीर इंदौलिया ने उसे एक्टिवा भेंट की थी।

अब सौम्या भी सेना में जाकर देशसेवा करना चाहती हैं। प्रताप सिंह ने बताया कि उन्होंने बेटियों की शिक्षा को हमेशा प्राथमिकता दी। बेटियों की मेहनत और उपलब्धियों पर उन्हें गर्व है। सबसे छोटी संजना और बेटा अभिनव कक्षा 11 में पढ़ रहा है।

# केबिल में फाल्ट से लगा करंट, युवक की मौत

## छत पर ब्रश करते समय हुआ हादसा, परिवार में मचा कोहराम

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

घर की छत पर मंगलवार की सुबह ब्रश करते समय पास ही बिजली की केबिल में फाल्ट हो गया। फाल्ट वाली केबिल के संपर्क में आने से युवक को जोरदार करंट लगा और वह छत से नीचे जा गिरा। कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार उपेंद्र (28) पुत्र पप्पू निवासी गढ़ी सावराय थाना फतेहाबाद मंगलवार सुबह करीब 6 बजे अपने निर्माणाधीन मकान की छत पर खड़ा ब्रश कर रहा था। तभी चाचा के घर पर आने वाली विद्युत केबिल में अचानक फाल्ट हो गया। केबिल का तार 11000 लाइन के संपर्क में आने से उपेंद्र को जोरदार झटका लगा और वह छत से नीचे पक्के खड़ंजे पर सिर के बल जा गिरा। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। परिजन तत्काल उसे अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया।



**आगरा-फतेहाबाद मार्ग पर जाम लगाने की कोशिश**

शव के आने की सूचना पर गांव के लोगों ने फतेहाबाद-आगरा मार्ग पर पारस डेरी मोड़ के पास जाम लगाने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को बमुश्किल समझाया और जाम नहीं लगने दिया।

**अंतिम संस्कार में जाने से रोकाः सपा**

अंतिम संस्कार में जाने से रोकने का आरोप समाजवादी पार्टी की नेत्री रूपाली दीक्षित ने पुलिस पर लगाया है। उन्होंने कहा कि मैं पीड़ित परिवार से मिली परिवार ने कहा कि पुलिस हमारी तहरीर नहीं ले रही है। मैं उनके साथ तहरीर लेकर थाने जा रही थी तो पुलिस ने परिजनों को अपने साथ गांव ले गए तथा मुझे रास्ते में जबरन रोक दिया। ऐसी घटनाओं में राजनीति नहीं होनी चाहिए। पुलिस ने जो किया, वह गलत किया। मैं हमेशा पीड़ित परिवार के साथ हूं।





फाइल फोटो मृतक उपेंद्र

**बिजली विभाग ने मान ली मांगें**

एसीपी फतेहाबाद इमरान अहमद ने बताया कि करंट लगने से युवक की मौत हुई है। परिजन बिजली विभाग आर्थिक मुआवजा, परिवार में एक ही नौकरी की मांग कर रहे थे। विद्युत विभाग ने दोनों ही मांगे मान ली है। शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

### परिवार को जिसने भी देखा, रो दिया

मृतक उपेंद्र मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसकी पत्नी शिवानी का रो-रोकर बुरा हाल है। ढाई वर्षीय बेटा दिव्यांश और 9 माह की बेटी मायरा को नहीं पता कि उनके सिर से पिता का साया उठ गया है। वहीं, उपेंद्र के पिता और मां सहित परिवार के अन्य सदस्यों का भी रो-रोकर बुरा हाल है।

### बिजली विभाग ने मांगों को स्वीकार किया

दोपहर 1 बजे करीब बड़ी संख्या में ग्रामीण और क्षेत्रीय विधायक छोटेलाल वर्मा थाने पर पहुंचे। उन्होंने विद्युत अधिकारियों को मौके पर बुलाकर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता तथा मृतक के भाई को संविदा पर नौकरी देने की मांग की। अधिशासी अभियंता तृतीय फतेहाबाद शैलेंद्र कटियार ने मांगों को स्वीकार कर लिया। सपा नेत्री रूपाली दीक्षित व महेश सिसौदिया भी जानकारी पर गांव में पहुंचे। 3 बजे के करीब पोस्टमार्टम से शव गांव पहुंचा तो चीख पुकार मच गई। जानकारी पर एसीपी फतेहाबाद इमरान अहमद, डौकी पुलिस, थाना बमरौली कटारा पुलिस, व थाना बाह पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। परिजन ने हंगामा किया तो उन्हें समझा शांत कराया।

## महिला शिक्षक के बैग से रुपये चोरी

टीएनएफ टुडे, पिनाहट।

मध्यान्ह भोजन के रुपये निकालने बैंक गयी महिला शिक्षक के बैग से अज्ञात महिला ने पचास हजार रुपये चोरी कर लिए गये। जिसकी शिकायत थाने में की गयी है।

पिनाहट के गांव लोधी राजपूत स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात महिला शिक्षक रिचा सत्संगी ने थाना पिनाहट में तहरीर दी। मंगलवार को कस्बा स्थित यूको बैंक में विद्यालय में मध्यान्ह भोजन एमडीएम खाते से पचास हजार रुपए निकालने गयी थी। जहां रुपये निकालने के बाद रुपये बैग में रखकर एंट्री कराते समय अज्ञात महिला द्वारा बैग से पचास हजार रुपए चोरी कर लिए हैं। बैंक के कैमरे चैक करने पर दोपहर करीब 2 बजकर 56 मिनट पर एक अज्ञात महिला बैग की चैन खोलकर रुपये निकालती हुई दिखाई दे रही है। शिक्षिका की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# खेरागढ़ में छात्र संसद के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ





टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

श्री पूरन चंद रमेश चंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, खेरागढ़ में मंगलवार को छात्र संसद शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नव निर्वाचित छात्र सांसदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। समारोह में विद्यार्थियों ने अनुशासन, जिम्मेदारी और नेतृत्व का संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि अधिवक्ता नरेश चंद्र त्यागी ने छात्र सांसदों को शपथ दिलाते हुए कहा कि छात्र संसद विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता के साथ-साथ जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने छात्र सांसदों से विद्यालय और समाज के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया।

प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने नव निर्वाचित छात्र सांसदों को आशीर्वाद देते हुए उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के संबंध में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि सभी छात्र सांसद पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करते हुए विद्यालय की गरिमा बढ़ाने में योगदान दें।

छात्र संसद में प्रधानमंत्री पद पर अभिनव मित्तल, उपप्रधानमंत्री आयुष परमार, सेनापति देव गर्ग और उपसेनापति आदर्श मंगल ने शपथ ली। वहीं कन्या भारती में प्रधानमंत्री डॉली, उपप्रधानमंत्री काजल और सेनापति खुशी ने पद की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस दौरान विद्यालय के आचार्यगण एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# फतेहाबाद में निकली तिरंगा यात्रा

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

कस्बा फतेहाबाद में मंगलवार को भाजपाइयों ने तिरंगा यात्रा निकाली, कस्बावासियों ने तिरंगा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। मंडल फतेहाबाद नगर भाजपा की ओर से कस्बा में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ बाह रोड बाईपास रतन देवी स्कूल से पूर्व मंत्री रामसकल गुर्जर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे थे। जहां कस्बा वासियों ने जगह-जगह तिरंगा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वहीं तिरंगा यात्रा सदर बाजार, गांधी चौक, अंबेडकर चौक होते हुए बस स्टैंड पर समापन हुआ।

तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामसकल गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार सबको साथ लेकर चलने वाली है।

विधायक छोटेलाल वर्मा ने कहा कि हमारा देश 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ था। उसके उपलक्ष्य में यह तिरंगा यात्रा निकाली जाती है। इस अवसर पर पूर्व विधायक जितेंद्र वर्मा, महेंद्र वर्मा, राजू ठेकेदार, हीरा सिंह, आशा देवी चक, मंडल प्रभारी अंशुल राणा, मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता, नितिन गुप्ता पंछी, अवकेश गोलस, आलोक बछरवार, हरीसिंह कर्दम, विपुल लोहिया सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे।



## खेरागढ़ में तिरंगा यात्रा कल

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत खेरागढ़ क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति की लहर दिखाई देने लगी है। 17 अगस्त तक चलने वाले अभियान के क्रम में मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को राष्ट्रध्वज तिरंगा वितरित किया गया। हाथों में तिरंगा आते ही बच्चों के चेहरों पर देशप्रेम की चमक और उत्साह देखते ही बना। विद्यालयों में तिरंगा वितरण के दौरान बच्चों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति का जज्बा दिखाई दिया। हर हाथ में तिरंगा और हर चेहरे पर उत्साह ने माहौल को पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंग दिया। इसी क्रम में 13 अगस्त को प्रस्तावित भव्य तिरंगा यात्रा को लेकर नगर पंचायत चेयरमैन सुधीर गर्ग गुड्डू ने छात्र-छात्राओं, अध्यापकों और क्षेत्रवासियों को सहभागिता के लिए हार्दिक निमंत्रण दिया। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से तिरंगा यात्रा में शामिल होकर इसे भव्य और यादगार बनाने की अपील की। चेयरमैन सुधीर गर्ग गुड्डू ने कहा कि तिरंगा महज एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्र के प्रति सम्मान और एकता की भावना को मजबूत करने का अवसर है।



### सखियों ने लिया मायके का आनंद

# लोकगीतों और नृत्य से सजा 'हमारा मायका' कार्यक्रम



टीएनएफ टुडे, आगरा।

अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में मंगलवार को होटल पीएल पैलेस, संजय प्लेस में हमारा मायका कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कुसुम चतुर्वेदी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे एवं भगवान महर्षि परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत ममता पचौरी ने किया।


महासभा की अध्यक्ष डॉ. मधु भारद्वाज ने कहा कि सावन माह में हरियाली तीज और रक्षाबंधन के अवसर पर भारतीय नारी की परंपरा, प्रकृति प्रेम और मायके का विशेष महत्व होता है। इस दौरान पारिवारिक संबंध और अधिक मजबूत होते हैं। महिलाएं लोकगीत, मल्हार और कजरी के माध्यम से मायके की यादों और भावनाओं को अपनी सखियों के साथ साझा करती हैं। कार्यक्रम में महासभा की सदस्याओं ने कविता, मल्हार, कजरी और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। महिलाओं ने पारंपरिक गीतों के साथ सावन और मायके की यादों को जीवंत किया। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. कुसुम चतुर्वेदी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि हमारा मायका जैसे हरियाली तीज के कार्यक्रम महिलाओं को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ पारिवारिक एवं सामाजिक रिश्तों को मजबूती प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में डॉ. कुसुम चतुर्वेदी, रीता शर्मा, भावना वरदान शर्मा, कीर्ति चतुर्वेदी, प्रतिमा भार्गव, आकांक्षा शर्मा, दीप्ति भार्गव, नीलम शर्मा, ममता पचौरी, वंदना तिवारी, सुनीता झा, कल्पना शर्मा, विजया तिवारी, किरन शर्मा, आभा चतुर्वेदी, राजकुमारी पाराशर, पूजा भारद्वाज, अनीता गौतम, प्रभा तिवारी, सीमा पाण्डेय, ललिता जोशी, रश्मि जोशी, रेखा जोशी, अनीता शर्मा, अर्चना पाठक, रेखा तिवारी, आरती शर्मा, अनुपम चतुर्वेदी, अंजू शर्मा, रेखा पाठक, मधु शर्मा, मीनाक्षी दीक्षित, सांत्वना शर्मा, मोना लवानिया, भावना शर्मा, रेखा मिश्रा, अलका भार्गव, शशि तिवारी एवं डॉ. मधु भारद्वाज सहित अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन कल्पना शर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन आकांक्षा शर्मा ने किया।

# कोलकाता में भाई-बहन का धमाल, जीते स्वर्ण पदक

## सारस्वत और यशी को मिला रजत पदक, बधाइयों का तांता

टीएनएफ टुडे, बाह।

भारतीय कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में कोलकाता में 6 से 9 अगस्त तक आयोजित हुई नेशनल कराटे चैंपियनशिप में बाह के भाई-बहन ने अपने प्रतिद्वंदियों को मात देकर स्वर्ण पदक जीतकर बाह एवं आगरा जिले का नाम रोशन किया है। कोच विष्णु मिश्रा ने बताया कि बिक्रमपुर के अजय कुमार यादव की बेटी खुशी ने 17 वर्ष आयु एवं 47 किलो भार वर्ग में अरुणाचल की प्रतिद्विंदी को हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। जबकि उसके छोटे भाई कृष्ण कुमार ने 15 वर्ष आयु एवं 57 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। कोच ने बताया कि भाई-बहन ने अनुशासन, आत्मविश्वास, एकाग्रता और शारीरिक दक्षता के बूते पूरी प्रतियोगिता में अपने प्रतिद्विंदियों को संभलने तक का मौका नहीं दिया था। जरार के सारस्वत एवं जैतपुर की यशी ने रजत पदक पर संतोष किया। वहीं बाह की दीक्षा ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं पदक से चूके जरार के दुर्गेश ने दर्शकों का दिल जीत लिया। विष्णु मिश्रा ने बताया कि नेशनल चैंपियनशिप में प्रत्येक राज्य से 50 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिनमें 25 बालक एवं 25 बालिकाएं शामिल थी। उन्होंने बताया कि नेशनल चैंपियनशिप में विश्नु मार्शल आर्ट्स अकादमी के 5 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। आगरा जनपद और बाह का नाम रोशन करने वाले कराटे के स्वर्ण एवं रजत पदक विजेता बेटे-बेटियों की उपलब्धि पर खुशी का इजहार करते हुए बाह की विधायक पक्षालिका सिंह, पूर्व मंत्री अरिदमन सिंह ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में अरुण दुबे, मुकेश शर्मा, अनिल तोमर, कृपा नरायन शर्मा, हृदय नरायन शर्मा आदि रहे।





## वकीलों ने किया न्यायिक कार्य का बहिष्कार, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, भटकते रहे वादकारी

टीएनएफ टुडे, बाह।

चैंबर की समस्या से जूझ रहे बाह तहसील के अधिवक्ताओं ने संघर्ष की राह चुनी है। मंगलवार को चैंबर की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। इतना ही नहीं मांग के समर्थन में प्रदर्शन कर एसडीएम बाह विनोद कुमार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अधिवक्ताओं से वार्ता कर समस्या समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। अधिवक्ताओं राजेश यादव, राजकिशोर शर्मा, सुनील शुक्ला, मनोज पचौरी, संदीप राठौर, मुजक्किर हुसैन, चन्द्रेश यादव, सतेन्द्र सिंह तोमर, सर्वेश राठौर, मानवेन्द्र सिंह गुर्जर, लकी उपाध्याय आदि ने बताया कि चैंबर की पर्याप्त व्यवस्था न होने की वजह से अधिवक्ताओं को न्यायिक एवं विधिक कार्य के संचालन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चैंबर निर्माण एवं आवंटन किए जाने की आवाज बुलंद की। वकीलों की हड़ताल की वजह से मंगलवार को दिन भर वादकारी एवं किसान भटकने को मजबूर रहे।

### ट्रैक्टर ने रौंदे बाइक सवार

# हादसे में सास घायल, बहू की मौत

**एटा से जैतपुर लौटते समय नौरंगीघाट चौकी के पास हादसा**

टीएनएफ टुडे, बाह।

फरैरा-शिकोहाबाद मार्ग पर मंगलवार की दोपहर 2 बजे बाह की नौरंगीघाट चौकी के सामने ट्रैक्टर ने बाइक सवार रौंद दिए। जिससे रिजोर, एटा के भरतोली गांव की अफसाना (35) की दर्दनाक मौत हो गई। ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आने से उसकी सास नसीबन का एक हाथ टूट गया। जबकि मृतका का बेटा अरबाज घायल हो गया। मौके पर पहुंची बाह पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लिया है। रिजोर, एटा के भरतोली गांव की नसीबन ने बताया कि वह परिवार के साथ जैतपुर के तिलपुरा गांव के ईंट-भट्ठे पर काम करती है। सोमवार को बेटा सुकर अली की पत्नी की अफसाना, नाती अरबाज के साथ एटा गई थी। मंगलवार को वापस लौट रहे थे। तभी नौरंगीघाट पुल के पास ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे उसका हाथ टूट गया।

आंखों के सामने ही बहू अफसाना की मौत हो गई, नाती अरबाज घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने अरबाज को नसीबन को इलाज के लिए बाह सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां से नसीबन को हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कूड़ा उठाते समय सांप ने महिला को डंसा

बाह। घर की देहरी से कूड़ा उठाते समय महिला को सांप ने डस लिया। परिजनों ने सांप को पकड़ कर झोले में बंद कर लिया। अस्पताल में सांप को देखकर मरीज और तीमारदारों में अफरा तफरी मच गई। बाह के फरैरा गांव में मंगलवार की सुबह 8 बजे बलिराम की पत्नी सोना देवी अपने घर की सफाई कर रही थी। उन्होंने बताया कि देहरी पर रखे कूड़े को हाथों से उठा रही थी। तभी एक हाथ की अंगुली में सांप ने डस लिया। डसने के बाद सांप रेंगता हुआ घर के बाहर की ओर निकला। परिजनों ने सांप को पकड़ कर झोले में बंद कर लिया और सोना देवी के साथ सांप को भी लेकर बाह सीएचसी पर पहुंच गये। सीएचसी पर सांप को देखकर मरीज और तीमारदारों में अफरा तफरी मच गई। अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि सांप जहरीला नहीं था, फिर भी महिला को अस्पताल में चिकित्सीय देख रेख में रखा गया है।

## चौदहवीं बार अध्यक्ष बने रामनिवास शर्मा

बाह। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की बाह डिपो शाखा का मंगलवार को निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें रामनिवास शर्मा को लगातार चौदहवीं बार शाखा अध्यक्ष चुना गया। दिनेश यादव मंत्री एवं अजय कुमार कोषाध्यक्ष चुने गये। रोडवेज कर्मियों ने लगातार चौदहवीं बार शाखा अध्यक्ष चुने गये रामनिवास शर्मा की कर्मभक्ता की सराहना की। चुनाव क्षेत्रीय प्रतिनिधि प्रभंजन दुबे, चुनाव अधिकारी कुशलपाल, केपी सिंह की देख रेख में संपन्न हुआ। इस दौरान मोहित वेलिंगटन, रोहित रावत, दिलीप कुमार, राम सिंह, प्रताप सिंह, मुकेश कुमार, बलेश, सुदेश कुमार, राकेश कुमार बघेल, बादाम सिंह, राजपाल सिंह, महेश बघेल, सुरेश भदौरिया, रामवीर आरेला, हरिओम कटरा, नीरज कुमार, अनिल भदौरिया, जितेंद्र चौहान, कल्याण सिंह, विनय प्रताप, लोकेश शर्मा, घनश्याम शर्मा आदि मौजूद रहे।

## वन विभाग की जमीन पर कब्जा

बाह। बिठौली गांव में वन विभाग की जमीन पर कब्जा किए जाने एवं हरे पेड़ों के काटे जाने की शिकायत पर वन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे बाह के रेंजर अमित कुमार ने वन भूमि पर काम रुकवा दिया है। पेड़ काटे जाने की शिकायत की पुष्टि नहीं हुई है। बिठौली के भानु प्रताप सिंह ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक को संबोधित शिकायती पत्र में रसूखदार परिवार पर वन भूमि पर कब्जा कर निर्माण होने एवं हरे पेड़ों का कटान होने की बात कही है। उन्होंने जांच कर निर्माण कार्य को ध्वस्त कराए जाने की मांग की थी। बाह के रेंजर अमित कुमार ने बताया कि शिकायत पर वह मौके पर गये थे। मकान के पीछे वन विभाग की जमीन पर निर्माण के लिए नींव आदि की खुदाई की गई थी। काम को रुकवा दिया है। उन्होंने बताया कि पेड़ों के कटान की शिकायत की जांच में पुष्टि नहीं हुई है।

## बंदर के हमले में घायल हुई दो महिलाएं

बाह। कस्बे ही नहीं, गांवों में भी बंदरों के हमले बढ़ गए है। मंगलवार की सुबह 8 बजे सिधावली गांव में 90 साल की शिव देवी अपने घर के दरवाजे पर बैठी थी। तभी बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। उन्हें पीठ और कमर पर काट लिया। शिव देवी की चीख पर पहुंचे परिजनों ने डंडों से बंदरों को भगा कर उनको बचाया। गहरा घाव होने पर परिजन इलाज के लिए बाह सीएचसी पर ले पहुंचे। वहीं मंगलवार की शाम बाह के जुलाहपुरी में बंदर के हमले का शिकार हुई नंदनी ने बताया कि छत पर कपड़े सूखने को डाले थे, बादल होने पर पकड़े उतार रही थी। तभी बंदर एक बाह पर लटक गया और मांस नौंच लिया। परिवार वालों ने बंदर को भगा कर बचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाह पर दोनों महिलाओं के गहरे जख्म पर टांके लगाए गये, एंटी-रेबीज वैक्सीन (एआरवी), रेबीज इम्युनोग्लोबुलिन (आरआईजी) की डोज दी गई।

# ‘अपने घर तिरंगा लाएं और सम्मान के साथ फहराएं’

## हर घर तिरंगा अभियान और स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का जिलाधिकारी ने लिया जायजा

टीएनएफ टुडे, आगरा।

हर घर तिरंगा अभियान, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने 17 अगस्त तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शहीद स्मारक एवं नगर निगम प्रांगण का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराया जाएगा तथा राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन किया जाएगा। उन्होंने अभियान को जनभागीदारी का उत्सव बनाते हुए अधिक से अधिक लोगों से इसमें सहभागिता करने की अपील की। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर चित्र प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से आह्वान किया कि अपने घर तिरंगा लाएं और पूरे सम्मान के साथ फहराएं। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

# एसएन मेडिकल कॉलेज में निकाली तिरंगा रैली

- 400 से अधिक शिक्षक, छात्र-छात्राएं और कर्मचारी हुए शामिल

टीएनएफ टुडे, आगरा।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत एसएन मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का जोश देखने को मिला। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को और मजबूत करने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान का संदेश देने के उद्देश्य से कॉलेज परिसर में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में मेडिकल, नर्सिंग और पैरामेडिकल संकाय के 400 से अधिक शिक्षक, छात्र-छात्राएं और कर्मचारी पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए।



रैली का नेतृत्व महाविद्यालय के प्रधानाचार्य एवं डीन डॉ. प्रशांत गुप्ता ने किया। बड़ी संख्या में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर रैली में सहभागिता की। सफेद कोट और हाथों में लहराते तिरंगे के साथ विद्यार्थियों की मौजूदगी ने पूरे परिसर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। तिरंगा रैली के शुभारंभ से पहले नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से "वंदे मातरम्" का गायन किया। सामूहिक गायन के बाद राष्ट्रभक्ति के माहौल में तिरंगा रैली को रवाना किया गया। रैली प्रधानाचार्य कार्यालय से शुरू होकर रेडियोलॉजी विभाग तक पहुंची। इसके बाद रैली वापस प्रधानाचार्य कार्यालय होते हुए एसएन मेडिकल कॉलेज के पुस्तकालय परिसर में पहुंची, जहां इसका समापन हुआ।

रैली के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। "वंदे मातरम्", "भारत माता की जय" और "जय हिंद" के उद्घोष से पूरा परिसर गूंज उठा। रैली में शामिल प्रतिभागियों के उत्साह और जोश ने स्वतंत्रता दिवस से पहले कॉलेज परिसर में राष्ट्रभक्ति का माहौल बना दिया। विद्यार्थियों ने तिरंगे को हाथों में लेकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देश के प्रति अपने समर्पण का संदेश दिया। रैली में शामिल शिक्षक और कर्मचारी भी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते नजर आए।

रैली के समापन अवसर पर पुस्तकालय परिसर में प्रधानाचार्य एवं डीन डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि तिरंगा केवल भारत का राष्ट्रीय ध्वज नहीं है, बल्कि यह देश के गौरव, स्वतंत्रता, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के भीतर राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों से अभियान में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया।

# शिवलिंग प्राकट्य की कथा सुन भक्त भावविभोर

- कथा के दूसरे दिन पं. विकासानंद ने बताया बेलपत्र एवं रुद्राक्ष का महत्व

टीएनएफ टुडे, आगरा।

शमसाबाद रोड स्थित गाय वाले मंदिर, महादेव नगर पर चल रही श्री शिव महापुराण कथा के द्वितीय दिवस कथा व्यास पं. श्री विकासानंद महाराज, वृंदावन धाम ने श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा से अवगत कराया। कथा के दौरान शिवलिंग के प्राकट्य, पार्थिव लिंग की पूजा के महत्व के साथ ही बेलपत्र एवं रुद्राक्ष की महिमा और विधिवत पूजन की जानकारी दी गई।




कथा व्यास ने कहा कि शिवलिंग भगवान शिव के निराकार एवं साकार स्वरूप का प्रतीक है। श्रद्धा और विधि-विधान से शिवलिंग का पूजन करने से मनुष्य को आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है। उन्होंने कि मिट्टी से बनाए गए पार्थिव लिंग का श्रद्धापूर्वक पूजन भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। भगवान शिव की आराधना में बेलपत्र का विशेष महत्व है और रुद्राक्ष को भगवान शिव के स्वरूप से जोड़ा गया है। श्रद्धालुओं को पूजन की विधि एवं उसके आध्यात्मिक महत्व की विस्तार से जानकारी दी गई। कथा के दौरान भगवान शिव की महिमा का सुंदर वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयकारों के साथ कथा का श्रवण किया। समाजसेवी श्याम भोजवानी ने कहा कि श्रावण माह में शिव महापुराण कथा का श्रवण और भगवान भोलेनाथ की आराधना मनुष्य के जीवन में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करती है। कथा के माध्यम से सनातन संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और भगवान शिव की भक्ति का संदेश समाज तक पहुंच रहा है। मुख्य रूप से यदुनाथ सिंह भदोरिया, सुरेश चंद शर्मा, अशोक भदौरिया, अमरलाल खोरेजा, श्री किशन झा, रमेश चंद, सुरेश चंद भदोरिया, दीनदयाल, शांताराम, रामू, पुरुषोत्तम, सुरेश चंद झा, मनोज, राहुल, सत्यभान, बंटी ठाकुर,पप्पू आदि मौजूद रहे।

## टेढ़ी बगिया पर गूंजा देशभक्ति का तराना

**आगरा।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को रामबाग मंडल के वार्ड 82 टेढ़ी बगिया क्षेत्र में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह की मौजूदगी रही। रामबाग मंडल अध्यक्ष मनीष अवस्थी के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। पूरा क्षेत्र भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के जयघोष से गूंज उठा। यात्रा ने क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल बना दिया। स्थानीय लोगों ने भी उत्साह के साथ यात्रा का स्वागत किया। भाजपा पदाधिकारियों में एसपी सिंह, अशोक सविता, रोहित लवानिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। रामबाग मंडल अध्यक्ष मनीष अवस्थी ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह ने भी तिरंगे के सम्मान और देश की एकता-अखंडता को सर्वोपरि बताते हुए लोगों को राष्ट्रहित में आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

टीएनएफ टुडे, आगरा।

मंडल में राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिकाधिक सरकारी कार्य हिंदी में किए जाने के उद्देश्य से मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की त्रैमासिक बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मथुरा जंक्शन स्टेशन पर स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक हिंदी बैठक का आयोजन स्टेशन निदेशक, मथुरा जंक्शन की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मथुरा जंक्शन के सभी वरिष्ठ पर्यवेक्षकों ने भाग लिया तथा अपने-अपने कार्यालयों में हिंदी में किए जा रहे कार्यों एवं राजभाषा हिंदी के प्रयोग की प्रगति से अवगत कराया। बैठक में कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।



मंगलवार को ईदगाह स्टेशन पर भी राजभाषा हिंदी की बैठक का आयोजन स्टेशन प्रबंधक विवेक शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में स्टेशन के वरिष्ठ पर्यवेक्षकों ने भाग लिया तथा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। आगरा मंडल के अंतर्गत आने वाले दोनों स्टेशनों पर राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मंडल में सरकारी कामकाज में शत-प्रतिशत हिंदी के प्रयोग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा इसे प्राप्त करने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक गगन गोयल एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक गिरीश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन तथा राजभाषा अधिकारी एवं मंडल वाणिज्य प्रबंधक वीरेंद्र सिंह के निर्देशन में आगरा मंडल में राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में निरंतर सकारात्मक एवं सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं।

## 'पाश्चात्य सभ्यता में उजड़ती ब्रज संस्कृति' पर चर्चा

**आगरा।** हिंदी साहित्य और ब्रजभाषा के प्रचार-प्रसार को समर्पित देश की ख्यातिलब्धि साहित्यिक संस्था 'ब्रजभाषा काव्य मंच' के बैनर तले 'सावन आयौ...' काव्य गोष्ठी का आयोजन पश्चिमपुरी स्थित कृष्णा इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट में किया गया। गोष्ठी के प्रारंभ में संस्थाध्यक्ष डॉ. रामेंद्र शर्मा रवि ने सभी उपस्थित सदस्यों का हृदय से स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए संस्था द्वारा वर्ष 26-27 के प्रारम्भिक 4 माह में किए गए 6 सफल आयोजनों पर प्रकाश डाला और भविष्य के कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा करते हुए अधिकाधिक साहित्यकारों को संस्था से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। काव्य गोष्ठी से पूर्व 'पाश्चात्य सभ्यता में उजड़ती ब्रज संस्कृति' विषय पर परिचर्चा हुयी। सभी ने एकमत से युवा पीढ़ी को पाश्चात्य सभ्यता से बचाने एवं ब्रज की संस्कृति का क्षरण रोकने हेतु ब्रजसाहित्य सृजन एवं ब्रजभाषा बोलने पर बल दिया। 'ब्रजभाषा काव्य मंच' द्वारा इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई।

वरिष्ठ साहित्यकार विजया तिवारी की अध्यक्षता में 'सावन आयौ...' काव्य गोष्ठी का शुभारंभ कवि संजय शर्मा की सरस्वती वंदना से हुआ। कवि सर्वश्री महेश शर्मा गोपाली, रामअवतार शर्मा, राकेश शर्मा दद्दू विनय बंसल, राकेश निर्मल, संजय कुमार एडवोकेट, प्रभु दत्त उपाध्याय, प्रणव कुमार कुलश्रेष्ठ, अवधेश उपाध्याय, मोहनी भटनागर, आचार्य उमाशंकर पाराशर, कामेश मिश्रा सनसनी, वंदना तिवारी, रामेंद्र शर्मा रवि एवं मथुरा से पधारे आचार्य निर्मल ने अपनी श्रेष्ठतम रचनाओं से काव्य गोष्ठी को शिखर तक पहुंचाया। गोष्ठी में अनु शर्मा, रूपम राजौरिया, अंकुर शर्मा, रुचि शर्मा, निष्कर्ष, आद्यान, अनंत, शीला कश्यप, अनीता सक्सैना, आदि की विशेष उपस्थिति रही। मंच के अध्यक्ष डा.रामेन्द्र शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सपा का व्यापार मण्डलीय सम्मेलन आज

टीएनएफ टुडे, आगरा।

प्रदेश में नए उद्योग स्थापित होने के बजाय बड़ी संख्या में उद्योग एवं व्यापारिक इकाइयां बंद हुई हैं। कारोबारी दूसरे प्रदेशों की ओर पलायन करने को मजबूर हुए हैं। फतेहाबाद रोड स्थित सपा जिला कार्यालय में आमंत्रण पत्र विमोचन कार्यक्रम में सपा व्यापार सभा के प्रदेश सचिव व मण्डल प्रभारी मनोज गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि 12 अगस्त को विजय नगर, रिंग रोड स्थित नवरंग भवन में समाजवादी पार्टी व्यापार सभा द्वारा व्यापारी मण्डलीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। समाजवादी व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जयसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में आगरा मंडल के उद्योगों एवं व्यापारियों से जुड़ी प्रमुख समस्याओं, व्यापार को बढ़ावा देने, सरकारी उत्पीड़न पर रोक लगाने तथा व्यापारी समाज को मजबूत करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। व्यापारियों को समाजवादी व्यापार सभा से अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने के लिए व्यापार सभा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे तथा संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर भी चर्चा की जाएगी।

राकेश अग्रवाल सपा व्यापार सभा प्रदेश सचिव. कार्यक्रम संयोजक ने बताया कि भाजपा सरकार में उद्योगों और व्यापारियों के सामने सवाल लगातार बढ़ते जा रहे हैं। आज सबसे अधिक परेशानी छोटे एवं मध्यम वर्गीय व्यापारी को उठानी पड़ रही है। सरकार की नीतियों से व्यापारियों में असुरक्षा और आर्थिक परेशानी लगातार बढ़ रही है। समाजवादी व्यापार सभा उत्तर प्रदेश निरंतर व्यापारी हितों की रक्षा के लिए सक्रिय रूप से संघर्ष करती रही है।

इसी उद्देश्य से पूरे प्रदेश में व्यापारी मंडलीय सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आगरा मंडल को मजबूत करने तथा व्यापारी हितों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के उद्देश्य से व्यापारी मंडलीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से संजीव पोरवाल व्यापार सभा जिला अध्यक्ष, सोमेश गुप्ता सपा महानगर अध्यक्ष, राजेश गुप्ता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, श्याम भोजवानी वरिष्ठ नेता, हरि सिंह पंडित, विनीत यादव, विजेंद्र यादव, राम चरण पोरवाल, राजकुमार यादव, इलियास सिद्दीकी, मनीष भारद्वाज, हरि सिंह पंडित आदि उपस्थित थे।

# 5 नई टंकियों से बुझेगी रेलवे कॉलोनी की प्यास

## जलापूर्ति व्यवस्था होगी सुदृढ़, कलाकृतियों से संवारा टंकियों का स्वरूप

टीएनएफ टुडे, आगरा।

मंडल रेल प्रबंधक आगरा गगन गोयल के मार्गदर्शन में जलापूर्ति व्यवस्था को और सुदृढ़ करते हुए कैंट रेलवे स्टेशन एवं रेलवे कॉलोनियों में 5 नई ओवरहेड वाटर टैंक तैयार की गई हैं। इन नई पानी की टंकियों के निर्माण का उद्देश्य कैंट स्टेशन एवं रेलवे कॉलोनियों में जलापूर्ति को सुचारू एवं व्यवस्थित बनाए रखना तथा जल भंडारण क्षमता में वृद्धि करना है। नई ओवरहेड वाटर टैंक के माध्यम से आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त जल उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी तथा जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर आधार प्राप्त होगा। आगरा कैंट स्टेशन एवं रेलवे कॉलोनियों में तैयार की जा रही 5 नई ओवरहेड वाटर टैंक में से 4 ओवरहेड वाटर टैंक का निर्माण कार्य पाइपलाइन सहित पूर्ण हो चुका है। जबकि 1 ओवरहेड वाटर टैंक का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। उससे संबंधित पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है।



इन पानी की टंकियों को केवल उपयोगितावादी संरचना तक सीमित न रखते हुए इनके बाहरी स्वरूप को भी आकर्षक बनाया गया है।

टंकियों पर विभिन्न कलाकृतियों एवं रंगीन चित्रकारी के माध्यम से इन्हें सुंदर एवं आकर्षक रूप प्रदान किया गया है। इन पर नई वंदे भारत ट्रेन सहित भारतीय रेलवे तथा देश की विकास यात्रा को दशार्ती कलात्मक चित्रकारी की गई है। इस पहल से जहां जल भंडारण एवं जलापूर्ति क्षमता में वृद्धि होगी। वहीं रेलवे परिसर के सौंदर्यीकरण एवं सकारात्मक वातावरण को भी बढ़ावा मिलेगा।

# बाल विवाह और बालश्रम रोकने की जरूरत

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित

टीएनएफ टुडे, आगरा।

जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इसमें अनुपालन आख्या तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना की समीक्षा की गई।

ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों के गठन, नियमित बैठक एवं कार्यप्रणाली की समीक्षा में बताया गया कि कमेटियों का गठन किया गया है। जिलाधिकारी ने उक्त कमेटियों की नियमित बैठक तथा कमेटियों के माध्यम से बच्चों के पुनर्वास हेतु विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हेतु आवेदन प्रेषित कराया जाने हेतु निर्देश दिये। चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर तथा रेस्क्यू, पुनर्वास इत्यादि की जानकारी को आमजन में प्रचारित प्रसारित किए जाने हेतु पंपलेट, पोस्टर आदि लगा कर जन जागरूकता सुनिश्चित की जाए। बैठक में बताया गया कि भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान के तहत 8 बच्चों का रेस्क्यू किया गया है। 4 बाल विवाह प्रकरणों में कार्यवाही की गई है।

बाल/किशोर श्रमिकों के चिन्हांकन की सूची तलब की। इसमें बताया गया कि 77 बच्चों को खतरनाक/गैर खतरनाक कार्यों में लगे बच्चों का चिन्हांकन किया गया। 8 परिवाद दाखिल किए गए हैं। शेष को नोटिस दिया गया है। जिलाधिकारी ने सभी चिह्नित बच्चों के रेस्क्यू, पुनर्वास की एसओपी बनाने, योजनाओं से आच्छादित कर पुनर्वास के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किए गए संकटग्रस्त बच्चों को परामर्श सेवाएं प्रदान कर पुनर्वासित बच्चों का फालोअप करने, अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर सूचनाएं संकलित करने, बालश्रम एवं भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों का सर्वे, चिह्नित करने तथा रेस्क्यू व पुनर्वास के निर्देश दिए। बाल देखरेख संस्थानों में निवासरत बच्चों के आवास, पुनर्वास, शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और मनोसामाजिक सहायता, स्वास्थ्य, पोषण, कौशल प्रशिक्षण, सुरक्षा मानकों एवं समय समय पर निरीक्षण रिपोर्ट आदि समीक्षा कर निर्देश दिए गए।

कठिन परिस्थितियों में शामिल बच्चों यथा बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी, अनाथ, एकल अभिभावक / कानूनी संरक्षक / सौतेले माता/पिता के साथ रह रहे, आर्थिक रूप से कमजोर तथा मानसिक एवं शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों की पहचान (मैपिंग), उनके जोखिम स्तर का आंकलन तथा उन्हें विभिन्न योजनाओं / सुविधाओं से लाभान्वित करते हुये उनके पुनर्वास हेतु किये जा रहे प्रयासों की समीक्षा, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, जिला बाल संरक्षण इकाई तथा चाइल्ड हेल्पलाइन (1098), विशिष्ट दत्तक ग्रहण इकाई, बाल देखरेख संस्थाओं / कार्यालयों की भौतिक व्यवस्था, संसाधन एवं कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में सीडीओ प्रतिभा सिंह, डीपीओ अतुल सोनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज मौर्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।


**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादक: धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# सड़कों पर युवा, ताक पर भविष्य: राजनीतिक सुविधा की बलि चढ़ता लोकतंत्र

रांची की सडकों पर बहता पानी, हवा में घुलता आंसू गैस का धुआं और पुलिस की लाठियों से बेदम होते छात्र–यह दृश्य केवल झारखंड की राजधानी का नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के उस जर्जर स्तंभ का प्रतीक है जहां युवाओं के सपने प्रशासनिक भ्रष्टाचार और राजनीतिक ढोंग की भेंट चढ़ रहे हैं। जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में धांधली के खिलाफ 17 दिनों से आंदोलनरत युवाओं पर जब राज्य पुलिस ने लाठीचार्ज किया, तो सवाल केवल एक परीक्षा का नहीं रहा, सवाल यह खड़ा हुआ कि आखिर हमारा राष्ट्र किस दोराहे पर आ खड़ा हुआ है? वर्षों की मेहनत, माता-पिता की गाड़ी कमाई का त्याग और एक सरकारी नौकरी की उम्मीद लेकर राजधानी पहुंचे छात्र, अगर सडकों पर उतरने को मजबूर हैं, तो यह व्यवस्था की पूर्ण विफलता का स्पष्ट प्रमाण है। पेपर लीक, चयन प्रक्रिया में धांधली और भ्रष्टाचार भारत की परीक्षा प्रणाली का स्थाई चरित्र बन चुके हैं। जब लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं संवाद का द्वार बंद कर देती हैं, तब युवाओं को सडकों पर आना पड़ता है। लेकिन चिंताजनक बात यह है कि युवाओं के इस जायज आक्रोश को सुनने के बजाय प्रशासनिक मशीनरी लाठियों और आंसू गैस के गोलों से जवाब देती है। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे त्रासद स्थिति राजनीतिक दलों का दोहरा रवैया है। जब दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्र या नागरिक अपनी मांगों को लेकर बैठते हैं, तब केंद्र की सत्ता में बैठी भारतीय जनता पार्टी उसे व्यवस्था को अस्थिर करने की साजिश या अनुशासनहीनता करार देती है। लेकिन वही पार्टी झारखंड की सडकों पर छात्रों के इस प्रदर्शन में अग्रणी भूमिका निभाती दिखती है, क्योंकि वहां गैर-भाजपा सरकार है। दूसरी ओर, जो दल दिल्ली में पुलिसिया कार्रवाई पर मानवाधिकारों का पाठ पढ़ाते हैं, वे झारखंड में अपनी सरकार के तहत होते लाठीचार्ज पर रहस्यमयी चुप्पी साध लेते हैं। यह इस बात का नग्न प्रमाण है कि किसी भी राजनीतिक दल के लिए छात्रों का भविष्य प्राथमिकता नहीं है। युवा उनके लिए केवल एक वोट बैंक या किसी दूसरे दल को घेरने का राजनीतिक मोहरा मात्र हैं। सवाल यह भी उठता है कि इस पूरे परिदृश्य में देश का मुख्यधारा मीडिया कहां है? जब देश के भविष्य निमार्ता सडकों पर लहूलुहान हो रहे होते हैं, तब प्राइम-टाइम बहसों में गैर-जरूरी मुद्दों और प्रायोजित विवादों का शोर होता है। निष्पक्ष पत्रकारिता की रीढ़ इस कदर झुक चुकी है कि सत्ता से सवाल पूछने के बजाय मीडिया राजनीतिक घरानों के एजेंडे को हवा देने में व्यस्त है। वहीं, विपक्ष का रवैया भी केवल मौकापरस्ती तक सीमित रह गया है। मुद्दों का समाधान खोजना या छात्रों के लिए ठोस नीतिगत लड़ाई लड़ना किसी की प्राथमिक सूची में नहीं है। राजनीति अब सिद्धांतों पर नहीं, बल्कि केवल इस बात पर चल रही है कि किस राज्य में किसकी सरकार है। यदि देश की ऊर्जा–उसका युवा–अविश्वास, निराशा और दमन के माहौल में जीने को मजबूर होगी, तो हम किस विकसित भारत की कल्पना कर रहे हैं? जब परीक्षाओं की पारदर्शिता की मांग करने पर लाठियां मिलें और विरोध प्रदर्शनों को राजनीतिक लाभ-हानि के चश्मे से देखा जाए, तो समझ लेना चाहिए कि देश की राजनीति की नैतिकता चरमरा चुकी है। आज देश को एक ऐसे आत्ममंथन की जरूरत है जहां सत्ता और विपक्ष दोनों को यह याद दिलाया जाए कि लोकतंत्र में जनता और युवा सर्वोपरि हैं। अगर समय रहते राजनीति ने अपनी यह अवसरवादी मानसिकता नहीं बदली, तो सडकों पर फैला यह जन-आक्रोश केवल सरकारों को ही नहीं, बल्कि व्यवस्था पर से युवाओं के विश्वास को भी हमेशा के लिए उखाड़ फेंकेगा।

# राजनीति को चाहिए नया खून: छात्र संघों की वापसी अब क्यों जरूरी है?

ब्रज खण्डेलवाल

लोकतंत्र में जब राजनीति में नया खून नहीं आता, तो पुरानी नसों में जंग लगने लगती है। वही चेहरे, वही नारे, वही वादे और वही कुर्सी की दौड़। देश की राजनीति आज कुछ ऐसी ही थकी हुई दिखाई देती है। इधर एक अजीब-सी जेन-जी मुहिम ने सबका ध्यान खींचा है। दावा किया जा रहा है कि कॉकरोचों के नेतृत्व में चल रही यह नई पीढ़ी की हलचल युवाओं की बेचैनी और बगावत का प्रतीक बन गई है। नाम भले ही मजाकिया हो, मगर सवाल गंभीर है। जब युवा अपनी बात कहने के लिए इतने अजीब प्रतीक खोज रहे हैं, तब हमारे कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में उनके अपने लोकतांत्रिक मंच आखिर कहाँ हैं?

जवाब साफ है हमने छात्र राजनीति का दरवाजा ही बंद कर दिया है। छात्र संघ कभी विश्वविद्यालयों की जान हुआ करते थे। पढ़ाई के साथ बहस होती थी, चुनाव होते थे, भाषण होते थे, सांस्कृतिक कार्यक्रम होते थे। छात्र अपनी शिकायतें लेकर संगठित ढंग से प्रशासन के सामने जाते थे। नेतृत्व सीखते थे, हारना सीखते थे और जीत को संभालना भी सीखते थे। आज हम चाहते हैं कि युवा सीधे आईएएस बनें, सीईओ बनें, वैज्ञानिक बनें और नेता भी बनें। मगर नेता बनने की नर्सरी बंद कर दी गई है। फिर हम शिकायत करते हैं कि राजनीति में अच्छे लोग क्यों नहीं आते। यह तो वही बात हुई कि खेत को पानी न दो और फसल से शिकायत करो।

1960 के दशक में शिक्षा आयोग ने भी छात्र संघों को महत्वपूर्ण माना था। सोच यह थी कि संगठित छात्र गतिविधियाँ युवाओं में आत्म-अनुशासन, स्वशासन और नेतृत्व की भावना पैदा करती हैं। कई जगह छात्र संघ कैंटीन चलाते थे, सहकारी दुकानें संभालते थे और साहित्यिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम कराते थे।

मतलब साफ था। विश्वविद्यालय केवल डिग्री बाँटने की फैक्टरी नहीं है। वह नागरिक तैयार करने की जगह भी है। भारत के इतिहास में छात्र आंदोलनों ने कई बार राजनीति की दिशा बदल दी। 1965 का तमिलनाडु का हिंदी-विरोधी आंदोलन हो या 1974 का गुजरात का नवनिर्माण आंदोलन, छात्रों ने अपनी ताकत दिखाई। मामूली-सी मेस फीस बढ? से शुरू हुआ गुजरात का आंदोलन भ्रष्टाचार और महंगाई के खिलाफ बड़ा जनांदोलन बन गया।

> “छात्र संघों का मुख्य काम चुनावी राजनीति नहीं होना चाहिए। उनका ध्यान छात्रों की असली समस्याओं पर रहे, फीस, छात्रावास, पुस्तकालय, खेल, सुरक्षा, परिवहन और कैंपस सुविधाएँ। बहस, वाद-विवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलों को भी बढ़ावा दिया जाए। हर चुने हुए छात्र प्रतिनिधि को नेतृत्व का प्रशिक्षण मिले। उसे बातचीत करना, बजट बनाना, विवाद सुलझाना और अलग राय रखने वालों को साथ लेकर चलना सिखाया जाए।

बिहार में छात्र आंदोलन से जयप्रकाश नारायण की संपूर्ण क्रांति का नारा उठा। उसी दौर ने देश की राजनीति को झकझोर दिया। बाद में आपातकाल और 1977 के चुनावों ने भारतीय लोकतंत्र का नया अध्याय लिखा। कई बड़े राष्ट्रीय नेता छात्र राजनीति की ही देन रहे हैं। अरुण जेटली ने दिल्ली विश्वविद्यालय से राजनीति सीखी। लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार बिहार के छात्र आंदोलनों से उभरे। सीताराम येचुरी और प्रकाश करात ने जेएनयू की छात्र राजनीति में अपने कदम जमाए। ममता बनर्जी ने भी छात्र जीवन से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की। नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह और अशोक गहलोत जैसे अनेक नेताओं ने भी युवावस्था में संगठन और सार्वजनिक जीवन का अनुभव पाया।

आज सवाल यह है कि अगली पीढ़ी कहाँ से



आएगी? व्हाट्सऐप यूनिवर्सिटी से?

इंस्टाग्राम रील से या किसी कॉकरोच आंदोलन के वायरल मीम से? युवा ऊर्जा को आप दबा सकते हैं, खत्म नहीं कर सकते। जब उसे लोकतांत्रिक रास्ता नहीं मिलता, वह किसी और रास्ते से बाहर आती है। कभी अचानक विरोध प्रदर्शन बनकर, कभी सोशल मीडिया के गुस्से में और कभी किसी अजीब प्रतीक के पीछे। खाली जगह कभी खाली नहीं रहती। लोकतंत्र में भी नहीं। छात्र संघों को खत्म करने का एक तर्क हमेशा दिया गया, हिंसा, गुटबाजी और बाहरी राजनीतिक दलों का दखल। यह बात पूरी तरह गलत नहीं थी। कई छात्र संघ सचमुच राजनीति के अखाड़े बन गए। पढ़ाई पीछे छूट गई और पोस्टरबाजी आगे आ गई। कैंपस में बहस की जगह कभी-कभी लाठी और धमकी ने ले ली।

मगर बीमारी के कारण मरीज को मार देना इलाज नहीं होता। गलत छात्र राजनीति को सुधारना चाहिए था, छात्र राजनीति को दफन नहीं करना चाहिए था। उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों और विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव बंद या सीमित किए गए। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय और कई अन्य संस्थानों में निर्वाचित छात्र प्रतिनिधित्व कमजोर पड़ता गया या खत्म हो गया। प्रशासन ने शांति तो पा ली, मगर छात्रों की लोकतांत्रिक आवाज भी काफी हद तक खो गई। अब हमें नई सोच के साथ छात्र संघों को वापस लाना चाहिए। पुराने ढर्रे पर नहीं। नए संविधान और साफ नियमों के साथ।

छात्र संघों का मुख्य काम चुनावी राजनीति नहीं होना चाहिए। उनका ध्यान छात्रों की असली समस्याओं पर रहे, फीस, छात्रावास, पुस्तकालय, खेल, सुरक्षा, परिवहन और कैंपस सुविधाएँ। बहस, वाद-विवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलों को भी बढ़ावा दिया जाए। हर चुने हुए छात्र प्रतिनिधि को नेतृत्व का प्रशिक्षण मिले। उसे बातचीत करना, बजट बनाना, विवाद सुलझाना और अलग राय रखने वालों को साथ लेकर चलना सिखाया जाए। चुनाव लड़ना आसान है, लोकतांत्रिक ढंग से काम करना मुश्किल है। यही हुनर सीखना जरूरी है। विश्वविद्यालय प्रशासन और छात्र प्रतिनिधियों की नियमित बैठकें हों। शिकायत सडक पर पहुँचने से पहले बातचीत की मेज तक पहुँचे। अध्यापक मार्गदर्शन करें, मगर छात्रों की आवाज दबाएँ नहीं।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि राजनीति में नए लोगों की आमद का कोई विकल्प नहीं है। लोकतंत्र को हर पीढ़ी अपना नया नेतृत्व देती है। यदि युवाओं को कॉलेज में बोलने, बहस करने, हारने, जीतने और जिम्मेदारी लेने का मौका नहीं मिलेगा, तो राजनीति बूढ़ी होती जाएगी। आज जेन-जी अपनी भाषा खुद बना रही है। कभी मीम, कभी हैशटैग, कभी अजीबोगरीब प्रतीक और कभी कॉकरोच जैसा नाम। हमें इस पर केवल हँसना नहीं चाहिए। इसके पीछे छिपी बेचैनी को समझना चाहिए।

युवा कहना चाहते हैं- हमें सुना जाए। कॉलेज और विश्वविद्यालय इस आवाज के लिए सबसे स्वाभाविक जगह हैं। राजनीति को नया खून चाहिए। उसे किसी प्रयोगशाला से नहीं लाया जा सकता। वह कैंपस की बहसों, छात्र सभाओं, चुनावों और आंदोलनों से ही निकलेगा। छात्र संघ लोकतंत्र की वह पाठशाला हैं, जहाँ भविष्य के नेता पहली बार जनता का सामना करते हैं।

परीक्षा पास करने से नौकरी मिल सकती है। मगर समाज चलाने के लिए जिम्मेदारी, संवाद और नेतृत्व चाहिए। इनकी कोई गाइडबुक नहीं होती। इन्हें जीना पड़ता है। छात्र संघों को फिर से जीवित कीजिए। उन्हें अनुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ चलाइए। बाहरी दलों की कठपुतली बनने से बचाइए। मगर युवाओं का लोकतांत्रिक मंच मत छीनिए।

## क्षेपक कथा- अनसुने प्रसंग

# जब हनुमान जी ने सुदर्शन को मुंह में दबाकर तोड़ा सत्यभामा और गरुण का अहंकार

एक बार भगवान श्रीकृष्ण की द्वारका नगरी में तीन प्रियजनों को एक साथ अपनी श्रेष्ठता का अहंकार हो गया–माता सत्यभामा को अपने सौंदर्य का, गरुड़ देव को अपनी तीव्र गति का, और सुदर्शन चक्र को अपनी अपार शक्ति का। श्रीकृष्ण ने तीनों के इस भ्रम को मिटाने के लिए एक लीला रची। उन्होंने गरुड़ को बुलाया और कहा, हे गरुड़! तुम तुरंत कदलीवन जाओ और हनुमान जी से कहो कि श्री राम और माता सीता द्वारका में उनका स्मरण कर रहे हैं।

गरुड़ अपनी तीव्र गति के अभिमान में तुरंत उड़ चले। दूसरी ओर, श्रीकृष्ण ने सत्यभामा से कहा कि वे माता सीता का रूप धारण करें, किंतु वे पूर्ण रूप से सीता जी के स्वरूप जैसा सौंदर्य नहीं ला सकीं। श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र को द्वार पर पहरा देने के लिए नियुक्त किया और निर्देश दिया, बिना मेरी आज्ञा के कोई भी महल के भीतर प्रवेश न करे।



कदलीवन पहुँचकर गरुड़ ने हनुमान जी से कहा, भगवान श्रीकृष्ण आपको द्वारका में बुला रहे हैं। आप मेरी पीठ पर बैठ जाइए, मैं आपको पलक झपकते ही पहुँचा दूँगा। हनुमान जी समझ गए कि यह गरुड़ के अहंकार को शांत करने का समय है। उन्होंने विनम्रता से कहा, आप चलिए, मैं पीछे-पीछे आता हूँ। गरुड़ मन ही मन हँसे कि उनके जितना तेज कौन उड़ सकता है, और वे तेज गति से वापस द्वारका लौटे। लेकिन जब गरुड़ द्वारका के राजमहल पहुँचे, तो उन्होंने देखा कि हनुमान जी उनसे पहले ही श्रीकृष्ण के पास उपस्थित हैं। गरुड़ का गति का अहंकार टूट गया।

जब हनुमान जी महल के भीतर आ रहे थे, तब सुदर्शन चक्र ने उन्हें रोका। हनुमान जी ने सुदर्शन को खिलौना समझकर मुँह में दबा लिया और सीधा श्रीकृष्ण के समक्ष पहुँच गए। उन्होंने श्रीकृष्ण से पूछा, प्रभु! माता सीता कहाँ हैं? आपके पास यह कौन स्त्री बैठी है? यह सुनते ही सत्यभामा का सौंदर्य-अहंकार मिट गया। तत्पश्चात हनुमान जी ने अपने मुँह से सुदर्शन चक्र निकालकर श्रीकृष्ण के सामने रख दिया, जिससे सुदर्शन का शक्ति-अहंकार भी चूर-चूर हो गया।

प्रसंग का सार यह है कि सामर्थ्य, गति या सौंदर्य पर किया गया अहंकार केवल पतन का कारण बनता है। वास्तविक श्रेष्ठता विनम्रता और भक्ति में निहित है।

# शाह से जवाबदेही की मांग की बाढ़ में बहा मानसून सत्र

राजेंद्र शर्मा

हैरानी की बात नहीं है कि संसद के मानसून सत्र का तीसरा और आखिरी सप्ताह भी गतिरोध पर ही खत्म होने की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। गतिरोध की वजह वही है, जो मोदी राज में एक नया नॉर्मल ही हो गयी है; सत्तापक्ष को अपनी निरंकुश ताकत पर किसी भी तरह की जवाबदेही मंजूर नहीं है, जबकि विपक्ष को उसकी निरंकुशता चलने देना मंजूर नहीं है। याद रहे जवाबदेही सुनिश्चित करने के विपक्ष के इस बढ़ते दबाव के पीछे, जनता की बढ़ती आवाज है। वास्तव में कुछ ऐसा ही टकराव, बेशक कुछ भिन्न रूप में पूरे देश ने नीट तथा अन्य केंद्रीय परीक्षाओं में भारी गड़बड़ियों के मुद्दे पर, युवाओं के गुस्से के गिर्द देखने को मिले, जेन जी के आंदोलन में देखा था। यह संयोग ही नहीं है कि इस आंदोलन की केंद्रीय मांग, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की थी, जो मांग मोदी राज को युवाओं के महीनों के आंदोलन के बाद, आखिरकार स्वीकार करनी पड़ी।

यह मांग जैसा कि अनेक राजनीतिक प्रेक्षकों ने दर्ज किया है, सारतः जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग थी। यह मांग करने वालों में भी शायद ही किसी को यह भ्रम होगा कि शिक्षा मंत्री के इस्तीफे से कोई बहुत बड़ा बदलाव आएगा। फिर भी यह मांग, जवाबदेही के जनतांत्रिक सिद्धांत की पुनर्स्थापना के लिए जरूरी थी। यह मांग इसलिए और भी जरूरी थी कि मोदीशाही में भारी विफलताओं के लिए भी कार्यपालिका को जवाबदेही से बचाने पर सारी शासकीय और राजनीतिक ताकत लगाने को नियम ही नहीं बना दिया था बल्कि जनतांत्रिक जवाबदेही को ही नकारने को, इस नियम के रूप में एक सिद्धांत के स्तर पर ही पहुंचा दिया था कि–इस राज में इस्तीफे नहीं होते हैं! सरकार के इस हठपूर्ण रुख के चलते, जंतर-मंतर पर ही करीब महीने भर धरना चला और तीन हफ्ते भूख हड़ताल। आखिरकार, कॉकरोच जनता पार्टी और



वामपंथी व अन्य छात्र संगठनों की पहल पर, युवाओं ने मोदीशाही को जवाबदेही स्वीकार करने और शिक्षा मंत्री से इस्तीफा दिलवाने के लिए मजबूर कर दिया।

बहरहाल, जिस आशंका से बचने के लिए मोदीशाही ने 'हमारे यहां इस्तीफे नहीं होते' का सिद्धांत गढ़कर, जनतांत्रिक जवाबदेही का दरवाजा बंद किया था, वह आशंका सच साबित हुई। जवाबदेही की मांग, सिर्फ धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर ही नहीं रुकनी थी और नहीं रुकी। प्रधान के इस्तीफे का ऐलान होने तक, मोदीशाही में नंबर दो माने जाने वाले और मोदी के परम विश्वासपात्र, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की जवाबदेही के गंभीर सवाल प्रमुखता से सामने आ चुके थे। इन सवालों का संबंध सबसे बढ़कर, जंतर-मंतर पर युवा आंदोलन के एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में आयोजित, शांतिपूर्ण 'संसद मार्च' पर बर्बर पुलिस दमन के औचित्य से था। दिल्ली में प्रदर्शनों के इतिहास का यह सबसे बर्बर दमन चक्र, दिल्ली पुलिस के नेतृत्व में और केंद्रीय अर्द्ध-सैनिक बलों की मदद से चलाया गया था और इन दोनों की ही जवाबदेही सीधे केंद्रीय गृहमंत्री, अमित शाह के प्रति है।

20 जुलाई को दिल्ली में हुई यह पुलिस बर्बरता, अपने पैमाने में तो अभूतपूर्व थी ही, जिसमें लगभग पांच सौ लोग घायल हुए थे और इनमें करीब दो सौ को अस्पताल ले जाना पड़ा था। इसके साथ ही, यह बर्बरता अपनी तीव्रता और अपनी नीयत, दोनों में भी अभूतपूर्व थी और इसीलिए, घायलों की संख्या के अलावा भी अनेक गंभीर सवाल हैं, जिनका प्रामाणिक जवाब गृहमंत्री ही दे सकते हैं। इनमें से एक सवाल जो अलग से बहुत ही प्रमुखता से सामने आया है और सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे तक पहुंचा है, प्रदर्शनकारियों पर पैलेट गन के इस्तेमाल का है।

जैसा कि सभी जानते हैं, जम्मू-कश्मीर को छोड़कर शेष भारत में, प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पैलेट गनों के इस्तेमाल का यह पहला ही मामला है। यह भी याद रखने की बात है कि शुरूआत में शासन और उसके मीडिया पैरोकारों की ओर से ऐसे किसी भी हथियार के उपयोग को सिरे से नकारने की ही कोशिश की गयी थी। लेकिन, बाद में पैलेट गन से घायल होने वालों के सामने आने के बाद, स्वतंत्र मीडिया ने जब रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा पैलेट गनों का इस्तेमाल किए जाने के दस्तावेजी साक्ष्य उजागर कर दिए, उसके बाद ही सचाई को झुठलाने की इन कोशिशों पर कुछ विराम लगा है। प्रदर्शनकारियों के खिलाफ इस घातक अस्त्र के प्रयोग की इजाजत किसने, कब और कैसे दी, इसका प्रामाणिक जवाब तो गृहमंत्री शाह से ही मिल सकता है।

इसी प्रकार, एक और महत्वपूर्ण मामला, प्रदर्शनकारियों पर पुलिसिया बर्बरता में, उल्लेखनीय संख्या में बिना वर्दी के लोगों का इस्तेमाल किए जाने का है। इनके संबंध में सबसे पहला सवाल तो यही है कि क्या ये बिना वर्दी के पुलिस वाले थे या पुलिस से सहयोग कर के चलने वाले या संघी विजिलांते ग्रुपों के लोग थे। पहली सूरत में भी, शासन की नीयत पर सवाल उठता है, जिसने प्रदर्शन को संभालने की जरूरत के सामने, पुलिसवालों की पहचान छुपाने की कोशिश की होगी?

## 12 अगस्त: आज का इतिहास एवं विशेष महत्व

### 1. प्रमुख दिवस

- **अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस:** संयुक्त राष्ट्र द्वारा हर साल 12 अगस्त को युवाओं के मुद्दों, उनकी भागीदारी और समाज निर्माण में उनके योगदान को रेखांकित करने के लिए मनाया जाता है। (इसकी शुरूआत वर्ष 2000 में हुई थी)।
- **विश्व हाथी दिवस:** हाथियों के संरक्षण, उनके आवास की सुरक्षा और अवैध शिकार रोकने के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 12 अगस्त को यह दिवस मनाया जाता है।

### 2. प्रमुख जयंती

- **डॉ. विक्रम साराभाई (1919):** भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक और महान वैज्ञानिक डॉ. विक्रम साराभाई का जन्म 12 अगस्त 1919 को अहमदाबाद में हुआ था। 'स्क्र' की स्थापना और भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में पहचान दिलाने में इनका सबसे बड़ा योगदान है।
- **श्रीकांत वर्मा (1931):** प्रसिद्ध हिंदी कवि, कहानीकार और पत्रकार श्रीकांत वर्मा का जन्म 12 अगस्त 1931 को हुआ था।

### 3. प्रमुख पुण्यतिथि

- **क्लीओपात्रा (30 ईसा पूर्व):** मिस्र की अंतिम सक्रिय शासक और इतिहास की सबसे चर्चित रानियों में से एक क्लीओपात्रा का निधन 12 अगस्त 30 ईसा पूर्व हुआ था।
- **उस्ताद फैयाज खान (1950):** शास्त्रीय संगीत के प्रसिद्ध गायक और आगरा घराने के प्रमुख स्तंभ उस्ताद फैयाज खान का निधन 12 अगस्त 1950 को हुआ था।

### 4. ऐतिहासिक घटनाएं

- **1765 (इलाहाबाद की संधि):** मुगल सम्राट शाह आलम द्वितीय ने ईस्ट इंडिया कंपनी को बंगाल, बिहार और ओडिशा की दीवानी सौंपी। यह भारत में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रशासनिक अधिकार स्थापित होने का पहला बड़ा बिंदु माना जाता है।
- **1908 (ऑटोमोबाइल क्रांति):** हेनरी फोर्ड की फोर्ड मोटर कंपनी ने अपनी पहली मॉडल टी कार का निर्माण पूरा किया, जिसने आम जनता के लिए कार निर्माण का रास्ता खोला।
- **1981 (पर्सनल कंप्यूटर की शुरूआत):** आईबीएम ने अपना पहला पर्सनल कंप्यूटर बाजार में पेश किया, जिसने डिजिटल क्रांति की नींव रखी।

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

**दिनांक 13 अगस्त 2026 गुरुवार**

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

**प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।**



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मिथुन कर्क वृश्चिक धनु कुंभ और मीन राशि के जातकों का मानसिक मनोबल आध्यात्मिक प्रभाव और भाग्य का संबल बहुत उत्तम रहेगा। गुरुवार का दिन जगत के पालनहार भगवान श्री हरि विष्णु तथा ज्ञान के कारक देवगुरु बृहस्पति की आराधना के लिए अत्यंत पवित्र और फलदायी माना जाता है। आज के दिन पीले पुष्प चने की दाल तथा गुड़ अर्पित कर विष्णु सहस्रनाम का पाठ करने से जीवन में असीम ज्ञान ऐश्वर्य पारिवारिक समरसता और धर्म कार्य में स्थायी सफलता प्राप्त होती है।

### मेष

आज कार्यक्षेत्र में अधिक कार्यभार के कारण शारीरिक थकान महसूस हो सकती है इसलिए स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। वित्तीय मामलों में जल्दबाजी में निर्णय न लें और अनुभवी वरिष्ठ लोगों की सलाह लेकर ही नया पूंजी निवेश करें। भगवान विष्णु के मंदिर में चने की दाल भेंट करें जिससे आपके सभी आर्थिक संकट दूर होंगे।

### वृष

आज आपको अपने पुराने सहयोगियों के माध्यम से व्यवसाय में नवीन अवसर प्राप्त होंगे जिससे मन में नया उत्साह पैदा होगा। परिवार में किसी शुभ कार्य की योजना बनेगी और परस्पर प्रेम भाव और सौहार्द में अपार वृद्धि होगी। मस्तक पर चंदन का तिलक लगाएं जिससे आपके अटके हुए सभी काम आसानी से पूरे होंगे।

### मिथुन

आज आपकी प्रखर बुद्धि और कौशल के कारण रुके हुए प्रशासनिक कार्य गति पकड़ेंगे और कार्यस्थल पर आपकी अलग पहचान बनेगी। अचानक किसी दूर स्थान की यात्रा का योग बन रहा है जो भविष्य में आपके व्यापारिक विकास हेतु लाभप्रद सिद्ध होगी। श्री हरि विष्णु की आरती करें जिससे जीवन के सभी कष्ट और नकारात्मक शक्तियां समाप्त होंगी।

### कर्क

आज आपका आर्थिक पक्ष अत्यधिक मजबूत रहेगा और संचित धन में वृद्धि होने से मानसिक संतोष और प्रसन्नता मिलेगी। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अपनी एकाग्रता के बल पर बहुत सुखद परिणाम प्राप्त होंगे। किसी निर्धन बालक को पाठ्य सामग्री का दान करें जिससे आपके यश और कीर्ति का विस्तार होगा।

### सिंह

आज आपको कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के साथ तालमेल बनाकर काम करने की आवश्यकता है जिससे अनावश्यक विवादों से बचाव संभव होगा। लेन देन से जुड़े मामलों में पूरी सावधानी बरतें और किसी पर भी अंधा भरोसा करने से बचें। केले के वृक्ष में जल अर्पित करें जिससे आपके जीवन में सुख और समृद्धि बनी रहेगी।

### कन्या

आज व्यापारिक गतिविधियों में अप्रत्याशित लाभ होने की संभावना बन रही है जिससे आपकी पुरानी योजनाएं सफलता पूर्वक क्रियान्वित होंगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों का आप पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे और जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। गुरु मंत्र का जाप करें जिससे आपकी निर्णय क्षमता और विवेक में वृद्धि होगी।

### तुला

आज कला रचनात्मकता और बौद्धिक कार्यों से जुड़े जातकों को समाज में विशिष्ट स्थान और सम्मान की प्राप्ति होगी। पुराने समय से चला आ रहा कोई पारिवारिक विवाद आज आपसी बातचीत के माध्यम से सुलझ जाएगा। किसी धार्मिक स्थल पर पीली वस्तु का दान करें जिससे आपके भाग्य के द्वार खुलेंगे।

### वृश्चिक

आज आपका पराक्रम और कार्य कुशलता चरम पर रहेगी जिससे आप कठिन चुनौतियों का सामना भी बहुत सरलता से कर लेंगे। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या नए पद की प्राप्ति की शुभ सूचना मिल सकती है जिससे मन प्रफुल्लित रहेगा। विष्णु सहस्रनाम का वाचन करें जिससे आपके सभी शत्रु स्वतः शांत हो जाएंगे।

### धनु

आज आध्यात्मिक और धार्मिक गतिविधियों में आपकी गहरी रुचि रहेगी। जिससे आपको आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में साझेदारी के नए प्रस्ताव मिल सकते हैं जो आगे चलकर अत्यंत लाभदायक सिद्ध होंगे। मंदिर में केसर का दान करें, जिससे आपकी यश प्रतिष्ठा और संपत्ति में निरंतर वृद्धि होगी।

### मकर

आज स्वास्थ्य के प्रति थोड़ा सतर्क रहने की आवश्यकता है और बाहर के भोजन से परहेज करना आपके हित में रहेगा। व्यापार में अपनी योजनाओं को गुप्त रखें और सोच समझकर ही कोई नया वित्तीय अनुबंध करें। भगवान श्री हरि को पीले पुष्प अर्पित करें जिससे आपकी सभी बाधाएं समाप्त होंगी।

### कुंभ

आज दांपत्य जीवन में अपार मधुरता रहेगी और जीवनसाथी की सलाह से किया गया कार्य आपको भारी सफलता दिलाएगा। व्यावसायिक संपर्क सूत्रों का विस्तार होगा और लंबे समय से रुका हुआ धन आज वापस प्राप्त हो सकता है। पक्षियों को दाना डालें जिससे आपकी मानसिक चिंताएं और भय दूर होंगे।

### मीन

आज कार्यस्थल पर आपका वर्चस्व बना रहेगा और वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की मुक्त कंठ से प्रशंसा करेंगे। अध्ययन और अनुसंधान के क्षेत्र में जुड़े लोगों को कोई बड़ी उपलब्धि मिलने के योग निर्मित हो रहे हैं। हल्दी की गांठ अपने पास रखें जिससे आपके घर परिवार में खुशहाली और संपन्नता बनी रहेगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

गुरुवार के दिन भवन के ईशान कोण अथवा पूर्व दिशा को पूर्णतः स्वच्छ रखकर वहां पीले रंग का दीप प्रज्वलित करने तथा हल्दी से स्वास्तिक चिन्ह निर्मित करने से घर का गंभीर वास्तु दोष समाप्त होता है तथा देवगुरु बृहस्पति और लक्ष्मी नारायण की कृपा से आरोग्य सुख और अखंड लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन की रणनीति पर मंथन

## 14 सितंबर को जंतर मंतर पर प्रस्तावित आंदोलन की तैयारियों पर चर्चा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को लेकर सोमवार को स्वामी घाट स्थित सयमन तीर्थ स्थल पर यमुना पूजन के बाद बैठक आयोजित की गई। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति दल एवं श्री भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति के संयुक्त तत्वावधान में हुई बैठक में संत समाज के साथ विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में आंदोलन की आगामी रणनीति तथा 14 सितंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित आंदोलन की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। वहीं श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति दल के राष्ट्रीय प्रवक्ता मुकेश कुमार शर्मा ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि का विषय करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ है। आंदोलन को प्रभावी बनाने के लिए समाज को एकजुट कर स्पष्ट मांगों के साथ लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से आगे बढ़ने की आवश्यकता है। इस अवसर पर भगवान श्री परशुराम शोभायात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राम गोपाल शर्मा ने कहा कि किसी आंदोलन की सफलता केवल भीड़ जुटाने से तय नहीं होती, बल्कि उसके पीछे स्पष्ट उद्देश्य, ठोस मांग और निरंतर जनजागरण होना आवश्यक है। यदि श्रीकृष्ण जन्मभूमि सहित अन्य धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों का स्थायी समाधान चाहिए तो सरकार से आवश्यक कानून बनाने की मांग लोकतांत्रिक तरीके से की जानी चाहिए। अखिल भारत हिंदू महासभा के उत्तर प्रदेश संत सभा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संजय हरियाणा ने कहा कि सनातन धार्मिक स्थलों के संरक्षण के लिए संत समाज और धार्मिक संगठनों को एकजुट होकर प्रभावी भूमिका निभानी होगी। श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के महामंत्री अर्जुन पंडित ने बताया कि सर्वजन सनातन पार्टी एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति दल की ओर से 14 सितंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन प्रस्तावित है। बैठक में आंदोलन की तैयारियों, संगठनात्मक स्तर पर संपर्क अभियान चलाने तथा अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर अखिलेश शुक्ला श्याम बिहार दिनकर , राजेश मणि त्रिपाठी अजय शर्मा लाला अर्जुन पंडित लब्बू पंडित श्याम शर्मा केके शर्मा ललित स्वामी कुलदीप शर्मा आचार्य पंत शर्मा आदि मौजूद थे।

# एनसीसी कैडेट्स ने निकाली तिरंगा रैली

टीएनएफ टुडे, मथुरा। कमान अधिकारी, 11 यू.पी. बटालियन एनसीसी, कर्नल विक्रम त्यागी, सेना मेडल के निर्देशन में किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा की एनसीसी यूनिट द्वारा मंगलवार को भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) प्रवीण कुमार अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्राचार्य स्वयं एनसीसी कैडेट्स एवं महाविद्यालय के शिक्षकों के साथ रैली में शामिल होकर मार्च करते हुए आगे बढ़े। कैडेट्स ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ पूरे उत्साह एवं अनुशासन से रैली में भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य ने हर घर तिरंगा अभियान एवं राष्ट्रध्वज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कैडेट्स को राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं देश के प्रति समर्पण का संदेश दिया। एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. कपिल कौशिक ने कैडेट्स को राष्ट्रध्वज की गरिमा, उसके महत्व तथा तिरंगा रैली के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रो. शालिनी सक्सेना, प्रो. राजेश अग्रवाल, प्रो. उमेश शर्मा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार कौशिक, डॉ. अजय कुमार, डॉ. राजेश सारस्वत, डॉ.

# जयसिंहपुरा निकली तिरंगा यात्रा, गूंजे भारत माता के जयकारे

- कृष्णचंद गांधी के छात्रों का घोष, वार्ड के लोग हुए शामिल
- जगह- जगह हुई पुष्पवर्षा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



आजादी महोत्सव के तहत मंगलवार को महानगर के वार्ड 36 जयसिंहपुरा देशभक्ति के रंग में नजर आया। वार्ड पार्षद/कैबिनेट सदस्य राकेश भाटिया के नेतृत्व में निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा में दोपहिया वाहन सवार, पैदल चल रहे वार्ड के लोग और कृष्णचंद गांधी स्कूल के छात्रों के देशभक्ति के नारों से जयसिंहपुरा देशभक्ति में डूबा नजर आया।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ गौरांग सिंघल के आवास से हुआ। इसमें पार्षद, पूर्व नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, कृष्णानगर मंडल प्रभारी योगेश आवा, मंडल अध्यक्ष राजू चौधरी, भाजपा नेता रवि शर्मा, समाजसेवी राजकुमार गौतम, राजकुमार चतुर्वेदी, घनश्याम गौतम, ब्रजमोहन सैनी आदि चल रहे थे। यात्रा का कालिंदी कुंज कॉलोनी पर सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में फूल माला पहनाकर और पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया। इसके बाद जयसिंहपुरा से गुजर रही तिरंगा यात्रा का जगह जगह फूल बरसाकर स्वागत किया गया। राधारानी मिष्ठान भंडार पर पहुंची तिरंगा यात्रा का स्वामी सपन साह ने स्वल्पाहार से स्वागत किया। इस मौके पर पंकज निषाद, घनश्याम सैनी, पुष्पेंद्र चौधरी, कन्हैया पंडित, सनी ठाकुर, सोनू कुमार, राजेंद्र अग्रवाल, उमेश बघेल, श्याम बघेल, भूपेंद्र कुमार, सुनील सैनी, महेश शर्मा, आशु खंडेलवाल, नीरज रावत, ज्ञान नारायण अग्रवाल बोली हलवाई आदि मौजूद रहे।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए को सौंपा सात सूत्रीय मांग पत्र

- लंबित वेतन और प्रोन्नत वेतनमान पर कार्यवाही की मांग
- समस्याओं का शीघ्र निस्तारण नहीं हुआ तो बढ़ेगा असंतोष: मुकलकांत उपाध्याय

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जनपद मथुरा इकाई ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर जनपद के शिक्षकों की ज्वलंत और लंबित समस्याओं को लेकर 7 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने अध्यापकों के प्रोन्नत वेतनमान, एरियर भुगतान, गलत चयन वेतनमान संशोधन और मानव संपदा पोर्टल की त्रुटियों को दूर करने की पुरजोर मांग की। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुगलकांत उपाध्याय और जिला मंत्री मनोज चौधरी के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल ने बीएसए को बताया कि शिक्षक लंबे समय से जायज हक के लिए कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष मुकलकांत उपाध्याय, मंत्री मनोज चौधरी, वरिष्ठ शिक्षक नेता कुलदीप सारस्वत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष धर्म सिंह, संयुक्त मंत्री अनुपम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष निशा शर्मा, प्रेम किशोर शर्मा, धर्मेंद्र प्रसाद भारद्वाज, आशुतोष उपाध्याय, हरिकांत शर्मा, अविनाश शुक्ला, संजय चिंकारा, डा. नेहा अग्रवाल, अर्चना चौधरी, जिला संगठन मंत्री सुरेश चौधरी, मौ. ताहिर, राम कुमार, गोपाल गौतम, अनीता चौधरी, जिला प्रचार मंत्री मुरारी लाल उपाध्याय तथा जिला आय-व्यय निरीक्षक श्याम सुंदर कौशिक सहित अन्य शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# यूजीसी के नए नियमों के विरोध में प्रदर्शन

## सवर्ण समाज के युवाओं ने दी चेतावनी, बोले- नए नियम वापस लें

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

यूजीसी के नए नियमों और दिशानिर्देशों के विरोध में सोमवार को सवर्ण समाज के युवाओं और छात्रों ने कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नियमों को वापस लेने की मांग को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ देश के अलग-अलग हिस्सों में आंदोलन, हड़ताल और भूख हड़ताल चल रही है। इसी कड़ी में मथुरा में भी विरोध दर्ज कराया गया। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा किसी एक जाति या समाज तक सीमित नहीं है, बल्कि सभी छात्रों के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था से जुड़ा है। प्रदर्शन के दौरान पवन दुबे ने कहा कि स्कूल-कॉलेजों में राजनीति का बढ़ता हस्तक्षेप छात्रों के भविष्य के लिए ठीक नहीं है। छात्र देश का भविष्य हैं, इसलिए शिक्षा व्यवस्था को राजनीतिक प्रभाव से दूर रखा जाना चाहिए।

एनपी सिंह ने कहा कि प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग यूजीसी के नए नियमों को वापस लेना है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने अपने फैसले पर दोबारा विचार नहीं किया तो मथुरा में भी बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा।

**2027 चुनाव में असर पड़ने की चेतावनी**

प्रदर्शनकारियों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो इसका असर 2027 के विधानसभा चुनाव में दिखाई दे सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार को सवर्ण समाज की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। इसमें यूजीसी के नए नियमों को तत्काल वापस लेने की मांग की गई।

# गोविंद विहार में प्रारंभ हुआ गौरांग लीला एवं झूलन महोत्सव

टीएनएफ टुडे, वृंदावन। रासाचार्य पद्मश्री स्वामी हरगोविंद महाराज की शताब्दी जयंती के पावन उपलक्ष्य में गोविंद विहार के दिव्य मंच पर कृष्ण लीला, गौरांग लीला एवं झूलन महोत्सव का शुभारंभ संतों के सानिध्य में हुआ। महंत फूलडोल बिहारी दास ने कहा कि ब्रज की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए रास लीला मंचन के माध्यम से धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को अक्षुण्ण रखना तथा नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, ब्रज संस्कृति एवं उसके जीवन-मूल्यों से जोड़ना हमारा उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने बताया कि स्वामी हरगोविंद महाराज द्वारा सन 1985 में स्थापित मंच पर ठाकुरजी की दिव्य लीलाओं का मंचन 23 अगस्त तक होगा, जिसके माध्यम देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को कृष्ण लीला के साक्षात दर्शन होंगे। रासाचार्य रजनीश शर्मा ने कहा कि रासलीला की पावन परंपरा के माध्यम से ठाकुरजी की दिव्य लीलाओं का संदेश जन-जन तक पहुँचे और ब्रज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत सदैव इसी प्रकार जीवंत एवं प्रकाशमान बनी रहे, यही हमारी प्रयास रहेगा। इस अवसर विनय शर्मा, आशीष गोविंद, चंद्रिका शर्मा, मुकेश हरि, देवकीनंदन सैनी, रुप किशोर सैनी, संतोष मिश्रा, धर्मवीर कुमार आदि उपस्थित थे।



## मानसिंह अध्यक्ष और नेपाल बने रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंत्री

टीएनएफ टुडे,मथुरा। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ट्रैफिक शाखा मथुरा का चुनाव मंगलवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी जितेन्द्र जोहरी एवं पंकज मालेश्वरी की देखरेख कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति निर्विरोध से किया गया। शाखा अध्यक्ष मानसिंह, शाखा मंत्री नेपाल सिंह चौधरी, गोपाल सिंह कोषाध्यक्ष सर्वेश गोयल, क्षेत्रीय प्रतिनिधि अनिल लवानिया,सतवीर सिंह, जयप्रकाश शर्मा एवं नारायण सिंह बने। इस अवसर पीयूष शर्मा, दिगंबर सिंह, कपिल शर्मा, राजवीर प्रसाद, प्रियांशू, अजय लवानिया, सुखवीर, दिनेश लवानिया, पदम सिंह, ओमप्रकाश, राजू ,सोनू,भूपेश, कन्हैया सिंह ,सतीश, केहरी सिंह, अजीत सिंह ,पवन पाठक, गजेंद्र मौजूद रहे।


## देरी से वेतन मिलने पर भाकियू शिक्षक प्रकोष्ठ ने जताया रोष

टीएनएफ टुडे, मथुरा। जनपद मथुरा के परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को प्रत्येक माह वेतन मिलने में होने वाली देरी से नाराज होकर भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी लेखाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने का मन बना कर पहुंचे। लेकिन लेखाधिकारी से हुई वार्ता के बाद शिक्षक नेताओं ने धरना प्रदर्शन करने का फैसला वापस ले लिया। लेखाधिकारी वित्त ने बताया कि ब्लॉकों से सीडी हर माह 26 तारीख तक आ जाए तो माह की एक तारीख को ही वेतन निर्गत हो जाया करेगा। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि जनपद मथुरा के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का वेतन लगातार समय से निर्गत नहीं किया जा रहा है। प्रत्येक माह वेतन वितरण में हो रही अनावश्यक देरी के कारण शिक्षकों एवं उनके परिवारों को आर्थिक, सामाजिक तथा मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। समय पर वेतन न मिलने से बैंक ऋण की किस्तें, बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक पारिवारिक दायित्व प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय किसान यूनियन (शिक्षक प्रकोष्ठ) की मांग है कि आगामी माह से प्रत्येक माह की प्रथम तिथि तक जनपद के समस्त शिक्षकों का वेतन उनके बैंक खातों में अनिवार्य रूप से प्रेषित कर दिया जाए। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह महामंत्री, वेदवीर सिंह, मनेन्द्र सिंह, कर्मवीर सिंह, मंगल छौंकर, गब्बर सिंह, धर्मेंद्र परिहार, ओमवीर चौधरी, पुष्पेंद्र सिंह, विष्णु कुमार, धर्मेंद्र कुंतल, कुलदीप सिंह, उपेंद्र सिंह, गोपाल सिंह, रनवीर सिंह, राकेश कुमार, भूरी सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मथुरा- वृंदावन में ई रिक्शा में डस्टबिन लगाना अनिवार्य

टीएनएफ टुडे, मथुरा। आगामी 13 अगस्त को पानी गांव रोड स्थित नवीन अनाज मंडी में आयोजित होने वाले ई रिक्शा चालकों के साथ जन-जागरूकता एवं संवाद अधिवेशन की तैयारियों को लेकर नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने सोमवार को कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने अधिकारियों को मंच, रेड कार्पेट, होर्डिंग, एलईडी स्क्रीन, बैठक व्यवस्था, ई-रिक्शा पार्किंग, तथा प्रवेश व निकास द्वार का सुव्यवस्थित लेआउट तैयार कर काम समय से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य ई-रिक्शा चालकों को स्वच्छता, सुरक्षित यातायात और श्रद्धालुओं-पर्यटकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार के प्रति जागरूक करना है। नगर निगम द्वारा ई-रिक्शाओं में डस्टबिन लगाए जाएंगे, ताकि यात्री और आमजन सड़कों पर कचरा फेंकने के बजाय डस्टबिन का उपयोग करें। ई-रिक्शाओं पर ह्लहम सबने ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना हैह्व लिखे संदेश की प्लेटें लगाई जाएंगी। ह्नहर घर तिरंगाह्ल अभियान के तहत ई-रिक्शाओं पर राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) भी फहराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह, पार्षद गुलवीर सिंह, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी महेश चंद्र सहित नगर निगम के कई अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कुल्लू मनाली में खाई में गिरी बुलेट, बाह के सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत, दोस्त घायल



बाह। कुल्लू मनाली में रविवार को बुलेट खाई में गिरने से बाह का सॉफ्टवेयर इंजीनियर की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। मृतक का शव घर पहुंचते ही परिवार मातम में डूब गया। जैतपुर के ज्वैलर्स विकास जैन का बेटा सम्यक जैन (22) ढ़ाई महीने पहले गुरुग्राम की एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) कंपनी में बतौर सॉफ्टवेयर इंजीनियर नियुक्त हुआ था। चाचा राहुल जैन ने बताया कि वह अपने 6 दोस्तों के साथ कुल्लू मनाली घूमने गया था। रविवार को किराए पर बुलेट लेकर बनारस के दोस्त के साथ यात्रा कर रहा था। अपने गंतव्य होटल से 3 किमी पहले उनकी बुलेट के ब्रेक फेल हो गये, जिससे दोनों गहरी खाई में गिर गये। हादसे में सम्यक जैन की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। विकास जैन के दो बेटों में सम्यक जैन बड़ा था। छोटा बेटा विद्यांश जैन देहरादून में बीडीएस की पढ़ाई कर रहा है। मंगलवार को सम्यक जैन का शव घर पर पहुंचा तो परिवार मातम में डूब गया। मृतक की मां नीतू जैन सुधबुध खो बैठी हैं। पिता का भी रो रो कर बेहाल हो गया है। मृतक की गमगीन माहौल में अंत्येष्टि कर दी गई। शोक में जैतपुर का बाजार बंद रहा। कस्बे का शायद ही कोई घर हो, जिसमें चूल्हे जले हों। जैतपुर के रिषभ जैन ने बताया कि सम्यक जैन पढ़ाई में होशियार था। मृदुभाषी एवं मिलनसार स्वभाव के सम्यक जैन की मौत के बाद दोस्तों में सिर्फ यादें बची हैं।

## खूब बचाई बाइक, खींच ले गई मौत, चार बच्चों के सिर से हटा मां का साया

बाह। फरैरा-शिकोहाबाद मार्ग पर हुए हादसे में अपनी आंखों के सामने बहू अफसाना खोने वाली नसीवन ने बताया कि नाती ने ट्रैक्टर ट्रॉली से अपनी बाइक को खूब बचाया था। किनारे तक ले गया, लेकिन मौत ट्रैक्टर के नीचे खींच ले गई। बहू की दर्दनाक मौत हुई तो उसके हाथ पर ट्रैक्टर का पहिया चढ़ गया। नाती उछल कर दूर गिरा, इसलिए उसको कम चोट लगी है। अफसाना की मौत से चार बच्चों अरमान (18), अरबाज (15), रुखसार (12), नगमा (9) के सिर से मां का साया छिन गया है।

# छात्रों में वैज्ञानिक चिंतन विकसित करतीं हैं प्रतियोगिताएं

- समग्र शिक्षा और राज्य विज्ञान संस्थान, प्रयागराज के निर्देशन में आहूत संगोष्ठी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश शर्मा ने कहा कि प्रतियोगिता का उदेश्य विद्यार्थियों में अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित करने, वैज्ञानिक चिंतन एवं अनुसंधान की प्रवृत्ति जागृत करना है।

श्री शर्मा मंगलवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में छात्र एवं छात्राओं को सम्बोधित कर रहे थे। प्रतियोगिता में गोविंद, राजकीय उ मा विद्यालय, लोहवन प्रथम और मनीषा, इस्लामिया इंटर कॉलेज, द्वितीय स्थान पर रही। समग्र शिक्षा और राज्य विज्ञान संस्थान, उत्तरप्रदेश प्रयागराज के निदेशानुसार जनपद स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी, भारतीय ऊर्जा का परिदृश्य, संभावनाएं और चुनौतियां विषय पर घंटों मंथन चला। निर्देशन जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह का रहा।

प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओ ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कक्षा 8 से 10 तक के छात्र-छात्राओ ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों द्वारा विषय पर भारत की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकता, नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा संरक्षण और वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और सतत ऊर्जा व्यवस्था के निर्माण की संभावनाओं और चुनौतियों पर प्रभावी ढंग से अपने विचार रखे।

निर्णयक डॉ सत्य प्रकाश शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों में तकनीकी रुचि विकसित करने और उन्हें भविष्य की ऊर्जा चुनौतियों के लिए तैयार करने में ऐसे आयोजन बेहद उपयोगी है। विजेता प्रतिभागी अब मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी कविता सक्सेना, ने कहा कि प्रतिभागियों को पूर्ण तैयारी के साथ प्रतिभाग करना चाहिए और जागरूक रहते हुए संसाधनों का समझदारी और मितव्ययता से उपयोग करने का संदेश दिया।

जिला समन्वयक श्याम सुन्दर और डॉ अखिलेश यादव, प्रधानाचार्य ने सहयोग कर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। इस अवसर पर पूजा शर्मा, राजेंद्र, देवेश, महेश आदि का सहयोग रहा।

# दहेज प्रताड़ना और गर्भपात में तीन की जमानत खारिज

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, आगरा।

जिला और सत्र न्यायालय में एक महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई करते हुए पीठासीन अधिकारी संजय कुमार मलिक की अदालत ने दहेज प्रताड़ना और गर्भपात से जुड़े एक गंभीर मामले में तीन आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी है। यह मामला थाना न्यू आगरा में दर्ज प्राथमिकी संख्या 200/2026 और जमानत प्रार्थनापत्र संख्या 3853/2026 से संबंधित है। इस मामले की पृष्ठभूमि के अनुसार, आरोपी नन्दित बंसल, उनके पिता गोविन्द बंसल और माता मीनू बंसल के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई गई है।

शिकायतकर्ता आस्था गुप्ता का आरोप है कि 26 नवंबर 2025 को अपनी पुत्री जान्हवी अग्रवाल बंसल का विवाह नन्दित बंसल के साथ करने के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा 21 लाख रुपये और एक वाहन की अतिरिक्त दहेज के रूप में मांग की जा रही थी। अभियोजन पक्ष और पीड़िता के अधिवक्ताओं ने न्यायालय के समक्ष तर्क प्रस्तुत किया कि शादी के तीन महीने के भीतर ही पीड़िता को शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा।

उनका आरोप है कि 15 फरवरी 2026 की रात पति, सास और ससुर द्वारा की गई मारपीट के परिणामस्वरूप पीड़िता का गर्भपात हो गया। अभियोजन ने अपने दावों की पुष्टि के लिए मेडिकल रिपोर्ट, डॉक्टरों के बयान और केस डायरी में मौजूद वीडियो रिकॉर्डिंग का संदर्भ दिया, जिसमें घटना की रात पीड़िता को गंभीर स्थिति में देखा गया।

# धिमिश्री में सुनी गईं किसानों की समस्याएं

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

तहसील फतेहाबाद क्षेत्र के ग्राम धिमिश्री में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पहल पर राजस्व विभाग द्वारा एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपजिलाधिकारी और राजस्व विभाग की टीम ने किसानों की जमीनी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया।

भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष दीपक तोमर के प्रयासों से आयोजित इस शिविर में सुबह से ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसान अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। किसानों ने मुख्य रूप से भूमि की पैमाइश, नामांतरण और खतौनी में नाम दुरुस्ती जैसी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। अधिकारियों ने मौके पर ही राजस्व अभिलेखों की जांच कर कई वर्षों से लंबित पड़े प्रकरणों को हल कराया, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। तहसील अध्यक्ष अवधेश ठाकुर ने बताया कि किसानों को छोटे-छोटे राजस्व संबंधी कार्यों के लिए तहसील के चक्कर न काटने पड़ें, इसके लिए गांव-गांव शिविर आयोजित कराने की योजना बनाई गई है।

किसान हित में यह अभियान लगातार जारी रहेगा। अगला राजस्व शिविर 18 अगस्त को ग्राम ऊंचा में और 25 अगस्त को ग्राम जारोली में आयोजित किया जाएगा। संगठन ने क्षेत्र के किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निस्तारण कराएं। इस दौरान जिला प्रवक्ता रामनिवास रघुवंशी, अवधेश ठाकुर, गोविंद सैंथिया, लोकेश जादौन सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# वायुवेग से चढ़ रहा यमुना में पानी

बाह। विभिन्न बांधों का पानी आने से बाह में वायुवेग से यमुना चढ़ रही है। निचले इलाके के कछार के खेतों में पानी भरने से अपनी फसलें उजड़ने की आशंका में ग्रामीणों की नींद उड़ गई है। यमुना नदी में जल वृद्धि को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। एसडीएम विनोद कुमार ने हल्का लेखपालों को नदी के जलस्तर पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि बचाव और राहत के लिए 5 बाढ़ चौकियां बटेश्वर, बिक्रमपुर, पारना, कचौराघाट, रामपुर चंद्रसेनी में बनाई जा रही हैं। बाढ़ के हालात पैदा होने पर ग्रामीणों को विस्थापित कर चौकियों में रखा जाएगा। गांवों में मुनादी कर नदी क्षेत्र में न जाने के लिए सतर्क किया गया है। यमुना का जलस्तर बढ़ने से गगनकी, बड़ापुरा, रामपुर चन्द्रसेनी, चरीथा, बाग गुड़ियाना, पुरा चतुर्भुज आदि गांवों के कछार के खेतों में पानी भरने लगा है। जिससे बाजरा एवं तिल की फसल में नुकसान के अंदेशे से किसान चिंतित हो उठे हैं।

# हमलावरों की गिरफ्तारी के आश्वासन पर की अंत्येष्टि

## भाजपा के मंडल अध्यक्ष के चाचा की उपचार के दौरान मौत

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, बाह।



बासौनी के गुंगावली गांव में भाजपा बाह देहात के मंडल अध्यक्ष एवं प्रधान रविन्द्र बघेल पर 9 अगस्त को हुए हमले में चाचा सुरेश बघेल समेत 4 परिजन घायल हुए थे। मंगलवार की सुबह 11 बजे मृतक के शव की अंत्येष्टि सभी हमलावरों की गिरफ्तारी के आश्वासन पर हो सकी। एसीपी पिनाहट अनिल कुमार ने किसी भी दोषी को न बख्से जाने का आश्वासन दिया। तब कहीं जाकर परिजन शव को अंत्येष्टि के लिए ले गये। मृतक के बड़े बेटे प्रेम सिंह बघेल ने मुखाग्नि दी। अंत्येष्टि में शामिल हुए फतेहपुर सीकरी लोक सभा क्षेत्र के सांसद राजकुमार चाहर के बेटे परमवीर चाहर शामिल हुए। उन्होंने परिवार को ढांढ़स बंधाया। सोमवार की सुबह उपचार के दौरान घायल सुरेश बघेल (52) की मौत हुई थी। मौत से परिवार का खून खौल उठा है। फिर से हमले का अंदेशा जताते हुए पुलिस से परिवार की महिला एवं पुरुषों ने कठोर कार्रवाई की मांग की। मंगलवार को दूसरे दिन भी गांव की गलियो में खौफनाक सन्नाटा पसरा रहा।

मृतक के परिवार में मातमी कोहराम मचा रहा। पत्नी बिट्टी देवी, बहनें ऊषा और गुड्डी समेत परिजन सुधबुध खो बैठे हैं। भाजपा नेता के भतीजे कुनाल सिंह ने 20 नामजद एवं 10-12 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिनमें से पुलिस गोलीराम, नेकसीलाल, मुन्नेश, बबलू को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। हमले में नामजद मनीष, मलखान, पवन, थान सिंह, विजय, आदेश, जोगेन्द्र, निहाल, छोटेलाल बघेल, प्रवेश, विपिन बघेल, लवकुश, अजय बघेल, अरुण, आकाश, सुनील की तलाश में पुलिस ने दविशें दी हैं। एसीपी पिनाहट अनिल कुमार ने बताया कि जल्द ही दूसरे आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मृतक दिल्ली में अपने बेटों प्रेम बघेल, मदन के साथ रह कर अगरबत्ती का कारोबार करते थे। 8 अगस्त को हुए हमले से एक दिन पहले ही गांव में हुई मौत पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए आए थे।

# करहल में भाजपा नेता अनुजेश प्रताप यादव ने फूंका चुनावी बिगुल, खोला कैंप कार्यालय

टीएनएफ टुडे, करहल।





विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां धीरे-धीरे तेज होने लगी हैं। इसी क्रम में भाजपा नेता अनुजेश प्रताप यादव ने करहल क्षेत्र में अपना कैंप कार्यालय खोलकर चुनावी तैयारियों का बिगुल फूंक दिया है। करहल के कंचनपुर में खोले गए कैंप कार्यालय का उद्घाटन कर उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से सीधे संवाद की शुरूआत की। अब क्षेत्र के फरियादियों को अपनी समस्याएं लेकर भारौल जाने की परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी।

भाजपा नेता अनुजेश प्रताप यादव ने बताया कि क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं और फरियादों को लेकर उनसे मिलने के लिए भारौल पहुंचते थे। दूरी अधिक होने के कारण कई फरियादियों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। क्षेत्रवासियों की इस समस्या को देखते हुए करहल में ही कैंप कार्यालय खोलने का निर्णय लिया गया है, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दूर न जाना पड़े।

कंचनपुर स्थित कैंप कार्यालय में अब प्रत्येक सप्ताह बुधवार और रविवार को फरियादियों की समस्याएं सुनी जाएंगी। इन दोनों दिनों में भाजपा नेता अनुजेश प्रताप यादव क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनेंगे तथा संबंधित अधिकारियों और विभागों के माध्यम से उनके निराकरण का प्रयास करेंगे। कैंप कार्यालय के उद्घाटन के दौरान बड़ी संख्या में समर्थक एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता का स्वागत करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत करने और क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया।

अनुजेश प्रताप यादव ने कहा कि क्षेत्र की जनता से उनका निरंतर संपर्क रहा है और लोगों की समस्याओं को सुनना उनकी प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि करहल में कैंप कार्यालय शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को अपनी बात रखने के लिए एक सुविधाजनक स्थान मिल गया है। उनका प्रयास रहेगा कि फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाए।

कैंप कार्यालय के उद्घाटन को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों से जोड़कर भी देखा जा रहा है। भाजपा नेता द्वारा करहल में नियमित रूप से जनसंपर्क और फरियादियों से मुलाकात का कार्यक्रम शुरू किए जाने से क्षेत्र की राजनीतिक गतिविधियों में भी तेजी आने की संभावना है।

गांव कंचनपुर में भारतीय जनता पार्टी के कैंप कार्यालय के उद्घाटन के दौरान भाजपा नेता अनुजेश प्रताप यादव ने हवन पूजन ओर फीता काटकर किया उद्घाटन। प्रदीप यादव प्रधान एवं प्रधान प्रतिनिधि रामनरेश यादव ने संयुक्त रूप से भाजपा नेता अनुजेश प्रताप यादव का स्वागत सम्मान किया और आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। रामनरेश यादव कार्यक्रम आयोजक ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर भाजपा नेता अनुजेश प्रताप यादव,धर्मेंद्र यादव प्रबंधक,रामसेवक यादव डीलर,शैलेंद्र यादव भाजपा नेता,तेजेन्द्र सिंह प्रधान,मनोज यादव प्रधान,रविन्द्र यादव प्रधान,पप्पू नवीन यादव पूर्व प्रधान,आयुष बंसल सभासद प्रतिनिधि,अनूप यादव,सतीश यादव,हीरालाल यादव,जोनी यादव , रामकिशोर यादव,विकास यादव, शांती स्वरूप यादव,सुमित यादव,अनिल यादव अध्यापक,शिवम यादव,पंकज यादव,सीबू यादव, अजीत कुमार रोजगार सेवक,पवन शाक्य बूथ अध्यक्ष,पंकज राजपूत, हरी सिंह,अरुण कुमार,दिनेश डीलर समेत आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## सीएमओ ने भोगांव सीएचसी का किया औचक निरीक्षण, अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश

टीएनएफ टुडे, भोगांव।



मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरसी गुप्ता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोगांव का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में कई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इनमें मेडिकल ऑफिसर डॉ. राघव पांडे, स्टाफ नर्स सीमा, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अनिल कुमार एक दिन तथा लैब टेक्नीशियन आनंद प्रताप सिंह दो दिन से अनुपस्थित मिले।

सीएमओ ने अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगने के साथ ही उनका वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि कार्य में लापरवाही अथवा अनियमितता मिलने पर विभागीय स्तर पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों को निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने ओपीडी, आईपीडी, लैब, एक्स-रे रूम और लेबर रूम सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मोहित चतुर्वेदी को स्वास्थ्य सेवाओं में आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए।

डॉ. गुप्ता ने सभी अधीक्षकों एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को नियमित टीकाकरण अभियान को लक्ष्य के अनुरूप पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से एचपीवी वैक्सीनेशन पर जोर देते हुए कहा कि 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगवाने के लिए जागरूक किया जाए। इसके लिए संबंधित विद्यालयों से समन्वय स्थापित कर अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए।

सीएमओ ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है।

## भाजपा नेता अनुजेश प्रताप यादव के नेतृत्व में 14 को निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा

करहल। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 14 अगस्त को करहल में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ सुबह 10 बजे नरसिंह इंटर कॉलेज से किया जाएगा। यात्रा में भाजपा नेता एवं करहल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी अनुजेश प्रताप यादव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, भाजपा नेता अनुजेश प्रताप यादव ने बताया कि तिरंगा यात्रा में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने सभी सम्मानित पदाधिकारियों और कार्यकताओं से निर्धारित समय पर नरसिंह इंटर कॉलेज पहुंचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा को भव्य बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

## मोटामल मंदिर में भागवत कथा के दौरान नरेंद्र यादव का ऐलान, वार्ड 23 से हर हाल में लड़ेंगे चुनाव

टीएनएफ टुडे, करहल।





कस्बे के मोटामल मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान अध्यापक एवं वार्ड 23 से जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी नरेंद्र यादव पहुंचे। उन्होंने कथा व्यास माधव शास्त्री का पटका, पगड़ी एवं फूल मालाओं से स्वागत कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम आयोजकों की ओर से भी नरेंद्र यादव का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

इस दौरान नरेंद्र यादव ने लोगों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के साथ-साथ पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। सभी लोगों को नशा मुक्ति के लिए आगे आना चाहिए और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

नरेंद्र यादव ने कहा कि वह वार्ड 23 से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव हर हाल में लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने लंबे समय तक बच्चों को शिक्षा दी है और पढ़ाए हुए बच्चों के विशेष सहयोग से चुनाव में जीत हासिल करने का लक्ष्य है। उन्होंने स्वयं को समाजवादी पार्टी का सच्चा सिपाही बताते हुए कहा कि सहयोग मिले या न मिले, वह चुनाव जरूर लड़ेंगे।

नरेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि पूर्व में एक नेता ने उनसे समाजवादी पार्टी का झंडा उतारने के लिए कहा था। झंडा नहीं उतारने पर उनके खिलाफ कई फर्जी मुकदमे दर्ज कराए गए। उन्होंने कहा कि आज वही नेता समाजवादी पार्टी में शामिल हैं। उनके इस बयान को लेकर कार्यक्रम के दौरान राजनीतिक चचाएं भी होती रहीं।

इस मौके पर हनुमान भक्त संदीप यादव डुग्गू, रोहित यादव, विजयराम यादव, विश्राम यादव, सनी यादव, दफेदार सिंह पाल, सनी यादव, रीतू यादव, विकास यादव, मोहित यादव समेत आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## नगर में भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा, दिखा जोशपूर्ण माहौल

शिकोहाबाद । हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा नगर शिकोहाबाद के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने आज मंगलवार को शहर में तिरंगा यात्रा निकाली। एटा रोड स्थित चौमुखी महादेव मंदिर से शुरू हुई यात्रा तहसील स्थित शहीद स्मारक तक गई। हाथों में तिरंगा लेकर कार्यकताओं ने वीर शहीदों के नारे लगाए। यात्रा के दौरान कार्यकताओं ने लोगों को राष्ट्रध्वज के सम्मान और देश के प्रति जिम्मेदारियों का संदेश दिया।

शिकोहाबाद नगर में भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई । तिरंगा यात्रा चौमुखी महादेव मंदिर से शुरू हुई, जो एटा तिराहा, कटरा बाजार, पक्का तालाब , तहसील तिराहा होते हुए तहसील स्थित शहीद स्मारक पर पहुंची, जहां शहीदों को नमन किया गया। यात्रा के आगे आगे बुलडोजर चल रहा था । इस मौके पर कहा गया कि तिरंगा देश की अखंडता और संप्रभुता का प्रतीक है। यह वीर शहीदों के बलिदान के प्रति कृतज्ञता दशार्ता है। राष्ट्रीय ध्वज देश की एकता, गौरव और सम्मान से जुड़ा है। अभियान का उद्देश्य लोगों को तिरंगे के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना से जोड़ना है। इस मौके पर बीजेपी महानगर अध्यक्ष सतीश कुमार, पालिकाध्यक्ष रानी गुप्ता, डॉ रामकैलाश यादव, नगर अध्यक्ष शिवम दीक्षित, भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के ब्रज प्रांत सह संयोजक राजीव गुप्ता, सतीश यादव , ओमप्रकाश वर्मा आदि।

## चर्चित कलाकार दिनेश सिंह को प्रशांत फाउंडेशन ने 'पर्यावरण गौरव सम्मान' से किया सम्मानित

टीएनएफ टुडे, नोएडा/मैनपुरी।




सामाजिक सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय प्रशांत फाउंडेशन की ओर से नजरबद्ध प्रोडक्शन के चर्चित कलाकार एवं अधिकारी जी घर पर हैं से लोकप्रिय दिनेश सिंह जी को पर्यावरण गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। तथा पौधों के साथ श्रीमद्भगवद्गीता भी की भेंट,कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश प्रशांत फाउंडेशन के संस्थापक रुद्राक्षमैन डॉ. रिपुदमन सिंह ने दिनेश सिंह जी को सम्मान प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की। इस विशेष अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली का संदेश देते हुए उन्हें सन ऑफ इंडिया और स्नो वाईट प्रजाति के पौधे भेंट किए गए। इसके साथ ही भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक ज्ञान एवं जीवन मूल्यों के प्रतीक स्वरूप उन्हें श्रीमद्भगवद्गीता भी ससम्मान भेंट की गई।

इस अवसर पर रुद्राक्ष मैन डॉ. रिपुदमन सिंह ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पेड़-पौधे केवल धरती की सुंदरता नहीं बढ़ाते, बल्कि मानव जीवन और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार हैं। प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण के साथ उसकी नियमित देखभाल का भी संकल्प लेना चाहिए।

उन्होंने कहा,एक पौधा भेंट करना केवल एक उपहार देना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और हरित भविष्य देने का संकल्प है। वहीं श्रीमद्भगवद्गीता हमें अपने कर्तव्यों और समाज के प्रति जिम्मेदारी का मार्ग दिखाती है।

दिनेश सिंह ने प्रशांत फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए संस्था के प्रयासों को प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर अंकुर शर्मा जी एवं स्वेक्षा चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे और पर्यावरण संरक्षण की इस पहल में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

प्रशांत फाउंडेशन इटावा द्वारा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विगत कई वर्षों से वृहद स्तर पर विभिन्न पर्यावरणीय अभियान चलाए जा रहे हैं। संस्था द्वारा वृक्षदान महाअभियान , त्रिवेणी मिशन, मिशन हरियाली एवं मिशन ग्रीन अर्थ के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रशांत फाउंडेशन द्वारा प्रत्येक रविवार नियमित पौधारोपण अभियान चलाने के साथ-साथ प्रतिदिन पौधारोपण की मुहिम को भी निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। संस्था का उद्देश्य पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों के संरक्षण, देखभाल और समाज में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है।

फाउंडेशन का संदेश है कि हर हाथ एक पौधा लगाए और हर व्यक्ति उसकी रक्षा का संकल्प ले, तभी हरित और सुरक्षित भविष्य का सपना साकार होगा।

## बीडीएम में हुआ नवप्रवेशित छात्राओं के लिए दीक्षारम्भ कार्यक्रम आयोजित

टीएनएफ टुडे, शिकोहाबाद।

बी0डी0एम0 म्यू. गर्ल्स डिग्री कॉलेज में प्राचार्या प्रो0 गीता यादवेन्दु के संरक्षण एवं आई0क्यू0ए0सी0 प्रभारी प्रो0 सीमारानी जैन के संयोजन में महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्राओं के लिए दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन रानी लक्ष्मीबाई सभागार में किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से किया गया। संगीत विभाग की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत की मनमोहक प्रस्तुति दी। नव प्रवेशित छात्राओं का स्वागत करते हुए आईक्यूएसी प्रभारी प्रो0 सीमारानी जैन ने महाविद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों अनुशासन एवं महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं जिसमें पुस्तकालय, वाईफाई, छात्रवृत्ति एवं खेलकूद आदि से अवगत कराया। इस मौके पर हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो0 शशिप्रभा तोमर ने छात्राओं को नियमित अध्ययन, अनुशासन तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या प्रो0 गीता यादवेन्दु ने नव प्रवेशित छात्राओं को उच्च शिक्षा का महत्व बताते हुए महाविद्यालय की विगत स्पेशल उपलब्धियों से परिचित कराया। कार्यक्रम कें अंत में 12वीं कक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण मौजूद रहे । कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 नीलम ( संस्कृत विभागाध्यक्ष ) ने किया।

## 100 मीटर लंबे तिरंगे से सजा सिरसागंज, गूंजे भारत माता के जयकारे

### हजारों बच्चों और नागरिकों ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा, जेसीबी से हुई पुष्प वर्षा

टीएनएफ टुडे, सिरसागंज।



स्वतंत्रता दिवस से पहले मंगलवार को सिरसागंज नगर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। नगर पालिका परिसर से 100 मीटर लंबे विशाल तिरंगे के साथ निकली भव्य तिरंगा यात्रा में हजारों स्कूली बच्चों और नागरिकों ने हिस्सा लिया। हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और देशभक्ति के नारों से पूरा नगर गूंज उठा।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका परिसर से जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुमित प्रताप सिंह और भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की मौजूदगी में हुआ। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सुभाष तिराहा पहुंची, जहां इसका समापन हुआ।

जेसीबी से बरसे फूल, जगह-जगह हुआ स्वागत

तिरंगा यात्रा के दौरान नगरवासियों और व्यापारियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। अरांव चौराहे पर जेसीबी के ऊपर खड़े लोगों ने यात्रा पर फूल बरसाए। इटावा रोड पर स्कूली बच्चों ने पुष्प वर्षा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। वहीं करहल रोड पर बच्चों और यात्रा में शामिल लोगों को पानी की बोतलें, चिप्स, नमकीन सहित अन्य खाद्य सामग्री वितरित की गई।

यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस भी मुस्तैद रही। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ पूरे मार्ग पर निगरानी करते रहे।

**देश की तरक्की के लिए एकजुट होने का संदेश**

मुख्य अतिथि सुमित प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हर वर्ष हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा के माध्यम से देशभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। देश की उन्नति और तरक्की के लिए प्रत्येक नागरिक को एकजुट होकर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त तक देशभर में हर जनपद और गांव में देशभक्ति का ऐसा ही उत्साह देखने को मिलेगा।

## हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 'तिरंगे के साथ सेल्फी' कार्यक्रम आयोजित

सिरसागंज। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिरसागंज में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से तिरंगे के साथ सेल्फी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं महाविद्यालय परिवार में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान तथा देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोनल भार्गव के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सभी छात्राओं एवं शिक्षकों ने अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ तिरंगे के साथ सेल्फी ली तथा अभियान में सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। छात्राओं में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कान्ति शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा हमारे देश की एकता, अखंडता, गौरव और स्वतंत्रता का प्रतीक है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे ह्यहर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुँचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ और देश के प्रति अपने कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों को समझें। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोनल भार्गव ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। हर घर तिरंगा जैसे अभियान युवाओं में राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित किया कि वे स्वयं इस अभियान का हिस्सा बनें तथा अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें ।कार्यक्रम में डॉ. राधेश्याम सिंह, डॉ. सुरेश चंद्र, डॉ. सनी कुमार वर्मा, डॉ. अभिषेक प्रकाश, डॉ. शालिनी सिंह, डॉ. कृष्ण मोहन पाठक, श्री अतुल भदौरिया, राम शंकर सहित महाविद्यालय की सभी छात्राएँ उपस्थित रहीं और उत्साहपूर्वक तिरंगे के साथ सेल्फी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया ।कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण रहा। छात्राओं एवं शिक्षकों ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा-अभियान के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## हर घर तिरंगा के माध्यम से अमर शहीद खुदीराम बोस को किया नमन

शिकोहाबाद। पालीवाल महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत देश के स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया । इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक प्रोफेसर एमपी सिंह ने बताया कि इस समय हर घर तिरंगा राष्ट्रीय अभियान का द्वितीय चरण चल रहा है और यह संयोग की बात है कि आज ही के दिन 11 अगस्त 1908 को अंग्रेजी हुकूमत द्वारा बिहार के मुजफ्फरपुर में भारतवर्ष के सबसे युवा क्रांतिकारी, बलिदानी एवं अमर शहीद खुदीराम बोस फांसी दी गई थी। उनकी आज 118वीं पुण्यतिथि है। मुख्य अतिथि तहसीलदार कीर्ति चौधरी ने बताया कि हमें आजादी में प्राण गंवाने वाले सेनानियॉ के संघर्ष को सम्मान देना होगा। मात्र 18 वर्ष की अल्पायु में मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले खुदीराम बोस भारतीय युवाओं के लिए त्याग, साहस और राष्ट्रप्रेम के प्रेरणास्रोत हैं। प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर प्रेम प्रभाकर यादव ने बताया कि आज जब देश में ह्यहर घर तिरंगाह्न अभियान के माध्यम से राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्रीय एकता की भावना को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है, ऐसे अवसर पर शहीदों के बलिदान का स्मरण और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है। इस मौके पर डॉ अजय करण चौधरी ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों, त्याग, बलिदान और राष्ट्रीय एकता का जीवंत प्रतीक है। संचालन कार्यक्रम अधिकारी द्वितीय डॉ टी एच नकवी ने किया ।

# बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का कांग्रेस ने लिया संकल्प

### संगठन सृजन अभियान के तहत जिला-शहर कांग्रेस की संयुक्त बैठक, भाजपा की नीतियों के खिलाफ संघर्ष का आह्वान

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।

संगठन सृजन अभियान के तहत मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय मिलन स्थली, मोढ़ा में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकताओं को सक्रिय करने और जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष तेज करने पर मंथन किया गया।

बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस की पर्यवेक्षक संजीता सिहाग तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पर्यवेक्षक राजेश राज जीवन, प्रशांत तिवारी और संगीता सिंह मौजूद रहे। पर्यवेक्षकों ने जिला पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों और नगर अध्यक्षों से संगठन की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही कार्यकताओं से गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुंचकर कांग्रेस की विचारधारा और नीतियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया।

संजीता सिहाग ने कहा कि कांग्रेस लगातार जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रही है। लोकतांत्रिक संस्थाओं और आम जनता के अधिकारों को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी और किसानों व युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर सरकार पर सवाल उठाए।




राजेश राज जीवन ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं। भाजपा की नीतियों के खिलाफ कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक जनता की आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने कार्यकताओं से आपसी समन्वय के साथ संगठन को गांव, ब्लॉक और बूथ स्तर तक मजबूत करने की अपील की।

प्रशांत तिवारी और संगीता सिंह ने कहा कि कांग्रेस का संघर्ष संविधान, लोकतंत्र और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए है। मौजूदा परिस्थितियों में कांग्रेस कार्यकताओं की जिम्मेदारी और बढ़ गई है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामनिवास यादव ने कहा कि फिरोजाबाद में संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। संगठन सृजन अभियान के माध्यम से प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय कर कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। कार्यकर्ता एकजुट होकर जनता के बीच जाएंगे और उनकी समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे।

बैठक में कांग्रेसजनों ने संगठन को मजबूत करने, जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करने और पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी बनाने का संकल्प लिया।

इस दौरान महानगर अध्यक्ष सफात खान राजू, वरिष्ठ नेता हाजी सईद पटेल, धर्मसिंह यादव, राजवीर सिंह यादव, उजामदेवी गुप्ता, शैलेन्द्र शुक्ला, गुलाम जिलानी, हाजी नसीर अहमद, जितेंद्र तिवारी, प्रदीप शर्मा, अजय यादव, आशीष तिवारी, लाला राईन, अनिल यादव, बीएस गौतम, संजय यादव, जहिर खाकसार, संदीप ओझा, डॉ. आसिफ, अजय शर्मा, यश दुबे, वकार खालिक, कल्याण सिंह, आलोक यादव, शांति शंखवार, उमर फारूक, लक्ष्मी प्रकाश वार्ष्णेय, जयपाल सिंह, सुरजीत यादव, रामनाथ सिंह, प्रवीण कुमार, राहुल शर्मा, विराट दिवाकर, मीनाक्षी पचौरी, सतीश चंद्र, पूरन सिंह प्रजापति, जयराम प्रजापति, चंद्र प्रकाश, भूपेंद्र यादव समेत जिला एवं शहर कांग्रेस के पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाढ़ के साथ लौटती हैं समस्याएं, पानी उतरते ही गायब हो जाते समाधान

- खेत जलमग्न, नाव बनी सहारा
- गंगा का जलस्तर घटा, लेकिन तटीय गांवों की मुश्किलें बरकरार

उदित विजय वर्गीय,



**टीएनएफ टुडे, पटियाली।** गंगा के जलस्तर मे मंगलवार को गिरावट दर्ज की गई है। लेकिन विगत दिनों जलस्तर बढ़ने से डूबे गांव की परेशानी बरकरार है। तटीय गांवों में खेतों में पानी भरा हुआ है। सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न है और आवागमन बाधित है। केवल नाव ही आवागमन का सहारा है। मौजूदा समस्या को लेकर ग्रामीण उर्वेश यादव का कहना है कि बाढ़ के साथ समस्याएं लौटती हैं और पानी उतरते ही उनके स्थायी समाधान की मांग भी गायब हो जाती है।

नगला हंसी से राजेपुर कुर्रा तक स्थायी बांध नहीं होने के कारण मूंजखेड़ा, नगला दुर्जन, नगला नरपत, नगला खना, नगला पदम और नगला जयकिशन समेत आसपास के गांवों के ग्रामीण हर बरसात में बाढ़ का सामना करते हैं। गंगा का पानी खेतों में पहुंचने के साथ फसलों को नुकसान पहुंचाता है। सड़के जलमग्न हो जाती हैं। नाव के सहारे आवागमन करना पड़ रहा है। हाल ही में बाढ़ प्रभावित मूंजखेड़ा पहुंचे भाजपा नेताओं एवं पार्टी पदाधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। इससे ग्रामीणों को तत्काल राहत जरूर मिली, लेकिन यह कुछ दिन का सहारा है। जबकि बाढ़ की समस्या हर साल लौटकर आती है।

ग्रामीण दिनेश के मुताबिक बाढ़ के दौरान अधिकारी और जनप्रतिनिधि गांव पहुंचते हैं, समस्याएं सुनी जाती हैं और राहत-बचाव के इंतजाम किए जाते हैं। लेकिन पानी उतरने के बाद स्थायी बांध, पुलियों के निर्माण और बाढ़ से सुरक्षा की मांग फिर पीछे छूट जाती है। उनका कहना है कि यदि हर साल एक ही समस्या सामने आ रही है तो उसका स्थायी समाधान भी होना चाहिए। उन्होने मांग की कि नगला हंसी से राजेपुर कुर्रा तक स्थायी बांध का निर्माण कराया जाए क्षतिग्रस्त पुलियों का स्थायी समाधान हो और पानी उतरने पर बाढ से प्रभावित फसलों का सर्वे कराकर किसानों को उचित राहत दी जाए।

### डीएम ने किया बांढ प्रभावित क्षेत्र का दौरा

पटियाली तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों का डीएम प्रणय सिंह ने दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित लोगों को राहत सामग्री वितरित की और अधिकारियों को बाढ़ प्रभावितों की मदद एवं राहत कार्यों में तेजी लाने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणो ने क्षेत्र मे बांध की मांग को रखा। जिसको लेकर उन्होंने ग्रामीणों को समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान एसडीएम पटियाली आतिश कुमार सिंह, एसडीएम न्यायिक मोहम्मद नासिर, तहसीलदार रामनयन सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# निर्माण एवं विकास कार्यों में मानकों का रखा जाए विशेष ध्यान

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

डीएम ने विकास भवन स्थित विवेकानन्द सभागार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सभागार में चल रहे निर्माण एवं अन्य कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम प्रणय सिंह ने कहा कि कार्यों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में न हो तथा शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कार्य की नियमित निगरानी करने के भी निर्देश दिए, जिससे कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा हो सके। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह, जिला परियोजना निदेशक प्रतिमा निमेष सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पर्यवेक्षकों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से जानी जमीनी हकीकत

- कांग्रेस संगठन सृजन अभियान की बैठक में हुई
- संगठनात्मक चर्चा पर्वेक्षकों ने कार्यकर्ताओं को दी केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश की जानकारी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



मंगलवार को शहर के एक होटल में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की स्थिति, पार्टी की मजबूती और आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से विस्तृत जानकारी ली गई।

बैठक के लिए एआईसीसी ऑब्जर्वर विजय जांगड़, पीपीसी ऑब्जर्वर एवं पूर्व सांसद सत्या बहन, पीसीसी ऑब्जर्वर ओमकार सिंह तथा पीसीसी ऑब्जर्वर गिरवर शर्मा पर्यवेक्षकों ने जिला एवं शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों, महिला कांग्रेस तथा विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों से संगठन की जमीनी स्थिति के बारे में जानकारी ली। बैठक के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने कहा कि जिलाध्यक्ष मनोज पाण्डेय के नेतृत्व में कासगंज में कांग्रेस संगठन लगातार सक्रिय होकर बेहतर काम कर रहा है। कार्यकताओं के अनुसार संगठन का लगातार विस्तार हो रहा है और पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा से प्रभावित होकर विभिन्न दलों को छोड़कर लोग कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं।

संगठनात्मक बैठक के बाद कांग्रेस नेताओं एवं पर्यवेक्षकों द्वारा प्रेस वार्ता भी की गई, जिसमें संगठन सृजन अभियान और कासगंज में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई।

जिलाध्यक्ष मनोज पाण्डेय.सत्यप्रकाश गुप्ता. कमल गुप्ता. अदनान मियाँ. मुनेन्द्र पाल सिंह. विमल सिंह.साजिल. अमित भय्यू. अजय मिश्रा. हरी शंकर पचौरी. झम्मन सिंह लोधी. रमेश धनगर. दीपक धनगर दीपू पाण्डेय. प्रतिभा सिंह ऊषा पाल रत्नेश उपाध्यय. अर्चिका मिश्रा. सुशील पंडित. तरुण शर्मा. अमित पाठक नूर मोहम्मद नुरु. गुलफाम सिंह. दीपक धनगर.अली हसन. दीक्षा गुप्ता. चंदरवाती मानसी ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# गांव फाजिलपुर में बनाया जा रहा था सिंथेटिक दूध

- 100 लीटर मिश्रित दूध कराया गया नष्ट, बरामद हुई
- दूध बनाने की सामग्री खाद्य सुरक्षा विभाग ने डेयरी पर की छापामार कार्यवाही

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



डीएम के निदेर्शानुसार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा पुलिस बल की संयुक्त टीम ने सिरावली ग्राम पंचायत के ग्राम फाजिलपुर स्थित पप्पू यादव के डेयरी प्रतिष्ठान पर छापेमार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान मौके पर दो कैनों में खराब एवं दुर्गंधयुक्त दूध पाया गया, जो प्रथम दृष्टया मिलावटी प्रतीत हुआ। जिसे नष्ट कराया गया है।

टीम द्वारा मिश्रित दूध के दो नमूने जांच के लिए संग्रहित कर राजकीय खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। वहीं लगभग 100 लीटर मिश्रित दूध, जिसकी अनुमानित कीमत 6,200 रुपये है, को मौके पर नष्ट कराया गया। नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आनंद कुमार देव के नेतृत्व में की गई। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओमबीर सिंह तथा पुलिस बल से उप निरीक्षक किशोर लाल मीणा सहित आरक्षी लवी एवं रोहित कुमार मौजूद रहे। खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया कि दूध एवं अन्य खाद्य-पेय पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए लगातार छापेमार एवं जांच की कार्रवाई जारी रहेगी।

# समाज के लोगों से रूबरू हुए एमएलसी दयाराम प्रजापति

- सपा में निहित बताया प्रजापति समाज का कल्याण
- 2027के विधान सभा चुनाव ने पार्टी की वोट सपोर्ट की अपील

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



समाजवादी पार्टी कार्यालय पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं एमएलसी दयाराम प्रजापति ने जिले भर से आए प्रजापति समाज के लोगों से संवाद किया। समाजवादी पार्टी में ही समाज का कल्याण बताया। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को वोट से सपोर्ट करने की अपील की।

जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह यादव ने पूर्व मंत्री का पार्टी कार्यकताओं के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम ने एमएलसी दयाराम प्रजापति ने कहा प्रजापति समाज, भाजपा सरकार में विलुप्त हो गया है, सरकार में ना तो प्रजापति समाज को कोई सम्मान दिया जा रहा है ना ही उनके कोई चिकित्सा शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार में बढ़ावा दिया गया है। प्रजापति समाज की भागीदारी ना तो सरकारी विभागों में, कुलपति, कहीं भी समाज के प्रतिनिधित्व दिखाई नहीं दे रहा है जिसकी जिम्मेदार भाजपा सरकार है। जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव ने कहा , जनपद कासगंज में प्रजापति समाज समाजवादी पार्टी से लगातार जुड़ रहा है 2024 में प्रजापति समाज ने अहम भूमिका निभाई थी।

कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव विनय कुशवाहा ने किया। इस अवसर पर बादल प्रजापति, राकेश प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति, रतन प्रजापति, बृजनंदन प्रजापति, राहुल प्रजापति, अमित प्रजापति, विधानसभा अध्यक्ष विनोद बघेल, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा असहाब हुसैन, गंगा दिन राठौर, सोनू भंडारी, तरुण मासी, प्रवेंद्र राणा, अविनाश राजपूत, सोरन सिंह बघेल, कैलाश यादव, विशाल कश्यप, दिनेश शाक्य, मुनेंद्र शाक्य, ओम सिंह मिश्रा, धीरेंद्र तोमर, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शाहपुर टहला में बढ़ रही चोरियां, करणी सेना ने जताया आक्रोश

**टीएनएफ टुडे, कासगंज।** जिले के ग्राम शाहपुर टहला में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि चोर आए दिन घरों को निशाना बना रहे हैं, जिससे लोगों का अपने घरों में रहना भी मुश्किल हो गया है। करणी सेना ने पुलिस प्रशासन से सात दिन में कार्रवाई और चोरी का सामान बरामद कराने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि चोरी की घटनाओं के बावजूद अभी तक चोरों की गिरफ्तारी नहीं होने से लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। मामले को लेकर करणी सेना राष्ट्रवादी ने पुलिस प्रशासन से चोरों को जल्द गिरफ्तार कर पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग की है। संगठन के युवा जिला अध्यक्ष सत्यम सिंह राठौड़ ने कहा कि पुलिस प्रशासन को चोरों की गिरफ्तारी और चोरी की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए 7 दिन का समय दिया गया है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं हुई तो आठवें दिन थाना पटियाली एवं चौकी दरियावगंज का घेराव किया जाएगा।

सत्यम सिंह राठौड़ ने कहा कि इस दौरान होने वाली स्थिति की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। करणी सेना राष्ट्रवादी एवं समस्त ग्रामवासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए और पीड़ित परिवारों को उनका चोरी हुआ सामान बरामद कराकर न्याय दिलाया जाए।

# नाला में मिला नवजात, शिशु को आगरा के राजकीय शिशु गृह भेजा



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- बाल कल्याण समिति ने शिशु के हित की ध्यान में रखते हुए लिया निर्णय

नवजात थाना पटियाली क्षेत्र में नाले में लावारिस अवस्था में पड़े मिले शिशु को अन्य औपचारिकताओं के बाद बाल कल्याण समिति ने शिशु की राजकीय शिशु केंद्र आगरा भेजने का निर्णय लिया। शिशु को विशेष निगरानी में आगरा भिजवाया गया है।

बाल कल्याण समिति द्वारा नवजात शिशु के सर्वोत्तम हित, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए आदेश पारित कर उसे आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण एवं उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जिला चिकित्सालय में शिशु का समस्त आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार पूर्ण होने के उपरांत शिशु को पुनः बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।समिति द्वारा उपलब्ध चिकित्सकीय रिपोर्ट एवं अन्य अभिलेखों का अवलोकन करने तथा नवजात शिशु के सर्वोत्तम हित को दृष्टिगत रखते हुए उसे समुचित संरक्षण एवं देखभाल हेतु राजकीय शिशु गृह, आगरा में आवासित किए जाने के आदेश पारित किए गए।इस अवसर पर अवसर पर बाल कल्याण समिति के माननीय सदस्य डॉ. मोहम्मद फारूक, डॉ. मोहम्मद लाइक अली खान, शशिबाला गुप्ता एवं श चंद्रप्रभा सिंह जी उपस्थित रहे।

# एसपी ने कोतवाली गंजडुंडवारा का किया निरीक्षण

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, गंजडुंडवारा।

- कांवड़ यात्रा और 15 अगस्त को लेकर परखा सुरक्षा का खाका
- कांवड़ मार्ग, संवेदनशील स्थानों पर बढ़ेगी निगरानी



कांवड़ यात्रा और आगामी स्वतंत्रता दिवस को लेकर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण कर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कांवड़ मार्ग, संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसपी ने कांवड़ मार्ग पर लगातार गश्त, प्रभावी निगरानी और यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के निर्देश दिए। संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग करने को कहा। 15 अगस्त के मद्देनजर सरकारी प्रतिष्ठानों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष निगरानी के साथ होटल व धर्मशालाओं में चेकिंग और सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। सोशल मीडिया पर अफवाहजनक सूचनाओं पर नजर रखने और संदिग्ध गतिविधि मिलने पर तत्काल कार्रवाई के लिए भी कहा गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने अपराध नियंत्रण, वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा नियमित पुलिस गश्त की भी समीक्षा की। उन्होंने पुलिसकर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि कांवड़ यात्रा और स्वतंत्रता दिवस के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# 12 को तिरंगा कॉन्सर्ट, 13 अगस्त को निकलेगी तिरंगा रैली

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस पर लगेगी प्रदर्शनी।
- हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत होंगे आयोजन

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिले 12 से 14 अगस्त तक देशभक्ति एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन एवं संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं स्वतंत्रता संग्राम के प्रति जागरूकता की भावना को और मजबूत करना है।

कार्यक्रमों के क्रम में 12 अगस्त को तिरंगा कॉन्सर्ट का आयोजन श्री गणेश इंटर कॉलेज ऑडिटोरियम में किया जाएगा। कार्यक्रम में पीएसी बैंड वादन, दीप प्रज्ज्वलन, वंदे मातरम् का सामूहिक गायन, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा जनप्रतिनिधियों का उद्बोधन होगा। प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे।

13 अगस्त को तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली प्रातः 8 बजे सोरों गेट से प्रारंभ होकर सोरों क्षेत्र तक जाएगी। इसमें नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं विभिन्न संगठनों की सहभागिता रहेगी। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस-2026 के अवसर पर श्री गणेश इंटर कॉलेज, कासगंज में कार्यक्रम आयोजित होगा। प्रातः 11 बजे विभाजन विभीषिका प्रदर्शनी का अनावरण एवं अवलोकन किया जाएगा। इसके बाद विभाजन की त्रासदी के प्रति दो मिनट का मौन, विभाजन पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन तथा आमंत्रित संगठनों एवं विस्थापित परिवारों के वक्तव्य होंगे। कार्यक्रम में आमंत्रित महानुभावों का उद्बोधन एवं राष्ट्रगान के साथ समापन होगा।

जिला प्रशासन ने जनपदवासियों से इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

# दुकान में घुसे चोरों को ललकारना पड़ा भारी, फायर झोंका

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- चोरों ने दुकान स्वामी को मारी गोली, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती
- मामले की जांच और चोरों की तलाश में जुटी थाना पुलिस

थाना आमपुर के गांव हुडा शेखपुर के सोमवार की मध्य रात्री गांव की परचून की दुकान में चोरी का प्रयास कर रहे चोरों को ललकारने पर चोरों ने गोली मारकर दुकान स्वामी की घायल कर दिया। जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गांव हुडा शेखपुर निवासी नवाब सिंह की परचून की दुकान है वहीं उनका आवास भी है। मंगलवार रात लगभग दो बजे अज्ञात चोरों ने चोरी की नीयत से नवाब सिंह की दुकान के ताले तोड़ने का प्रयास किया। चोरों की आहट सुन नवाब सिंह की नीद टूट गई, उन्होंने शोर मचाया और चोरों को ललकारा शोर शराबे की आवाज सुन आस पास के लोग भी जग गए। जगार पड़ते ही चोरों ने अपने आप को घिरता देख गोली चला दी।

गोली दुकान मालिक नवाब सिंह के लगी जिससे वह घायल होकर गिर पड़े। मौके के फायदे उठाकर चोर भाग गए। घटना की सूचना थाना आमपुर पुलिस को दी गई सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। ग्रामीणों से पूंछताछ की घायल की जिला अस्पताल भिजवाया। मामले में पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकद्दमा दर्ज किया गया है।

# गंगा कटान से बचाने को स्थायी बांध की मांग, ज्ञापन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, पटियाली।



गंगा कटान और बाढ़ की समस्या से जूझ रहे तहसील क्षेत्र के गंगा पार एवं तटीय इलाकों के विकास और जनसमस्याओं के स्थायी समाधान को लेकर एडवोकेट एवं समाजसेवी अब्दुल हफीज गांधी ने मुख्यमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी आतिश कुमार सिंह को नौ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गंगा कटान से कृषि भूमि और आबादी को बचाने के लिए स्थायी बांध निर्माण के साथ स्वास्थ्य, बिजली, कृषि और सड़क संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग की गई है।

ज्ञापन में रामताल से हिम्मतनगर बझेरा तक स्थायी बांध तथा हंसी नगला-मूंजखेड़ा से राजेपुर कुर्रा तक बांध निर्माण को प्राथमिकता देने की मांग की गई है। कहा गया है कि हर वर्ष गंगा कटान से किसानों की उपजाऊ भूमि प्रभावित हो रही है और आबादी पर भी संकट बना रहता है। इसके अलावा नगला खिमाई में सहकारी समिति खाद केंद्र, गंगा पार क्षेत्र में सरकारी अस्पताल और ओम नगरिया में विद्युत उपकेंद्र स्थापित करने की मांग की गई है। कादरगंज पुल पर हाईमास्ट एवं स्ट्रीट लाइटें लगाने के साथ नगला जयकिशन मार्ग और रामताल रोड की करीब तीन वर्षों से क्षतिग्रस्त पुलियों के पुनर्निर्माण की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। वहीं वहोरा से सनोड़ी खास तक सड़क की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कराने की मांग की गई है।अब्दुल हफीज गांधी ने कहा कि गंगा पार और तटीय क्षेत्र के लोगों को हर वर्ष बाढ़ और कटान के दौरान राहत का इंतजार करना पड़ता है, जबकि अब स्थायी समाधान की जरूरत है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांगों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई कर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की है।

# भारत माता की जय-जयकार से गूंज उठी आमपुर नगरी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को अमांपुर कस्बे में भाजपाइयों ने उत्साह के साथ पैदल तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान लोगों से स्वतंत्रता दिवस पर घरों व प्रतिष्ठानों में तिरंगा लगाने और इसके सम्मान की अपील की। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा, क्षेत्रीय विधायक हरिओम वर्मा, भाजपा जिला महामंत्री संजय सोलंकी, भाजपा मंडल प्रभारी शरद गुप्ता ने सयुंक्त रूप से पैदल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

भाजपा कार्यकर्ता तिरंगा लिए हुए वंदेमातरम्, भारत माता की जय व वीर शहीदों का बलिदान याद रखेगा हिन्दुस्तान देशभक्ति के जोशीले नारे लगा रहे थे। डीजे पर बजते संगीत ने सभी को देशभक्ति के रंग से सराबोर कर दिया। यात्रा के दौरान भाजपाई अपने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा, क्षेत्रीय विधायक हरिओम वर्मा, भाजपा जिला महामंत्री संजय सोलंकी, प्रधानाचार्य रामजीत वर्मा, विधायक प्रतिनिधि यतेन्द्र वर्मा, भाजपा नेता बृजेश वर्मा, जयसिंह वर्मा, भाजपा मंडल प्रभारी शरद गुप्ता, भाजपा नेता प्रदीप वर्मा, जिला पंचायत सदस्य डॉ विक्रम राजपूत, जिला पंचायत सदस्य राजपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष चित्तर सिंह, मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा दरवेश फौजी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, भगवान सिंह राजपूत, रूद्रप्रताप सिंह, मंडल उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र वर्मा, महामंत्री मुन्नालाल जाटव, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा नरेंद्र लोधी, नरेश राजपूत, धीरज गुप्ता, ऐदल सिंह, हिदेश सर्राफ, जितेंद्र भारद्वाज, सरनाम सिंह, भाजपा मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता सर्राफ, डॉ पवन माथुर, संजय राजा, सोनू गुप्ता, रोचक चौहान, परन्तप सोलंकी, राहुल चौहान, पुष्पेंद्र आरएसएस, संजीव माहेश्वरी, इस्लाम अली, सुनीता राजपूत, विवेक वर्मा, मुनेंद्र वर्मा, धर्मेन्द्र राघव, आचार्य खुशीराम, मनोज वर्मा, प्रधान सुभाष वर्मा, प्रधान भोले सोलंकी, तिर्मल वर्मा, भीमसेन कश्यप, कौशल वर्मा, पुण्य प्रताप सिंह, धर्मेन्द्र राजपूत, जितेन्द्र कुमार, महेंद्र सिंह आदि भाजपाई मौजूद रहे।

# मानसून सत्रः संसद में हंगामा जारी, लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित

एजेंसी, नई दिल्ली।

संसद के मानसून सत्र के 17वें दिन मंगलवार को भी हंगामे के चलते लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बाधित रही। विपक्षी सांसदों के विरोध और नारेबाजी के बीच दोनों सदनों की कार्यवाही कुछ समय के लिए स्थगित करनी पड़ी। इस बीच सरकार की ओर से लोकसभा में दो महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए जाने की तैयारी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (संशोधन) विधेयक, 2026 को सदन में विचार और पारित कराने के लिए पेश करेंगे। लोकसभा में हंगामे के बाद दो बजे तक कार्यवाही स्थगित लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर विरोध शुरू कर दिया। लगातार नारेबाजी और हंगामे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सांसदों से सदन की



कार्यवाही सुचारू रूप से चलने देने की अपील की। ओम बिरला ने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सांसदों से कहा कि सदन में जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा और बहस होनी चाहिए। उन्होंने बार-बार हंगामा कर कार्यवाही बाधित किए जाने को लोकतांत्रिक व्यवस्था की भावना के विपरीत बताया। इसके बावजूद स्थिति सामान्य नहीं होने पर लोकसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई।

अमित शाह पेश करेंगे दो महत्वपूर्ण विधेयक मंगलवार के एजेंडे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दो अहम विधेयकों को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव है। इनमें केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (संशोधन) विधेयक, 2026 शामिल हैं।

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम से संबंधित विधेयक के जरिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम अधिनियम, 1962 में आवश्यक संशोधन किए जाने हैं। विधेयक में विभिन्न प्रावधानों और संबंधित अनुसूचियों में बदलाव का प्रस्ताव भी शामिल है।

सोमवार को भी हंगामे के बीच पेश हुए चार बिल संसद में सोमवार को भी भारी हंगामे के बीच सरकार ने कई विधेयक पेश किए थे। इनमें ट्रिब्यूनल सुधार विधेयक, 2026, खनन और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026, केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (संशोधन) विधेयक। 2026 प्रमुख हैं। राज्यसभा में भी नहीं थमा विरोध वहीं, राज्यसभा में भी विपक्षी सांसदों के हंगामे के कारण कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल सकी। विरोध के बीच सभापति ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी। मानसून सत्र के अंतिम दिनों में सरकार कई महत्वपूर्ण विधायी कामकाज पूरा कराने की तैयारी में है। हालांकि विपक्ष के विरोध के कारण सदन की कार्यवाही लगातार प्रभावित हो रही है। ऐसे में आने वाले दिनों में सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध खत्म होता है या हंगामा जारी रहता है, इस पर सभी की नजरें टिकी हैं।

### संसद परिसर में एनडीए-कांग्रेस सांसद आमने-सामने आएः भाजपा सांसद ने पूछा- राहुल झारखंड क्यों नहीं गए, प्रियंका का जवाब- वे छात्रों से मिल चुके

संसद परिसर में एनडीए और इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने मंगलवार को एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन किया। एनडीए सांसदों ने विपक्ष पर संसद में चर्चा से भागने का आरोप लगाया, जबकि विपक्ष ने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने भी आ गए।

प्रियंका गांधी के संसद पहुंचने पर भाजपा सांसद राहुल गांधी के खिलाफ नारे लगाने लगे। भाजपा सांसद मुकेश दलाल ने पूछा कि राहुल झारखंड में छात्र प्रदर्शनकारियों से क्यों नहीं मिल रहे हैं। प्रियंका मुस्कुराती हुई उनके पास गईं और कहा- राहुल झारखंड गए हैं और छात्रों से मिल चुके हैं।

लोकसभा और राज्यसभा में भी हंगामा हुआ। लोकसभा की कार्यवाही पहले 11 बजे तक स्थगित की गई। दोपहर 2 बजे सदन दोबारा शुरू हुआ, लेकिन करीब आधे घंटे बाद ही हंगामे के चलते कार्यवाही बुधवार तक स्थगित कर दी गई। राज्यसभा की कार्यवाही जारी है।

# संतकबीर नगर में योगी ने किया 684 करोड़ की 201 परियोजनाओं का शिलान्यास

## कांग्रेस-सपा की नीतियों पर उठाए सवाल

एजेंसी, संतकबीर नगर।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को संत कबीर नगर में 684 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 201 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने संत कबीर की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि संत कबीर ने हिंदू रूढ़िवाद और इस्लामी कट्टरवाद दोनों का विरोध किया, लेकिन हिंदुओं ने उनका सम्मान किया, जबकि मुसलमान उन्हें छूते तक नहीं थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत कबीर निर्गुण परंपरा के संत थे और उन्होंने पाखंड तथा जातिगत भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि संत कबीर ने मगहर आकर उस मान्यता को चुनौती दी थी कि वहां मृत्यु होने पर नरक मिलता है। उनके अनुसार, स्वर्ग और नरक का निर्धारण व्यक्ति के कर्मों से होता है।

### कबीर अकादमी और कॉरिडोर निर्माण का जिक्र

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में संत कबीर की विरासत को संरक्षित करने के लिए कबीर अकादमी बनाई जा रही है। इसके साथ ही एक सभागार और बाबा तामेश्वरनाथ धाम कॉरिडोर के निर्माण पर भी काम चल रहा है।



### कांग्रेस-सपा पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि जिले की कताई मिल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की सरकारों के भ्रष्टाचार के कारण बंद हुई थी, जिसे अब दोबारा शुरू करने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने इंसेफेलाइटिस का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने इस बीमारी पर नियंत्रण के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया, जबकि भाजपा सरकार ने इसे समाप्त करने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब त्योहारों के दौरान भय का माहौल नहीं है और महिलाओं से छेड़छाड़ या व्यापारियों के साथ लूटपाट करने वालों को जेल या कड़ी सजा का सामना करना पड़ेगा।

### विकास योजनाओं का भी किया उल्लेख

योगी ने कहा कि संत कबीर नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 95 हजार परिवारों को आवास मिले हैं और लगभग 3.5 लाख गरीब परिवारों के लिए शौचालय बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले के तीन लाख से अधिक किसान पिछले नौ वर्षों से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही, सरकार संत कबीर नगर में विकास प्राधिकरण और 'एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज' योजना पर भी कार्य कर रही है।

# छात्रों के आंदोलन को सत्ता-विपक्ष की राजनीति से बचाएंः मायावती

एजेंसी, लखनऊ।

बसपा सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मंगलवार को छात्रों और युवाओं के मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सत्ता और विपक्ष किसी न किसी मुद्दे की आड़ में जनता का ध्यान ज्वलंत समस्याओं से भटका रहे हैं। छात्रों और जेन-जी के आंदोलनों को राजनीतिक दलों की राजनीति का हिस्सा नहीं बनने देना चाहिए।

मायावती ने कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों और युवाओं के आंदोलन को कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने हाईजैक कर लिया। अब झारखंड की राजधानी रांची में चल रहे छात्रों और युवाओं के आंदोलन के समर्थन में भाजपा और उसके सहयोगी दल सामने आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों जगह युवाओं की समस्याओं के समाधान के बजाय चुनावी स्वार्थ की राजनीति अधिक दिखाई दे रही है।

**राजनीतिक दलों का सावधानी से इस्तेमाल करें**

उन्होंने देशभर के छात्रों और जेन-जी से अपील की कि वे सत्ता और विपक्ष के कथित षड्यंत्र से दूर



रहें और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए राजनीतिक दलों का सावधानी से इस्तेमाल करें।

**विभागों में नए पद सृजित किए गए**

बसपा प्रमुख ने रोजगार के मुद्दे पर कहा कि उनकी सरकारों में छात्रों और युवाओं की समस्याओं का विशेष ध्यान रखा गया। सरकारी भर्तियों पर लगी रोक हटाकर लाखों लोगों को रोजगार के अवसर दिए गए और पुलिस समेत अन्य विभागों में नए पद सृजित किए गए। मायावती ने निजी क्षेत्र में भी दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की मांग की। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में सर्वसमाज बसपा को मजबूत करे।

# दिल्ली पुलिस ने 15.71 करोड़ रुपए के साइबर घोटाले का किया भंडाफोड़

## केरल, गुजरात, महाराष्ट्र और पंजाब से नौ लोग गिरफ्तार

एजेंसी, नई दिल्ली।

दिल्ली पुलिस के साउथ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट साइबर पुलिस स्टेशन ने देशभर में फैले साइबर इन्वेस्टमेंट फ्रॉड और म्यूल अकाउंट्स सिंडिकेट का पर्दाफाश करते हुए केरल, महाराष्ट्र, गुजरात और पंजाब से 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, जांच में इस नेटवर्क से जुड़े 34 मामलों का पता चला है, जिनमें 15.71 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी वाले लेन-देन शामिल हैं। इनमें दिल्ली में दर्ज साइबर फ्रॉड के 7 मामले भी हैं, जिनमें करीब 2.70 करोड़ रुपए की ठगी हुई थी।

पुलिस के अनुसार, मामले की शुरुआत पालम कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति की शिकायत से हुई। पीड़ित को निवेश सीखने के नाम पर वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा गया था। आरोपियों ने खुद को मार्केट एनालिस्ट और निवेश विशेषज्ञ बताकर नकली ट्रेडिंग सेशन, फर्जी सफलता की कहानियां और मुनाफे के स्क्रीनशॉट दिखाकर उसका



भरोसा जीता। इसके बाद उसे एक नकली ट्रेडिंग एप्लीकेशन के जरिए निवेश के लिए राजी किया गया। पीड़ित ने अलग-अलग बैंकिंग चैनलों के जरिए 4.82 लाख रुपए जमा किए। शुरुआत में उसे कुछ रकम निकालने की अनुमति दी गई, लेकिन बाद में करीब 7.81 लाख रुपए के आईपीओ अलॉटमेंट के नाम पर और पैसे मांगे गए। शक होने पर पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद साइबर साउथ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट थाने में एफआईआर दर्ज की गई।

जांच के लिए गठित टीम ने बैंक खातों के जरिए मनी ट्रेल और आरोपियों के डिजिटल फुटप्रिंट का विश्लेषण किया। जांच में कथित तौर पर खाताधारकों, फैसिलिटेटर्स और धोखाधड़ी की रकम हासिल करने के लिए इस्तेमाल किए गए म्यूल अकाउंट्स उपलब्ध कराने वालों का नेटवर्क सामने आया। मनी ट्रेल के आधार पर पुलिस नंदुरबार, महाराष्ट्र पहुंची और शोएब दिलावर सैयद को गिरफ्तार किया। उसके मोबाइल से कथित आपत्तिजनक चैट और अन्य डिजिटल सबूत मिले। जांच में सामने आया कि वह अन्य आरोपियों के साथ केरल गया था, जहां व्यावसायिक इकाइयां बनाकर उनके नाम पर करंट अकाउंट खोले गए।

गुजरात पुलिस की मदद से सूरत और आसपास के इलाकों से शेख रियाजुद्दीन इम्तियाज, कमलशा कादरशाह, सिद्दीकी मोहम्मदसिद्दीक मुफिदभाई और हमजा हुमायूं को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, इन लोगों ने अपने करंट अकाउंट नेटवर्क को उपलब्ध कराए।

अकाउंट किट और बैंकिंग जानकारी पैसे के बदले नेटवर्क के अन्य सदस्यों को दी गई। केरल के मंजेश्वर से मुजम्मिल तैब को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, वह अकाउंट होल्डर्स के साथ तालमेल, उनके ठहरने की व्यवस्था और वॉट्सऐप के जरिए बैंक अकाउंट की जानकारी व ओटीपी साझा करने में शामिल था। मुख्य आरोपी बताए जा रहे जमालुद्दीन फैसल को भी गिरफ्तार किया गया, जिसकी भूमिका फर्जी बिजनेस एंटिटी और बैंक अकाउंट खुलवाने में सामने आई।

# चर्चित कलाकार दिनेश सिंह को प्रशांत फाउंडेशन ने 'पर्यावरण गौरव सम्मान' से किया सम्मानित



टीएनएफ टुडे, नोएडा/मैनपुरी।

सामाजिक सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय प्रशांत फाउंडेशन की ओर से नजरबट्टू प्रोडक्शन के चर्चित कलाकार एवं 'अधिकारी जी घर पर हैं' से लोकप्रिय दिनेश सिंह जी को 'पर्यावरण गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। तथा पौधों के साथ श्रीमद्भगवद्गीता भी की भेंट,कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश प्रशांत फाउंडेशन के संस्थापक रुद्राक्षमैन डॉ. रिपुदमन सिंह ने दिनेश सिंह जी को सम्मान प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की। इस विशेष अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली का संदेश देते हुए उन्हें 'सन ऑफ इंडिया' और 'स्नो वाईट' प्रजाति के पौधे भेंट किए गए। इसके साथ ही भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक ज्ञान एवं जीवन मूल्यों के प्रतीक स्वरूप उन्हें श्रीमद्भगवद्गीता भी ससम्मान भेंट की गई।

इस अवसर पर रुद्राक्ष मैन डॉ. रिपुदमन सिंह ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पेड़-पौधे केवल धरती की सुंदरता नहीं बढ़ाते, बल्कि मानव जीवन और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार हैं। प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण के साथ उसकी नियमित देखभाल का भी संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा, "एक पौधा भेंट करना केवल एक उपहार देना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और हरित भविष्य देने का संकल्प है। वहीं श्रीमद्भगवद्गीता हमें अपने कर्तव्यों और समाज के प्रति जिम्मेदारी का मार्ग दिखाती है।"

दिनेश सिंह ने प्रशांत फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए संस्था के प्रयासों को प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर अंकुर शर्मा जी एवं स्वेक्षा चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे और पर्यावरण संरक्षण की इस पहल में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। प्रशांत फाउंडेशन इटावा द्वारा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विगत कई वर्षों से वृहद स्तर पर विभिन्न पर्यावरणीय अभियान चलाए जा रहे हैं। संस्था द्वारा 'वृक्षदान महाअभियान', 'त्रिवेणी मिशन', 'मिशन हरियाली' एवं 'मिशन ग्रीन अर्थ' के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रशांत फाउंडेशन द्वारा प्रत्येक रविवार नियमित पौधारोपण अभियान चलाने के साथ-साथ प्रतिदिन पौधारोपण की मुहिम को भी निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है।

## ईरान की सैन्य कमान का विस्तार

# सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने छह शीर्ष पदों पर नए कमांडर नियुक्त किए

एजेंसी, तेहरान।

पूर्व इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) कमांडर मोहसिन रेजाई को सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल (एसएनएससी) में अपना प्रतिनिधि नियुक्त करने के बाद इस्लामी क्रांति के नेता अयातुल्लाह सैय्यद मोजतबा हुसैनी खामेनेई ने अलग-अलग आदेश जारी कर छह सैन्य कमांडरों की नियुक्ति की। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के सभी सशस्त्र बलों की कमान संभालने वाले इस्लामी क्रांति के नेता जनरल सैय्यद मोजतबा हुसैनी खामेनेई ने सेना के छह शीर्ष पदों पर नई नियुक्तियां कीं, जिनमें इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के प्रमुख का पद भी शामिल है।

मेहर न्यूज के अनुसार, सुप्रीम लीडर ने मेजर जनरल अली अब्दोल्लाही को ईरानी सशस्त्र बलों का चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया। साथ ही ब्रिगेडियर जनरल कियामर्स हैदरी को ईरानी सशस्त्र बलों का डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ बनाया गया। उन्होंने मेजर जनरल अहमद वाहिदी को आईआरजीसी का मुख्य कमांडर नियुक्त किया। मेहर न्यूज



के अनुसार, ईरानी सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर ने मेजर जनरल मुस्तफा इजादी को आईआरजीसी का डिप्टी कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया।

सुप्रीम लीडर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट में लिखा, "अत्यंत दयालु और कृपालु ईश्वर के नाम पर...मेजर जनरल मुस्तफा इजादी, आपकी निष्ठा, क्षमता और बहुमूल्य अनुभव को देखते हुए और आईआरजीसी के कमांडर-इन-चीफ की सिफारिश पर मैं आपको आईआरजीसी के डिप्टी कमांडर-इन-चीफ के पद पर नियुक्त करता हूं।" इसके अलावा, उन्होंने रियर एडमिरल अली ओजमाई को आईआरजीसी नौसेना का कमांडर बनाया गया। सुप्रीम लीडर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट में लिखा, "रियर एडमिरल अली ओजमाई, रियर एडमिरल तंगसिरी की शहादत को देखते हुए और आपकी लगन, काबिलियत और अनुभव को ध्यान में रखते हुए, आईआरजीसी के कमांडर-इन-चीफ की सिफारिश पर, मैं आपको आईआरजीसी नेवी का कमांडर नियुक्त करता हूं।"

इसके अलावा उन्होंने नेता ने हुसैन ताएब को आईआरजीसी की बसीज संगठन का प्रमुख नियुक्त किया। सुप्रीम लीडर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट में लिखा, "हुज्जत-उल-इस्लाम हुसैन ताएब, जायोनी-अमेरिकी दुश्मन के हाथों मेजर जनरल सुलेमानी की शहादत को देखते हुए और आपकी प्रतिबद्धता, काबिलियत व अनुभव को ध्यान में रखते हुए, आईआरजीसी के कमांडर-इन-चीफ की सिफारिश पर, मैं आपको आईआरजीसी बासिज संगठन का प्रमुख नियुक्त करता हूं।"

# कोलंबियाः भूकंप से अब तक 132 लोगों की मौत, 570 घायल, 1500 घर क्षतिग्रस्त

एजेंसी, बोगोटा।

दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में आए शक्तिशाली भूकंप ने बड़े पैमाने पर तबाही मचा दी है। सोमवार रात आए 7.4 तीव्रता के भूकंप के बाद अब तक 132 लोगों की मौत की सूचना है, जबकि करीब 570 लोग घायल बताए जा रहे हैं। राहत और बचाव अभियान लगातार जारी है। अधिकारियों के अनुसार, भूकंप से देशभर में 86 इमारतें पूरी तरह या आंशिक रूप से ढह गईं, जबकि 1,500 से अधिक घरों को नुकसान पहुंचा है।

भूकंप से पेरेरा शहर सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में शामिल है। यहां अकेले करीब 60 लोगों की मौत होने की जानकारी सामने आई है। लगभग पांच लाख की आबादी वाला पेरेरा भूकंप के केंद्र से 64 किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित है। राजधानी बोगोटा समेत देश के कई अन्य हिस्सों में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। डर के कारण बड़ी संख्या में लोग घरों और इमारतों से बाहर निकलकर सड़कों पर आ गए। भूकंप के कारण 18 स्वास्थ्य केंद्रों और 52 स्कूलों को भी नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा सात एयरपोर्ट पर संचालन अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। प्रभावित इलाकों में पांच शहरों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है।

चोको और रिसाराल्डा में भी भारी तबाही अमेरिकी भूगर्भीय



### बोगोटा से भेजे जाएंगे 100 रेस्क्यूकर्मी

भूकंप प्रभावित लोगों की मदद के लिए राजधानी बोगोटा में राहत सामग्री जुटाने के लिए छह कलेक्शन सेंटर बनाए गए हैं। यहां पानी, कंबल, पैक्ड फूड, हाइजीन सामग्री और फर्स्ट-एड किट जमा की जा रही हैं। प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव अभियान तेज करने के लिए बोगोटा से करीब 100 रेस्क्यूकर्मियों को भेजने की तैयारी की जा रही है। राष्ट्रपति ने इमरजेंसी कमेटी की बैठक बुलाकर राहत कार्यों की निगरानी शुरू कर दी है। कोलंबिया में क्यों आते हैं इतने भूकंप? कोलंबिया भूकंपीय गतिविधियों वाले देशों में शामिल है। इसकी भौगोलिक स्थिति इसे भूकंप के लिहाज से संवेदनशील बनाती है। क्षेत्र में नाजका, कोकोस और दक्षिण अमेरिकी प्लेटों की गतिविधियों के कारण धरती के भीतर लगातार हलचल होती रहती है।

सर्वेक्षण के मुताबिक भूकंप का झटका स्थानीय समयानुसार सोमवार सुबह करीब 7:34 बजे महसूस किया गया। इसका केंद्र चोको क्षेत्र में सैन जोसे डेल पालमार के पास बताया गया है। भूकंप की गहराई करीब 107 किलोमीटर थी। चोको और रिसाराल्डा सहित आसपास के क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में मकानों और अन्य संरचनाओं को नुकसान पहुंचा है।

# रूस से तेल खरीद पर 100% टैरिफ का खतरा, पीएम मोदी और ट्रंप खुद सुलझाएंगे मामला

एजेंसी, वॉशिंगटन।

रूस से तेल खरीद को लेकर भारत पर संभावित 100 फीसदी अमेरिकी टैरिफ के मुद्दे पर अमेरिका की ओर से अहम बयान आया है। अमेरिकी व्यापार एवं विनिर्माण मामलों के वरिष्ठ सलाहकार पीटर नवारो ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच अच्छे कामकाजी संबंध हैं और दोनों नेता इस मुद्दे को आपस में सुलझा लेंगे। नवारो ने एएनआई के सवाल के जवाब में कहा कि इस मामले में उन्हें या किसी अन्य अधिकारी को दोनों नेताओं के बीच आने की जरूरत नहीं है। उन्होंने भरोसा जताया कि राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी इस मुद्दे पर समाधान निकाल लेंगे।

**क्या रूस से तेल खरीद पर भारत पर लग सकता है 100 फीसदी टैरिफ?**

यह मामला अमेरिकी सीनेट में पारित एक द्विदलीय विधेयक के बाद चर्चा में आया है। 7 अगस्त को अमेरिकी सीनेट ने ऐसा विधेयक पारित किया, जिसके तहत राष्ट्रपति ट्रंप को रूस से तेल और गैस खरीद जारी रखने वाले देशों के सामान पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाने का अधिकार मिल सकता है।



### क्या भारत रूस से तेल खरीदने वाले प्रमुख देशों में शामिल है?

प्रस्ताव के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति को रूस के कच्चे तेल या प्राकृतिक गैस के शीर्ष पांच खरीदार देशों से आने वाले सामान पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाने का अधिकार दिया जा सकता है। भारत और चीन रूस के कच्चे तेल के बड़े खरीदारों में शामिल हैं। विधेयक में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अन्य वरिष्ठ राजनीतिक एवं सैन्य अधिकारियों के अलावा वित्तीय संस्थानों, ऊर्जा परियोजनाओं और रूस के युद्ध प्रयासों से जुड़े संस्थानों पर नए प्रतिबंधों का भी प्रावधान है।

### क्या भारत ने 2022 के बाद रूस से तेल खरीद बढ़ाई?

रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद भारत ने अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस से रियायती कीमतों पर कच्चे तेल की खरीद बढ़ाई। वैश्विक बाजार में अस्थिरता के बीच सस्ता रूसी कच्चा तेल भारतीय रिफाइनरियों के लिए लागत को बेहतर ढंग से संभालने और घरेलू आपूर्ति बनाए रखने में मददगार रहा। अमेरिकी प्रस्ताव के तहत रूस से ऊर्जा खरीदने वाले देशों के सामने एक तरह से रूस से रियायती ऊर्जा खरीद जारी रखने या अमेरिकी बाजार तक पहुंच बनाए रखने के बीच विकल्प खड़ा हो सकता है।

### क्या मोदी-ट्रंप के अच्छे संबंध निकालेंगे रास्ता?

पीटर नवारो ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच अच्छे कामकाजी संबंध हैं। उन्होंने कहा कि रूस से तेल खरीद और उससे जुड़े टैरिफ के मुद्दे को दोनों नेता आपस में सुलझा लेंगे।
नवारो ने रूस के साथ भारत के तेल कारोबार को लेकर अपने पुराने लेख का भी जिक्र किया और कहा कि इस मुद्दे पर उन्हें इंटरनेट पर भारतीय समुदाय की ओर से तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था।

सीनेट में लिंडसे ओ ग्राहम रूस और ईरान प्रतिबंध अधिनियम 2026 को 86-11 के भारी बहुमत से मंजूरी मिली। इस प्रस्ताव का उद्देश्य रूस और ईरान पर आर्थिक दबाव बढ़ाना तथा मॉस्को के साथ बड़े ऊर्जा कारोबार वाले देशों को निशाना बनाना है।



# थायराइड कैंसर कब और क्यों होता है? जानिए शुरुआती लक्षण

क्या आपको मालूम है कि थायराइड कैंसर नाम की भी एक बीमारी होती है। इसमें गले में मौजूद तितली के आकार की थायराइड ग्रंथि की कोशिकाएं असामान्य रूप से बढ़ने लगती है। थायराइड हमारे शरीर में मौजूद एक छोटी सी ग्रंथि होती है, जो गले के सामने वाले हिस्से में तितली के आकार में स्थित होती है। यह ग्रंथि हमारे शरीर के कई जरूरी कार्यों को नियंत्रित करने वाले हार्मोन बनती है। अपने थायराइड के बारे में तो सुना होगा। लेकिन, क्या आपको मालूम है कि थायराइड कैंसर भी हो सकता है?

थायराइड कैंसर एक ऐसी स्थिति है, जिसमें गले में मौजूद तितली के आकार की थायराइड ग्रंथि की कोशिकाएं असामान्य रूप से बढ़ने लगती है। हालांकि थायराइड कैंसर,आम कैंसर की तुलना में बहुत तेजी से नहीं बढ़ता है लेकिन अगर इसे पहचान में देरी हो जाए तो आपकी दिक्कत बढ़ सकती है।

## क्यों होता है थायराइड कैंसर?

थायराइड कैंसर तब होता है, जब इस ग्रंथि की कोशिकाओं में डीएनए म्यूटेशन आ जाते हैं। यह म्यूटेशन कोशिकाओं को अनियंत्रित रूप से बढ़ने और लंबे समय तक जीवित रहने के संकेत देते हैं, जिससे कैंसर कोशिकाएं बनती है। इसके अलावा रेडिएशन एक्स्पोज़र, हार्मोनल बदलाव, आयोडीन की कमी, फैमिली हिस्ट्री भी इसके संभावित कारण हो सकते हैं। ये चार प्रकार के होते हैं।

- पैपिलरी थायराइड
- फॉलिक्यूलर कैंसर
- मेडुलरी कैंसर
- एनाप्लास्टिक कैंसर

## थायराइड कैंसर के लक्षण

थायराइड कैंसर की शुरुआती चरण में कोई लक्षण नहीं दिखाई देते हैं। लेकिन, जैसे-जैसे गांठ बढ़ती है, नीचे दिए गए लक्षण दिखाई देने लगते हैं।

- गले में सूजन या गांठ
- खाने या पानी निगलने में परेशानी होना।
- गर्दन के किनारों पर लिंफ नोड्स का बढ़ना।
- आवाज में बदलाव या भारीपन होना।
- सांस लेने में तकलीफ होना, क्योंकि गांठ बढ़ने पर ट्रेकिया दबने लगता है।
- कई बार यह गांठ पेनलेस होती है, लेकिन धीरे-धीरे बढ़ती रहती है।






# आपको डिप्रेशन हो रहा है या एंग्जायटी, पहचानें घबराहट के लक्षण

मेंटल हेल्थ का पूरा-पूरा असर शरीर पर पड़ता है। अगर आपकी मेंटल हेल्थ यानी मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं होगा, तो शरीर पर भी उसका असर दिखने लगेगा। लेकिन, अक्सर ऐसा होता है कि हम समझ नहीं पाते हैं कि आखिर हमारे साथ क्या हो रहा है, ऐसे में उसका इलाज करना भी मुश्किल हो जाता है। मेंटल हेल्थ की जब भी बात की जाती है तो सबसे पहले डिप्रेशन और एंग्जायटी जैसे शब्द हमारे सामने आते हैं। ज्यादातर लोग डिप्रेशन और एंग्जायटी को एक समझ लेते हैं, लेकिन दोनों में अंतर होता है। एंग्जायटी में शख्स बहुत ज्यादा चिंता करने लगता है और भविष्य को लेकर डर बैठा लेता है। वहीं, डिप्रेशन में लंबे समय तक उदासी बनी रहती है और उसका कोई भी काम करने का मन नहीं करता है। डिप्रेशन और एंग्जायटी होना बहुत ही नॉर्मल है, लेकिन अगर यह लंबे समय तक आपके साथ बनी हुई है, तो यह रोजमर्रा की जिंदगी पर भी असर डाल सकती है। ऐसे में लक्षणों की पहचान करके यह समझना जरूरी है कि आपको डिप्रेशन है या एंग्जायटी। इससे इलाज में भी खूब मदद मिलती है।

## क्या होती है एंग्जायटी?

चाइल्ड एंड क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट माला वोहरा खन्ना के मुताबिक, जिसे एंग्जायटी की समस्या होती है वह बहुत ज्यादा चिंता करने लगता है और भविष्य को लेकर मन में डर बैठा लेता है कि आगे क्या होगा। उसे डर लगता रहेगा कि कुछ गलत तो नहीं हो जाएगा। एंग्जायटी में शख्स ज्यादातर भविष्य के बारे में सोचता है।

## क्या होते हैं एंग्जाइटी के लक्षण?

- एक्सपर्ट के मुताबिक, एंग्जायटी का सबसे पहला लक्षण बेचैनी होती है। बेचैनी के साथ-साथ चिड़चिड़ापन महसूस होने लगता है।
- एंग्जायटी में कंसंट्रेशन यानी एकाग्रता की कमी भी होने लगती है। अगर एंग्जायटी की समस्या से जूझ रहे हैं तो किसी भी चीज में ध्यान लगाने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।
- एंग्जायटी में नींद की दिक्कत भी आने लगती है। इसके साथ ही, कभी-कभी बहुत पसीना आना और अचानक दिल की धड़कनें बढ़ जाना भी एंग्जायटी के लक्षण हैं।
- एक्सपर्ट के मुताबिक, छाती में भारीपन लगना और लगातार घबराहट का होना एंग्जायटी का बड़ा लक्षण माना जाता है।
- एंग्जायटी में मूड में टेंशन, नवर्सनेस रहने लगती है और चीजों को लेकर एक्साइटमेंट भी बहुत कम हो जाता है।
- एंग्जायटी और स्ट्रेस में ब्रीथिंग एक्सरसाइज बहुत फायदेमंद मानी जाती है।



**डिप्रेशन और एंग्जायटी, ये शब्द आजकल हर किसी की जुबां पर रहने लगे हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि आखिर दोनों में क्या अंतर है और कैसे घबराहट के लक्षणों को पहचाना जा सकता है।**

## क्या होता है डिप्रेशन?

एक्सपर्ट के मुताबिक, जो डिप्रेशन से गुजर रहा होता है उसे जिंदगी निराशा से भरी लगने लगती है। वह खुद को बेकार समझने लगता है और अपने बारे में कुछ अच्छा नहीं मानता। डिप्रेशन के लक्षणों पर भी एक्सपर्ट ने बात की है, जो बहुत बेसिक से लेकर बहुत सीरियस भी हो सकते हैं।

## क्या होते हैं डिप्रेशन के लक्षण?

डिप्रेशन की वजह से शख्स का किसी भी काम में मन नहीं लगता है और वह काम को टालने की लगातार कोशिश करता रहता है।

खाने-पीने का भी मन नहीं करता है और शरीर में भी हमेशा थकान का अहसास होने लगता है।

किसी भी चीज पर बहुत ज्यादा देर तक ध्यान नहीं लग पाता है और इसी वजह से परेशानी का भी सामना करना पड़ता है।

डिप्रेशन में मूड हमेशा लो रहता है और अच्छी चीजों में भी कुछ खास एक्साइटमेंट नहीं महसूस होती। अगर इनमें से कुछ भी लक्षण आपको या आपके परिवार के किसी भी सदस्य को महसूस हो रहे हैं, तो तुरंत एक्सपर्ट की सलाह लेनी चाहिए, क्योंकि यह कई बार बेहद खतरनाक भी हो सकता है।

## क्या डिप्रेशन और एंग्जायटी साथ-साथ हो सकते हैं?

एक्सपर्ट के मुताबिक, डिप्रेशन और एंग्जायटी साथ में भी हो सकते हैं। ऐसा नहीं है कि दोनों हमेशा अलग-अलग होते हैं। कई बार यह दोनों साथ में भी हो सकते हैं। डिप्रेशन में ज्यादातर शख्स निराश रहता है और खुद को बेकार समझने लगता है। वहीं, एंग्जायटी में ज्यादातर भविष्य को लेकर परेशान रहता है कि आगे क्या होगा और कैसे होगा। कई बार एंग्जायटी और डिप्रेशन बहुत ज्यादा तनाव की वजह से हो सकता है। तनाव को योगा से भी कम किया जा सकता है।

## क्या एंग्जायटी और डिप्रेशन का इलाज हो सकता है?

डिप्रेशन और एंग्जायटी दोनों का ही इलाज हो सकता है, इसे किसी भी तरह का टैबू नहीं समझना चाहिए और इस पर खुलकर बात करनी चाहिए। तभी इसका इलाज भी संभव है। डिप्रेशन और एंग्जायटी दोनों के इलाज के लिए टॉक थेरेपी, दवाइयां, और दोनों का कॉम्बिनेशन भी डॉक्टर सजेस्ट करते हैं। डिप्रेशन-एंग्जायटी की दवाइयां हमेशा डॉक्टर की सलाह के बाद ही लेनी चाहिए, बिना डॉक्टर की सलाह के किसी भी तरह की दवा के सेवन से हमेशा बचना चाहिए



# कीटो डाइट पर हैं तो इन ऑयल्स को बनाएं अपनी डाइट का हिस्सा

**अगर आप कीटो डाइट को फॉलो कर रही हैं या कीटो डाइट शुरू करना चाहती हैं तो ऐसे में आपको कुछ ऑयल्स को अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। जानिए इस लेख में।**

हेल्दी रहने के लिए हम सभी कई तरह की डाइट फॉलो करते हैं। कुछ डाइट ऐसी हैं, जो दुनियाभर में बहुत पॉपुलर हैं। इन्हीं में से एक है कीटो डाइट। यह एक ऐसी डाइट है, जिसे वेट लॉस के लिए काफी अच्छा माना जाता है। यह एक हाई फैट डाइट है, जिसमें कार्ब्स का सेवन कम से कम किया जाता है। जब भी बात फैट की होती है तो उसमें सबसे पहले ऑयल्स का नाम दिमाग में आता है। यह सच है कि कीटो डाइट को फॉलो करते हुए ऑयल को हम सभी अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं, लेकिन सही तेल का चयन करना बेहद जरूरी होता है। ऐसे कई ऑयल्स होते हैं, जिन्हें कीटो-फ्रेंडली माना जाता है और इसलिए इन्हें आप आसानी से अपनी डाइट मे शामिल सकते हैं।

## नारियल तेल

नारियल तेल कई तरह के गुणों से भरपूर है और कीटो डाइट पर रहते हुए भी आप इसका सेवन आसानी से कर सकते हैं। ऐसा इसलिए है, क्योंकि नारियल तेल में मीडियम-चेन ट्राइग्लिसराइडस की मात्रा अधिक होती है, जो तेजी से अवशोषित होकर कीटोन्स में परिवर्तित हो जाते हैं। इससे ना केवल आपको लगातार एनर्जी मिलती है, बल्कि यह कीटोसिस को बनाए रखने में भी मददगार है। इतना ही नहीं, नारियल तेल मेटाबॉलिज्म को बूस्टअप करने में सहायक है, जिससे जिससे कीटो डाइट पर वजन कम करना आसान हो जाता है।

## एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल

कीटो डाइट फॉलो करते हुए एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल का सेवन करना काफी अच्छा माना जाता है। दरअसल, ऑलिव ऑयल ओलिक एसिड से भरपूर होता है, जो एक मोनोअनसैचुरेटेड फैट है। यह या केवल हार्ट फ्रेंडली है, बल्कि इंफ्लेमेशन को कम करने में भी मदद करता है। इसमें पॉलीफेनॉल्स होते हैं, जिनमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो आपकी ओवर ऑल हेल्थ का ख्याल रखते हैं। यह एक प्योर फैट सोर्स के रूप में कार्ब्स को शामिल किए बिना आपको एनर्जी देता है, इसलिए इसे कीटो डाइट के लिए एकदम सही माना जाता है। आप ऑलिव ऑयल को कम से मध्यम आंच पर खाना पकाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं या फिर इसे सलाद ड्रेसिंग आदि में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

## एवोकाडो तेल

कीटो डाइट को फॉलो करते हुए आप एवोकाडो तेल को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। चूंकि एवोकाडो तेल भी कार्बोहाइड्रेट-मुक्त होता है, इसलिए इसे कीटो डाइट के लिए एकदम सही माना जाता है। इतना ही नहीं, ऑलिव ऑयल की तरह एवोकाडो तेल हार्ट फ्रेंडली मोनोअनसैचुरेटेड फैट में समृद्ध है। इतना ही नहीं, एवोकाडो तेल में विटामिन ई और अन्य एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं, जो स्किन हेल्थ को सपोर्ट करते हैं। एवोकाडो तेल का इस्तेमाल करने का एक फायदा यह भी है कि इसका स्मोक पॉइंट बहुत अधिक होता है, जिससे आप इसका इस्तेमाल ग्रिलिंग, तलने और भूनने के लिए कर सकते हैं।



# लो बीपी की है समस्या, तो डाइट में शामिल करें ये चीजें

लो बल्ड प्रेशर को हाइपोटेंशन भी कहते हैं और चक्कर आना, बेहोशी, ब्लर विजन और थकान जैसी कंडीशन्स इसके लक्षण हो सकते हैं। इसके लिए डॉक्टर से परामर्श करना महत्वपूर्ण है। चिकित्सा उपचार के अलावा, अपने आहार में आपको जरूरी बदलाव भी करने चाहिए। ऐसी कई चीजें हैं जो आपके ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं।

## पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ लें

ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने के लिए हाइड्रेटेड रहना महत्वपूर्ण है। अगर आप डिहाइड्रेटेड हैं, तो इससे ब्लड प्रेशर में गिरावट हो सकती है। इसके लिए, दिन में कम से कम 8 गिलास पानी पीने का लक्ष्य रखें। गर्म मौसम में या वर्कआउट के बाद, अपना वॉटर इनटेक जरूर बढ़ाएं। स्पोर्ट्स ड्रिंक, नारियल पानी और ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बनाए रखने में मदद कर सकते हैं, इसलिए इन ड्रिंक्स का सेवन जरूर करें।

## छोटी-छोटी मील्स लें

क्या आपको पता है ज्यादा खा लेने से भी एकदम ब्लड प्रेशर कम हो सकता है। ऐसा आमतौर पर ओल्डर एडलट्स के साथ होता है। इसे रोकने के लिए, पूरे दिन में छोटे-छोटे मील्स लेना ज्यादा अच्छा है। दिनभर में छोटे-छोटे और ज्यादा मील लें। अपने ऊर्जा स्तर को स्टेबल रखने के लिए प्रोटीन, हेल्दी फैट्स और कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट को शामिल करें।

## अपने आहार में नमक शामिल करें

नमक ब्लड प्रेशर को बढ़ाने में मदद कर सकता है। हालांकि, ध्यान रखें कि नमक का सेवन बहुत ज्यादा मात्रा में न करें, क्योंकि इससे अन्य समस्याएं हो सकती हैं। अपने भोजन में बहुत ज्यादा नमक कभी न डालें। पहले थोड़ी मात्रा में डालकर स्वाद चखें फिर उसे बढ़ा सकते हैं। अपने आहार में ऑलिव, अचार और पनीर जैसे सॉल्टी खाद्य पदार्थ शामिल करें, लेकिन मॉडरेशन का ध्यान रखें।

## कैफीन का सेवन करें

कैफीन युक्त पेय पदार्थ ब्लड प्रेशर बढ़ाने के लिए अच्छा विकल्प है। कैफीन पीने से एड्रेनल ग्लैंड्स ज्यादा एड्रेनलाइन रिलीज करते हैं, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। अगर आपको लगे कि आपका ब्लड प्रेशर लो हो गया है, तो एक कप कॉफी या चाय आपकी मदद कर सकती है। हालांकि, अत्यधिक कैफीन के सेवन से बचना चाहिए क्योंकि इससे नींद की कमी, पैलपिटेशन और अन्य कई कंडीशन उत्पन्न हो सकती हैं।

## पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ खाएं

सही ब्लड प्रेशर के स्तर को बनाए रखने के लिए कुछ पोषक तत्व आवश्यक हैं। कोशिश करें कि अपने आहार में ऐसे ही चीजों को शामिल करें-

**विटामिन बी12**- मांस, अंडे, डेयरी उत्पादों और फोर्टिफाइड अनाज में पाया जाता है। विटामिन बी12 की कमी से एनीमिया हो सकता है, जिससे भी ब्लड प्रेशर भी कम हो सकता है।

**फोलेट** - पत्तेदार सब्जियों, बीन्स, दाल और फोर्टिफाइड अनाज में पाया जाता है। फोलेट लाल रक्त कोशिका उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण है।

**आयरन** - लाल मांस, बीन्स, दाल और पालक आदि में पाया जाता है। आयरन की कमी से एनीमिया हो सकता है, जिससे ब्लड प्रेशर काफी लो हो सकता है।

## कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट शामिल करें

कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट एनर्जी का एक स्टेबल स्रोत




प्रदान करते हैं और स्टेबल ब्लड प्रेशर के स्तर को बनाए रखने में मदद करते हैं। अपने आहार में ओट्स, ब्राउन राइस, क्विनोआ और साबुत गेहूं को शामिल करें।

लो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने के टिप्स-

- थोड़े-थोड़े समय पर खाना खाएं। एक ही समय पर ज्यादा भोजन न करें क्योंकि इससे ब्लड प्रेशर लो हो सकता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि शरीर ज्यादा भोजन पचाने के लिए अधिक मेहनत करता है।
- अधिक पानी पिएं और शराब का सेवन न करें। शराब पीने से डिहाइड्रेशन हो सकता है, जो बल्ड प्रेशर लो कर सकता है।
- सौना, हॉट टब और स्टीम रूम में लंबे समय तक रहने से बचें जो डिहाइड्रेशन का कारण बन सकते हैं।
- लंबे समय तक बिस्तर पर आराम करने से बचें।

TNF TODAY
टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज़ फैक्ट्स टुडे
tnftoday tnftoday
www.tnftoday.com / epaper
आगरा, बुधवार
12 अगस्त 2026


# अफगानिस्तान ने 2027 वनडे विश्व कप के लिए सीधे किया क्वलीफाई, आयरलैंड को हराया

एजेंसी, बेलफास्ट।

अफगानिस्तान टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2027 वनडे विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली है। सोमवार को बेलफास्ट के सिविल सर्विस क्रिकेट क्लब में खेले गए तीसरे वनडे में अफगानिस्तान ने आयरलैंड को रोमांचक मुकाबले में तीन विकेट से मात दी। इस जीत के साथ अफगानिस्तान ने पांच मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली।



## पहले गेंदबाजों ने कसा शिकंजा

टॉस के बाद पहले गेंदबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने आयरलैंड की पूरी टीम को 46.3 ओवर में 206 रन पर समेट दिया। अफगान गेंदबाजों ने शुरूआत से ही आयरिश बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा और नियमित अंतराल पर विकेट हासिल किए। हालांकि, आयरलैंड ने नौवें विकेट के लिए अहम साझेदारी कर स्कोर को 200 के पार पहुंचाया और अफगानिस्तान के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा।

## लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ाया अफगानिस्तान

207 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की टीम ने एक समय 97 रन पर सिर्फ दो विकेट गंवाए थे और मुकाबला उसके नियंत्रण में नजर आ रहा था। लेकिन इसके बाद टीम ने तेजी से विकेट गंवाए। अफगानिस्तान ने 176 रन तक पहुंचते-पहुंचते अपने पांच विकेट और गंवा दिए। स्कोर 176/7 होने के बाद मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया और आयरलैंड की जीत की उम्मीदें भी बढ़ गईं।

## राशिद खान ने संभाला मोर्चा

ऐसे मुश्किल समय में अनुभवी ऑलराउंडर राशिद खान ने मोर्चा संभाला। उन्होंने धैर्य के साथ बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 37 रन बनाए। राशिद ने 43 गेंदों की अपनी पारी में चार चौके लगाए। दूसरे छोर पर यामिन अहमदजई ने उनका बखूबी साथ दिया। उन्होंने 26 गेंदों पर नाबाद 4 रन बनाए। दोनों ने आखिरी तक विकेट बचाए रखा और अफगानिस्तान को 44.5 ओवर में लक्ष्य तक पहुंचा दिया। राशिद खान को इस मैच में उनके निर्णायक प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## अफगानिस्तान की चौथी विश्व कप एंट्री

आयरलैंड के खिलाफ जीत के साथ अफगानिस्तान ने 2027 वनडे विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई कर लिया है। वनडे रैंकिंग में आठवें स्थान पर मौजूद अफगानिस्तान का यह वनडे विश्व कप में चौथा हिस्सा होगा। 2027 वनडे विश्व कप की मेजबानी दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया संयुक्त रूप से करेंगे।

### कप्तान रहमत शाह ने गेंदबाजों को दिया जीत का श्रेय

- अफगानिस्तान के कप्तान रहमत शाह ने जीत के बाद गेंदबाजों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि गेंदबाजों ने परिस्थितियों को जल्दी समझा और मैदान के हिसाब से अपनी योजनाओं को अच्छी तरह लागू किया।
- रहमत शाह ने खास तौर पर यामिन अहमदजई, राशिद खान और गजनफर के प्रदर्शन की सराहना की।
- उन्होंने कहा कि सभी गेंदबाजों ने परिस्थितियों का आकलन करते हुए सही लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी की।
- कप्तान ने माना कि कम स्कोर वाले मुकाबले में लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं था। उन्होंने कहा कि ऐसे मैच हमेशा मुश्किल होते हैं, लेकिन टीम ने आखिरकार जीत हासिल कर ली।
- रहमत ने आयरलैंड की नौवें विकेट की साझेदारी का भी जिक्र किया और कहा कि भविष्य में टीम ऐसी साझेदारियों को जल्द तोड़ने की कोशिश करेगी।

### सीरीज में अफगानिस्तान की अजेय बढ़त

इस जीत के साथ अफगानिस्तान ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। सीरीज का पहला वनडे बारिश के कारण रद्द हो गया था, जबकि दूसरे मैच में अफगानिस्तान ने आयरलैंड को 92 रन से हराया था। अब तीसरे वनडे में रोमांचक जीत के बाद अफगानिस्तान ने न सिर्फ सीरीज पर मजबूत पकड़ बना ली है, बल्कि 2027 वनडे विश्व कप का टिकट भी पक्का कर लिया है।

## भारत-श्रीलंका टेस्ट सीरीज में विराट कोहली के नाम दर्ज है बड़ा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का आगाज 15 अगस्त से होने जा रहा है। सीरीज का पहला मुकाबला 15 अगस्त से खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट 23 अगस्त से कोलंबो में शुरू होगा। दोनों टीमों के बीच टेस्ट क्रिकेट में अब तक कई यादगार मुकाबले देखने को मिले हैं और बल्लेबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। भारत-श्रीलंका के बीच किसी एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के नाम है। कोहली ने 2017-18 में भारत में श्रीलंका के खिलाफ खेली गई तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में शानदार बल्लेबाजी करते हुए यह रिकॉर्ड बनाया था। विराट कोहली ने बनाए थे 610 रन विराट कोहली ने उस सीरीज की पांच पारियों में तीन शतक और एक अर्धशतक की मदद से कुल 610 रन बनाए थे। इस दौरान उनका बल्लेबाजी औसत 152.50 रहा था, जबकि उनका सर्वोच्च स्कोर 243 रन था। कोहली का यह प्रदर्शन भारत और श्रीलंका के बीच किसी एक टेस्ट सीरीज में किसी बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन हैं। इस सूची में श्रीलंका के पूर्व विस्फोटक सलामी बल्लेबाज सनथ जयसूर्या दूसरे स्थान पर हैं। जयसूर्या ने 1997 में भारत के खिलाफ श्रीलंका में खेली गई दो टेस्ट मैचों की सीरीज में तीन पारियों में 571 रन बनाए थे। जयसूर्या ने इस सीरीज में दो शतक लगाए थे और उनका औसत 190.33 रहा था। इसी सीरीज में उन्होंने अपने टेस्ट करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलते हुए 340 रन बनाए थे। यह टेस्ट क्रिकेट में उनका सर्वोच्च स्कोर भी है।

## आईपीएल क्रिकेटर अभिषेक पोरेल गिरफ्तार, मेडिकल छात्रा ने लगाया दुष्कर्म का आरोप



एजेंसी, नई दिल्ली।

दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल में खेलने वाले बंगाल के क्रिकेटर अभिषेक पोरेल को एक आपराधिक मामले में गिरफ्तार किया गया है। एक मेडिकल छात्रा ने अभिषेक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के साथ मारपीट और आपराधिक धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक, क्रिकेटर को दम दम थाना क्षेत्र स्थित इमामी सिटी से गिरफ्तार किया गया।

### पुलिस अधीक्षक ने की गिरफ्तारी की पुष्टि

हुगली के पुलिस अधीक्षक कुंवर भूषण सिंह ने अमर उजाला को बताया कि पोरेल को सोमवार को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले जून में एक महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि पोरेल ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में उसके साथ मारपीट तथा आपराधिक धमकी दी।

### तीन साल से रिश्ते में होने का दावा

- शिकायत के अनुसार, महिला का दावा है कि वह और अभिषेक पोरेल करीब तीन वर्षों से रिश्ते में थे।
- हालांकि, पिछले साल दोनों के बीच मतभेद शुरू हो गए। महिला ने आरोप लगाया कि इसके बाद पोरेल ने उससे दूरी बनानी शुरू कर दी।
- महिला के मुताबिक, पोरेल ने उससे शादी करने का वादा किया था, लेकिन बाद में शादी से इनकार कर दिया।
- शिकायत में आरोप लगाया गया है कि शादी का भरोसा देकर पोरेल ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।
- महिला ने क्रिकेटर पर मारपीट और आपराधिक धमकी देने के भी आरोप लगाए हैं।

### हाईकोर्ट के निर्देश के बाद गिरफ्तारी

मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने पुलिस को क्रिकेटर को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पोरेल को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई थी। वहीं, अभिषेक पोरेल पूर्व में अपने ऊपर लगाए गए आरोपों से इनकार कर चुके हैं।

# मनोरंजन

## सनी देओल के अभिनय को देखकर खामोश हो जाता था पूरा सेट, कनिका ने साझा किया अनुभव



बॉलीवुड में कदम रखने जा रहीं अभिनेत्री कनिका कपूर इन दिनों अपनी डेब्यू फिल्म 'बटवारा 1947' को लेकर चर्चा में हैं। राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी यह फिल्म 1947 के भारत विभाजन की कहानी और उस दौर में लोगों की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में कनिका कपूर के साथ करण देओल, अली फजल, शबाना आजमी और अभिमन्यु सिंह जैसे कलाकार नजर आएंगे। फिल्म को लेकर कनिका काफी उत्साहित हैं और शूटिंग से जुड़ी यादों को आईएएनएस के साथ साझा किया। इसी दौरान उन्होंने सनी देओल और प्रीति जिंटा के साथ जुड़े ऐसे अनुभव बताए, जो उनके लिए हमेशा खास रहेंगे। आईएएनएस से बात करते हुए कनिका कपूर ने कहा, "जब मैं राजवीर की डेब्यू फिल्म 'दोनों' में काम कर रही थीं, तब मुझे सनी देओल से मिलने का अवसर मिला। वह हमेशा बेहद शालीनता से पेश आते थे। उनके साथ मुलाकात और सेट पर उन्हें काम करते हुए देखना मेरे लिए बेहद यादगार अनुभव रहा।"

सनी देओल के अभिनय को याद करते हुए कनिका ने कहा, "मुझे याद है कि एक-दो सीन्स में मेरा छोटा-सा हिस्सा था। मैं बैठकर उन्हें अभिनय करते हुए देखा करती थी। जिस तरह से वह अपने डायलॉग्स बोलते थे, वह देखने लायक था। वह एक डायलॉग बोलते और पूरा सेट खामोश हो जाता था। हर टेक के बाद लोग तालियां बजाते थे। उन्हें अभिनय करते देखना अपने आप में एक शानदार अनुभव था।" कनिका ने अपनी डेब्यू फिल्म 'बटवारा 1947' की शूटिंग से जुड़ी एक भावुक याद भी साझा की। उन्होंने कहा, "इस फिल्म में काम करना मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा रहा। शूटिंग के दौरान कई ऐसे पल रहे जिन्हें मैं हमेशा याद रखूंगी, लेकिन करण देओल के साथ किया गया एक लुक टेस्ट मेरे लिए सबसे खास बन गया।" कनिका ने कहा, "करण देओल के साथ फाइनल लुक टेस्ट के दिन मुझे शूटिंग शुरू होने से पहले ही एक इमोशनल सीन करने के लिए कहा गया। खास बात यह थी कि उस दिन प्रीति जिंटा और सनी देओल भी सेट पर मौजूद थे। डायरेक्टर के 'कट' कहने तक मैं पूरी तरह किरदार में थीं। जैसे ही सीन खत्म हुआ, मेरी आंखों में आंसू थे और मैं लगातार रो रही थीं। मैं किरदार में इस कदर डूब गई थीं कि कैमरे के पीछे क्या हो रहा है, मुझे कुछ पता नहीं था।"

कनिका ने बताया, "तभी मुझे अचानक तालियों की आवाज सुनाई दी। मैंने धुंधली नजरों से देखा, तो सेट पर मौजूद लोग खड़े होकर मेरे लिए तालियां बजा रहे थे, उनमें प्रीति जिंटा का भी चेहरा था। मुझे विश्वास नहीं हुआ, मैंने तुरंत अपने आंसू पोंछे और देखा कि वाकई में प्रीति जिंटा खड़ी होकर मेरे अभिनय की तारीफ कर रही थीं।" कनिका ने कहा, "वह पल मेरे लिए बहुत मायने रखता था। मैंने प्रीति जिंटा को गले लगाया। उन्होंने मुझसे कहा कि आपने शानदार अभिनय किया। उनकी यह तारीफ मेरे लिए इसलिए भी खास थी क्योंकि प्रीति जिंटा बचपन से ही मेरी पसंदीदा अभिनेत्री रही हैं। मैंने उनको 'कल हो ना हो' और 'कोई मिल गया' जैसी फिल्मों में देखा है। वह लंबे समय से मेरी आदर्श रही है। ऐसे में उनसे अपने अभिनय की तारीफ सुनना मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी।"



## 'जहां भी साथ छोड़ूं, वहीं दफना देना', कॉन्सर्ट के दौरान भावुक हुए लकी अली

67 की उम्र में आज भी लकी अली कॉन्सर्ट करते रहते हैं। हाल ही में कॉन्सर्ट में गाते वक्त सिंगर इमोशनल हो गए, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### जिंदगी से जुड़ा राज किया शेयर

बीते कॉन्सर्ट में गाना गाते वक्त लकी अली भावुक नजर आए। उन्होंने एक वीडियो अपने सोशल मीडिया पेज पर शेयर किय  ा है, जिसमें दर्शकों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, ''मैं जानता हूं, मैं आप सब से प्यार करता हूं। लेकिन एक दिन मुझे जाना ही है। मैं आपको इसके लिए तैयार नहीं कर रहा हूं, लेकिन मैं खुद इसके लिए तैयार हूं।''
लकी अली ने इस दौरान अपनी जिंदगी से जुड़ी एक राज की बात भी शेयर की। उन्होंने बताया कि जब भी वह कहीं सफर करते हैं, तो अपने साथ 'इहराम' रखते हैं, जो एक तरह का कफन होता है। उन्होंने कहा, ''जब भी मैं यात्रा करता हूं, अपने साथ इहराम रखता हूं, जो मेरा कफन है। मैं तो कहता हूं कि मैं जहां भी मर जाऊं मुझे वहीं गाड़ देना।''

### लकी अली से जुड़ी दिलचस्प बातें

- लकी अली का संगीत कई दशकों से लोगों की जिंदगी का हिस्सा रहा है।
- 1996 में रिलीज हुआ उनका गाना 'ओ सनम' आज भी बेहद पसंद किया जाता है।
- लकी अली, बॉलीवुड एक्टर महमूद अली और महेलाका (मधु अली) के बेटे हैं।
- 90 के दशक में उन्होंने इंडीपॉप में अपनी अलग पहचान बनाई और अपनी खास आवाज और सादगी भरे अंदाज से लोगों का दिल जीता।
- 'ओ सनम' के अलावा उनके कई गाने जैसे 'गोरी तेरी आंखें कहें', 'तेरी याद जब आती है' काफी पॉपुलर रहे हैं।

इसके साथ ही उन्होंने बॉलीवुड के कई गानों में भी अपनी आवाज दी है, जिनमें 'ना तुम जानो ना हम', 'एक पल का जीना', 'आहिस्ता आहिस्ता' और 'सफरनामा' शामिल हैं।

## नयनतारा ने टॉक्सिक के सेट पर हुमा कुरैशी के साथ हुई खास दोस्ती का खुलासा किया



बैंगलुरू यश स्टारर फिल्म टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स के ट्रेलर लॉन्च के दौरान अभिनेत्री नयनतारा ने अपनी सह-कलाकार हुमा कुरैशी के साथ हुई खास दोस्ती का खुलासा किया है। हाल ही में फिल्म के ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च के दौरान नयनतारा ने शूटिंग के दिनों को याद करते हुए बताया कि सेट पर हुमा उनकी करीबी दोस्तों में शामिल हो गई थीं। उन्होंने कहा, इन सेट्स पर मेरी एक दोस्त बन गई। मुझे लगता है कि हुमा और मैंने सबसे ज्यादा बातें कीं, क्योंकि हमारे सबसे ज्यादा कॉम्बिनेशन सीन्स थे। नयनतारा की इस बात से दोनों अभिनेत्रियों के बीच शूटिंग के दौरान बनी खास बॉन्डिंग की झलक मिली। साथ में कई दृश्यों की शूटिंग करने के कारण दोनों को सेट पर काफी समय साथ बिताने का मौका मिला और इसी दौरान उनकी दोस्ती भी गहरी हुई।

गीतू मोहनदास के निर्देशन में बनी टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स में यश, नयनतारा, कियारा आडवाणी, रुक्मिणी वसंत, तारा सुतारिया और हुमा कुरैशी समेत कई कलाकार नजर आएंगे। फिल्म 26 अगस्त 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## 'बाल नकली हैं, लेकिन बेबी बंप असली है', प्रेग्नेंसी को फेक बताने वालों को एनी हैथवे ने दिया मजेदार जवाब



43 साल की उम्र में मां बनने जा रहीं एनी हाल ही में अपनी फिल्म 'द एंड ऑफ ओक स्ट्रीट' के प्रीमियर में नजर आईं, जहां उन्होंने अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट किया। लेकिन सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने उनकी प्रेग्नेंसी को ही ह्यफेकह्न बताना शुरू कर दिया। अब एनी ने ट्रोल्स को अपने अंदाज में करारा जवाब दिया है।

### प्रीमियर में बेबी बंप को लेकर हुई चर्चा

एनी हैथवे रविवार को 'द एंड ऑफ ओक स्ट्रीट' के प्रीमियर में पहुंचीं।
इस दौरान उन्होंने हॉल्टर टॉप और लो-वेस्ट जींस पहनी थी, जिसमें उनका बेबी बंप साफ नजर आ रहा था।
बताया जा रहा है कि एनी करीब 4 से 5 महीने की प्रेग्नेंट हैं।
हालांकि, उनके इस लुक को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह की बातें होने लगीं और कुछ लोगों ने उनकी प्रेग्नेंसी को नकली तक बता दिया।
इंस्टाग्राम पर दिया मजेदार जवाब ट्रोल्स की बातों का जवाब देने के लिए एनी ने इंस्टाग्राम पर एक बिहाइंड द सीन वीडियो शेयर किया। वीडियो में वह प्रीमियर के लिए तैयार होती नजर आ रही हैं। उनकी टीम उनका मेकअप और हेयरस्टाइल कर रही है। वीडियो में जब स्टाइलिस्ट उनके बालों को पोनीटेल में सेट कर रही थीं, तब एनी ने मजाक में कहा, 'ये मेरे असली बाल नहीं हैं।' इसके बाद उन्होंने वीडियो के कैप्शन में ट्रोल्स को जवाब देते हुए लिखा, 'बाल नकली हैं, लेकिन बेबी बंप असली है।'

### 43 साल की उम्र में तीसरी बार मां बनेंगी एनी

- एनी हैथवे अपने पति एडम शुलमैन के साथ तीसरे बच्चे का स्वागत करने वाली हैं।
- दोनों पहले से दो बेटों के माता-पिता हैं।
- उनके बड़े बेटे जोनाथन की उम्र 10 साल और छोटे बेटे जैक की उम्र 6 साल है।